

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 133 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 26 फरवरी 2023 http://samajjagran.in पेज 12 मूल्य 5 रुपया


## जहर उगल रही है सिद्धिविनायक मेटाकम लिमिटेड कंपनी की चिमनियां!

# जल, जंगल,जमीन , पशु , पक्षी और जनमानस पर छाया संकट की बादल।

**धनंजय कुमार वैद्य, ब्यूरो चीफ झारखंड, चंदन कुमार गुप्ता सहायक ब्यूरो चीफ ,दयाल लायक, ब्यूरो चीफ सरायकेला खरसावां**

सरायकेला (झारखंड) 23 फरवरी 2023 : - सरायकेला जिले के चौका थाना क्षेत्र अंतर्गत रुगड़ि स्थित सिद्धिविनायक मेटा कम लिमिटेड कंपनी जन जीवन से खिलवाड़ कर रही है। कंपनी के चिमनियों से निकलने वाला ,,प्रदूषित ,, धुआं आसपास के वातावरण में जहर घोल रहा है और बढ़ते प्रदूषण के वजह से जनजीवन प्रभावित है । जल्द ही प्रदूषण पर लगाम नहीं लगाए गए तो वह दिन दूर नहीं जब ,, जल, जमीन ,जंगल ,खनिज , संपदा से भरा पड़ा, हरियाली के लिए मशहूर, जंगल ,पहाड़, के लिए जाना जानें वाला राज्य, ,झा-रखंड ,, का अस्तित्व इतिहास के पन्नों में खोजा जायेगा।

**झारखंड प्रदेश के सरायकेला खरसावां में हरयाली,पशु,पक्षी तथा मानव की जिंदगी, की सुधि लेने वाला कोई नहीं।**

सिद्धिविनायक,, कंपनी पर हम या हमारी अखबार ( दैनिक समाज जागरण ) कोइ आरोप नहीं लगा रहे। बल्कि ,, सिद्धिविनायक मेटा कम लिमिटेड,, कंपनी से प्रभावित और पीड़ित गांव के लोगों ने अखबार के समक्ष अपनी पीड़ा सुनाते हुए सिद्धिविनायक कंपनी को जिम्मेदार ठहराया है।

कंपनी के चिमनियों से निकलने वाला धुआं न सिर्फ वातावरण प्रदूषित कर रहा है। बल्कि



दीपक प्रकाश
सांसद (राज्य सभा) झारखंड

DEEPAK PRAKASH
Member of Parliament (Rajya Sabha)
Jharkhand

खेत- खलिहान लोगों पीने के पानी में प्रदूषण की जहर घोल रहा है और इस कंपनी के प्रदूषण की मार पक्षी, पशु, मानव , जल,जमीन और जंगल भी झेल रहे हैं। सिद्धिविनायक कंपनी से प्रभावित , रुगड़ि ,चौका ,चंदुदिह , चावली बसा, पथरा खून ,सिंगति , सहित दर्जनों गांव प्रभावित हैं। यहां के लोग बताते हैं कि कंपनी के प्रदूषण के चलते खेत- खलिहान ,सब्जी की बागवानी कई वर्षो से प्रभावित हो रही है. प्रदूषण के





चलते ग्रामीण बीमार भी हो रहे हैं। क्षेत्रों में मृत्यु दर बढ़ी है। ,इसके बावजूद भी फैलते प्रदूषण को रोकने के बजाय सिद्धिविनायक कंपनी के प्रबंधन ब्यवस्था एवं अधिकारी सभी को मैनेज कर क्षेत्रीय जनता, जल जीवन व हरियाली पर जूल्म की कहर बरपाते आ रहे है। प्रतिफल कंपनी द्वारा सभी को मैनेज कर धड़ल्ले से अपना धंधा चलाते आ रही हैं।

सिद्धिविनायक कंपनी सी एस आर फंड को विस्थापितों पर खर्च नहीं कर रहीं। इनके द्वारा सिर्फ सीएस-ाआर फंड का फर्जी डाटा ही सरकार को भेजे जाते हैं। जनहित में खर्च की जाने वाली 2% की सीएसआर कि राशी को भी कंपनी प्रबंधक, कंपनी को संरक्षण दे रहे अधिकारी ,नेता पुलिस ,लोगों पर ही खर्च कर कम्पनी के विरूद्ध उठने वाले आवाज को दबाने में लगे हुए है ।

***जंगल खेत-खलियान मे पक्षियों की चहचहाहट सुनाई पड़ती थी, जो अब खत्म है। प्रदूषण नियंत्रण की शर्तों को अनदेखी कर रही सिद्धि विनायक कंपनी ।जंगल खेत-खलियान मे पक्षियों की चहचहाहट सुनाई पड़ती थी, जो अब खत्म है। प्रदूषण नियंत्रण की शर्तों को अनदेखी कर रही सिद्धि विनायक कंपनी ।***

**सीएसआर फंड की जांच कराने की लोगों मे उठ रही है मांग ।**

विभिन्न गांव के ग्रामीणों ने बताया कि पर्यावरण और वायु प्रदूषण के चलते गांव के लोग जल्दी बीमार पड़ते हैं। खेतों में उपजने वाले फसल और सब्जियां प्रदूषण के चलते खेतों में ही खराब हो जा रहे हैं। प्रदूषण के चलते पर्यावरण के साथ पशु ,पक्षी , भी प्रभावित हैं। कंपनी प्रोडक्शन चलते इन क्षेत्रों में प्रदूषण इतनी हैं की चिड़ियों ने भी चहकना छोड़ दिया । पर्यावरण के साथ वायु प्रदुषण कर रहि काला धुआं से पशु -पक्षी भी जहां तहां मृत पड़ी दिखाई पड़ते है जो गंभीर चिंता का विषय है।

**जंगल खेत-खलियान मे पक्षियों की चहचहाहट सुनाई पड़ती थी, जो अब खत्म है।**

सिद्धिविनायक कंपनी द्वारा क्षेत्रों में फैल रहे प्रदूषण का असर इतना है कि कंपनी से निकलने वाला डस्ट सोलर ,बोरिंग, जल मीनार ,के सोलर प्लेट पर जम जाता है, जिसके चलते सोलर प्लेट चार्ज तक नहीं हो पाता .। हफ्ते में तकरीबन तीन से चार बार सोलर प्लेट की साफ़ाई करनी पड़ती है. इसके बावजूद भी हर 2 घंटे बाद प्रदूषित धूल पुनः सोलर प्लेट के सतह पर जम जाती है।

**मनुष्य के जीवन के साथ पशु जीवन पर प्रदूषण की मार का नतीजा यह रहा कि विगत वर्षो में कई बार ग्रामीणों द्वारा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में कंपनी द्वारा प्रदूषण फैलाने के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई गई हैं।**

सिद्धिविनायक मेटा कम लिमिटेड , को आस-पास के इलाकों में प्रदूषण फैलाने के एवज में एनजीटी में भी शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके जांचों उपरान्त कार्रवाई की गई थीं.रिपोर्ट के आधार पर ही सिद्धिविनायक मेटा कम लिमिटेड को प्रदूषण फैलाने के एवज में लाखों रुपए का जुमार्ने चुकाने का आदेश दिए गए थे। प्रदूषण नियंत्रण पर्षद बोर्ड के कंपनसेशन क्षेत्रीय पदाधिकारी ने बताया कि जुमार्ना चुकाए जाने के बावजूद भी बावजूद भी कंपनी प्रदूषण फैलाने से बाज नहीं आ रही।

**कंपनी प्रबंधन का दावा प्रदूषण बोर्ड के नियमों का होता है अनुपालन।**

प्रदूषण फैलाने सम्बन्धित मामले को लेकर कंपनी के प्रबंधन ने बताया कि कंपनी द्वारा प्रदूषण स्तर कम करने के सभी मानकों को,, प्रदूषण नियंत्रण परिषद द्वारा जारी नियमों का, सिद्धिविनायक कंपनीअनुपालन करती है। लेकिन समाचार संकलन करने पहुंची टीम के द्वारा ली गई तस्वीर कुछ और ही बयां कर रही है। जो इनके पोल खोलने के लिए काफी है।

**कंपनी के चिमनी से निकल रही यही वह जहरीली धुएं है जिससे दर्जनों गांव के लिए अभिशाप के रूप में प्रदूषण फैला रही है।**

कंपनी द्वारा फैलाए जा रहे हैं प्रदूषण के चलते आस-पास के दर्जनों पंचायत की सकडो गाँव प्रदूषण की चपेट में है। जिसका खुलासा हमारी अखबार आगे की कड़ियों में भी लागातार करती रहेगी । पर्यावरण संरक्षण की मुहिम लगातार चलती चलता रहेगा। फिलहाल जो स्थिति हमने दिखाने की कोशिश की है जिससे साफ जाहिर है कि सिद्धिविनायक कंपनी के प्रदूषण से पशु, पक्षी एवं मानव की जिंदगी खतरे में हैं । और कंपनी चिमनियों द्वारा फैल रहे प्रदूषण से अनेको गाँव चौका, चौलिबसा, सिंगति, पथराखूं, खूंटी, कुर्लि, चंदुडीह, दुबराजपुर ज्यादा प्रभावित हैं ।
उपरोक्त आरोप की संपुष्टि हेतु दैनिक जागरण समाज के ब्यूरो चीफ ने सिद्धिविनायक कंपनी के प्रबंधन से संपर्क किया तो उन्होंने यह जवाब दिया कि मैं तो सभी को मैनेज करके चलता हूं कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।
उपरोक्त संबंध में इस क्षेत्र के स्थानीय विधायक सह अध्यक्षा ,, प्रदूषण नियन्त्रण परिषद बोर्ड,, को जानकारी देते हुए सिद्धि विनायक कंपनी द्वारा बड़े पैमाने पर फैलाए जा रहे वायु प्रदूषण के संबंध में जानकारी देकर प्रदुषण रोकवाने हेतु प्रयास करने का आग्रह किया गया तो , माननीय विधायक सविता महतो ने अखबार के संवाददाता टीम को बताया कि
जल्द ही कंपनी के ऊपर अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। लेकिन देखना यह है कि क्या माननीय द्वारा उक्त कंपनी के ऊपर कोई कार्रवाई भी कर पाएंगी या, कंपनी प्रबंधन इन्हें भी मैंनेज करने की कोशिश करेगी। ।
वही झारखंड राज्य में पर्यावरण संरक्षण , एवं प्रदूषण नियंत्रण , के साथ साथ क्षेत्र में गरीबों के उत्थान के लिए लगातार आवाज बुलंद करने वाली स्वयंसेवी संगठन ,,गौतम बुद्ध



महिला सेवा संस्थान ,, की अध्यक्षा मधुबाला वैद्य ने बताया कि सिद्धिविनायक कंपनी द्वारा बड़े पैमाने पर प्रदूषण फैलाने का कार्य कर रही है उन्होंने पत्र के जरिए सरकार को ध्यान आकृष्ट कराया है जिस पर अविलंब कार्रवाई करने की मांग करते हुए प्रदूषण फैलाने वाली कंपनियों को तत्काल बंद करने की मांग की है।
सिद्धिविनायक कंपनी के प्रबंधन की लापर-वाही की वजह से जल ,जीवन ,जमीन , जंगल पर खतरा मंडरा रहा है , पशु ,पक्षी व



मनुष्य भी शुद्ध हवा के अभाव में अपनी जान गवा रहे हैं । अगर सरकार जल्द ही कोई एक्शन नहीं लेती है तो हमारी संगठन, सिद्धिविनायक कंपनी ,, द्वारा अमानवीय व्यवहार के विरुद्ध जनहित याचिका माननीय उच्च न्यायालय में दायर करने की बात कही।
विभिन्न गांव के ग्रामीणों ने बताया कि पर्यावरण और वायु प्रदूषण के चलते गांव के लोग जल्दी बीमार पड़ते हैं। खेतों में उपजने वाले फसल और सब्जियां प्रदूषण के चलते खेतों में ही खराब हो जा रहे हैं। प्रदूषण के चलते पर्यावरण के साथ पशु ,पक्षी , भी प्रभावित हैं। कंपनी प्रोडक्शन चलते इन क्षेत्रों में प्रदूषण इतनी हैं की चिड़ियों ने भी चहकना छोड़ दिया । पर्यावरण के साथ वायु प्रदुषण कर रहि काला धुआं से पशु -पक्षी भी जहां तहां मृत पड़ी दिखाई पड़ते है जो गंभीर चिंता का विषय है।
ग्रामीणों ने बताया कि पहले जंगल खेत-खलियान मे पक्षियों की चहचहाहट सुनाई पड़ती थी, जो अब खत्म है। सिद्धिविनायक कंपनी द्वारा क्षेत्रों में फैल रहे प्रदूषण का असर इतना है कि कंपनी से निकलने वाला डस्ट सोलर ,बोरिंग, जल मीनार ,के सोलर प्लेट पर जम जाता है, जिसके चलते सोलर प्लेट

- ***ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक सह प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन सविता महतो ही अपने क्षेत्र में प्रदूषण रोकने में हो रही असमर्थ। क्षेत्र की जनता कर रही है त्राहिमाम।***
- ***पूर्वी सिंह भूम से राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने 12 फरवरी 2023 को भिन्न-भिन्न कंपनियों द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण को प्रतिबंधित करने हेतू हेमंत सरकार को चिट्ठी लिखकर अविलंब रोक लगाने की किया मांग ।***
- ***लाखों के जिंदगीयों के साथ हो रहा खिलवाड़ । फसल, रोजगार, सभी हो जायेंगे बर्बाद, वह दिन दूर नहीं जब शुद्ध हवा को तरस जाएंगे झारखंड के सराय केला और पूर्वी सिंहभूम के आवाम।***
- ***प्रदूषण रोकने के बजाय सिर्फ मैनेज के सहारे ही चलाई जा रहीं सिद्धिविनायक कंपनी।***
- ***प्रदूषण रूपी जहर फैलाने का जिम्मेदार कौन? सांसद , स्थानिय विधायक, अधिकारी, पुलिसअधिकारी या जनप्रतिनिधि।***

चार्ज तक नहीं हो पाता .। हफ्ते में तकरीबन तीन से चार बार सोलर प्लेट की सफाई करनी पड़ती है. इसके बावजूद भी हर 2 घंटे बाद प्रदूषित धूल पुनः सोलर प्लेट के सतह पर जम जाती है।

मनुष्य के जीवन के साथ पशु जीवन पर प्रदूषण की मार का नतीजा यह रहा कि विगत वर्षो में कई बार ग्रामीणों द्वारा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में कंपनी द्वारा प्रदूषण फैलाने के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई गई हैं।
सिद्धिविनायक मेटा कम लिमिटेड , को आस-पास के इलाकों में प्रदूषण फैलाने के एवज में एनजीटी में भी शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके जांचों उपरान्त कार्रवाई की गई थीं.रिपोर्ट के आधार पर ही सिद्धिविनायक मेटा कम लिमिटेड को प्रदूषण फैलाने के एवज में लाखों रुपए का जुमार्ने चुकाने का आदेश दिए गए थे। प्रदूषण नियंत्रण पर्षद बोर्ड के कंपनसेशन क्षेत्रीय पदाधिकारी ने बताया कि जुमार्ना चुकाए जाने के बावजूद भी बावजूद भी कंपनी प्रदूषण फैलाने से बाज नहीं आ रही।

## मेले में 40 सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थाओं के स्टाल लगे

# भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, कुशमौर में किसान मेला का किया गया आयोजन

**लगभग 10 हजार किसानों ने प्रतिभाग कर आधुनिक खेती का उपयोग जैसे विषयों पर जानकारी ली**

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, कुशमौर में को 'पारंपरिक मोटे अनाज (श्री अन्न) द्वारा पोषण एवं समृद्धि' विषय पर एक वृहद मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सूर्य प्रताप शाही, कैबिनेट मंत्री, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मोटे अनाजों की खेती एवं उसके उत्पादन से किसानों की आमदनी बढ़ाने पर किसानों को प्रोत्साहित किया गया। मंत्री ने यह भी कहा कि आज आवश्यकता है कि मोटे अनाजों के शोध पर बल दिया जाए ताकि उत्पादन तथा उत्पादकता बढ़ाई जा सके और कृषक समृद्धशाली हो सके। बताया कि भारत सरकार के साथ कदम से कदम मिलाते हुए राज्य सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत 2.15 लाख करोड़ किसानों को 11 हजार करोड़ की धनराशि स्थानांतरित की गई। साथ ही साथ मोटे अनाजों के बाजार खोजना, उसके उचित दाम दिलाना तथा उसका मूल्य संवर्धन करके अधिक से अधिक किसानों को लाभ दिलाना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। संस्थान के निदेशक संजय कुमार एवं मेले के संयोजक अरविंद नाथ सिंह के द्वारा मोटे




अनाजों के उत्पादन के साथ-साथ आधुनिक खेती जैसे उन्नतशील बीजों का उपयोग होन द्वारा रसायन एवं उर्वरकों के छिड़काव पर चर्चा की गई। इस मेले में 40 सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थाओं के स्टाल लगे तथा लगभग 10 हजार किसानों ने प्रतिभाग कर आधुनिक खेती का उपयोग जैसे विषयों पर जानकारी ली। कृषि उपकरणों में आकर्षण का केंद्र रहे ट्रैक्टर के स्टालों से एक ट्रैक्टर भी बिका। वाराणसी, आजमगढ़ गोरखपुर, मिजार्पुर मंगलों के 14 जिलों के 14 प्रगतिशील कृषकों ने संधुआ की खेती की जानकारी लेकर पूर्वी उत्तर प्रदेश में मंधुआ की उन्नतशील खेती तथा उत्पादन में वृद्धि लेंगे। मेले में 5 कृषकों को पोषक अनाज खेती हेतु सम्मानित किया गया। संस्थान द्वारा संचालित अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत 5000 कृषकों को गेहूं की कटाई हेतु हंसिया भी प्रदान किया गया। संस्थान द्वारा 20 कृषकों को 3 किलो मंढूआ के बीज मिनी किट के रूप में वितरित किया गया और एक हजार कृषकों को देने का लक्ष्य है। भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, वाराणसी के निदेश-ाक डीटीके बेहरा ने बताया कि उत्तर प्रदेश अब सब्जी उत्पादन में पूरे देश में अग्रणी स्थान पर है। इस मेले में महुआ की खेती के साथ-साथ अन्य श्री अन्न जैसे कोदो, सांवा, ज्वार, बाजरा, कंगनी, चीना की भी खेती का जीवंत प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति मेले के संयोजक प्रो अरविंद नाथ सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन देकर किया गया ।

# बलिया के चितबड़ागांव में केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी 27 को ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे का करेंगे शिलान्यास, जनसभा को भी करेंगे संबोधित

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : भारत सरकार के भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी 27 फरवरी को बलिया के चितबडागांव में आ रहे हैं। श्याम पैलेस के आगे खेल मैदान में वे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे का शिलान्यास करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। केन्द्रीय मंत्री का प्रोटोकॉल जिला प्रशासन को प्राप्त हो गया है। जिला प्रशासन ने उसे जारी भी कर दिया है।
केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के आगमन को लेकर जारी प्रोटोकॉल के मुताबिक केंद्रीय मंत्री दिन में 11.10 बजे वाराणसी एअरपोर्ट से उड़नखटोला (हैलीकॉप्टर) से बलिया चितबडागांव के लिए प्रस्थान करेंगे। आधा घंटा की उड़ान के बाद वे 11.40 बजे चितबडागांव हेलीपैड पर उतरेंगे। 11.45 बजे से एक बजे तक वे वहां रुकेंगे। इस दौरान वे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे का शिलान्यास कर उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे। एक बजकर 10 मिनट पर मंत्री का हेलीकॉप्टर जौनपुर के लिए प्रस्थान कर जाएगा। केंद्रीय मंत्री चितबडागांव में डेढ़ घंटा समय व्यतीत करेंगे।

### पुलिस अधीक्षक को भी मिला निर्देश

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के आगमन को लेकर पुलिस अधीक्षक को भी निर्देश मिला है कि मंत्री जेड प्लस स-ुरक्षा प्राप्त हैं। उनकी सुरक्षा के मानक को ध्यान में रख



कार्यक्रम स्थल और अगल बगल सुरक्षा का बेहतर प्रबंध किया जाए।

### सीएमओ को मिला निर्देश

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के आगमन को लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी को भी निर्देश मिला है। मंत्री नितिन गडकरी का ब्लड ग्रुप बी+ (बी पाजीटिव) है। इस बाबत इस ग्रुप के रक्त की पर्याप्त व्यवस्था कर सभी सुविधाओं से लैस एंबुलेंस का चिकित्सक टीम का इंतजाम किया जाए।

## भिखारी ने दिखाई दरियादिली, उट रिलीफ फंड में दान किए 50 लाख, झकझोर देगी असल जिंदगी की दर्दनाक कहानी

दान को कई धर्मों में सबसे बड़ा गुण माना गया है. लेकिन ऐसे बहुत कम होता है कि कोई दाम में मिले धन को ही डोनेट कर दे. कुछ ऐसा ही तमिलनाडु के एक भिखारी ने किया. उन्होंने मुख्यमंत्री राहत कोष में करीब 50 लाख रुपये का दान करके एक मिसाल कायम की है. बता दें कि 72 साल के पूलपांडियन ने सीएम रिलीफ फंड में रकम डोनेट की है. तमिलनाडु के तूतूकड़ी जिले के रहने वाले पूलपांडियन ने मई 2020 में भी सीएम राहत कोष में 10 हजार रुपये दान किया था. पूलपांडियन ने CNN News18 को बताया कि वह अकेले हैं और उन्हें भीख के रूप में मिलने वाले इतने पैसों की जरूरत नहीं है.

# बजरंग पुनिया

बजरंग पुनिया जन्म- 26 फरवरी, 1994, झज्जर, हरियाणा प्रसिद्ध भारतीय फ्रीस्टाइल पहलवान हैं। उन्हें भारत के सबसे होनहार फ्रीस्टाइल पहलवानों में से एक माना जाता है। बजरंग पुनिया टीटीई (यात्रा टिकट परीक्षक) के पद पर भारतीय रेलवे में तैनात हैं। उन्होंने हाल ही में बर्मिंघम, इंग्लैंड में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल 2022 (कॉमनवेल्थ गेम्स) में देश के लिये स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने पुरुषों के 65 कि.ग्रा. भार वर्ग के फ्रीस्टाइल कुश्ती मुकाबले के फाइनल में कनाडा के लाचलन मैकनील को 9-2 से हराकर यह पदक जीता।

इससे पहले वह 2013 में एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूनामेंट जीत चुके हैं, जिसमें उन्होंने देश के लिए कांस्य जीता था। 2018 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में रजत जीतने के बाद उन्होंने 65 कि.ग्रा. वर्ग में विश्व नंबर एक का दावा किया। बजरंग पुनिया ने रूस के डैन कोलोव-निकोला पेट्रोव टूनामेंट में स्वर्ण पदक, भारतीय वायु सेना (आईएएफ) विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान को समर्पित किया था। ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक, 2020 (टोक्यो ओलम्पिक) में बजरंग पुनिया ने 65 किलो भार वर्ग के फ्रीस्टाइल कुश्ती मुकाबले में कजाकिस्तान के दौलत नियाजबेकोव को हराकर काँस्य पदक पर अपना कब्जा जमाया है। यह भारत का टोक्यो ओलंपिक में छठा पदक है।

### परिचय
बजरंग पुनिया का जन्म 26 फरवरी 1994 को झज्जर गाँव, हरियाणा में हुआ था। उनके पिता का नाम बलवान सिंह पुनिया तथा माता का नाम ओमप्यारी है। उनके पिता एक पेशेवर पहलवान हैं। उनके भाई का नाम हरिंदर पुनिया हैं और वे भी एक पहलवान हैं।[1]

### शिक्षा
बजरंग पुनिया की प्रारंभिक शिक्षा उनके गांव में ही पूरी हुई। 7 साल की उम्र में कुश्ती शुरू की और उन्हें उनके पिता द्वारा बहुत सहयोग मिला। जिसके बाद बजरंग ने महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी से अपना ग्रेजुएशन पूरा किया। बजरंग पूनिया ने भारतीय रेलवे में टिकट परीक्षक का भी काम किया। योगेश्वर दत्त उनके कोच हैं।

### कॅरियर
**बजरंग पुनिया**
2013 में एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप सेमीफाइनल में भारत, नई दिल्ली में बजरंग पुनिया ने दक्षिण कोरिया के ह्यह्वांग रियॉन्ग-हाकह्ल को 3-1 से हराकर पुरुष फ्री स्टाइल 60 किलो वर्ग में कांस्य पदक जीता। 16वें राउंड में बजरंग पुनिया ने जापान के ह्यशोगो मेदाह्ल का सामना किया और उन्हें 3-1 से हराया। क्वार्टर फाइनल में उनके प्रतिद्वंद्वी ईरान के ह्यमोराद हसनह्ल थे, बजरंग पुनिया ने सेमीफाइनल में जाने के लिए अपने प्रतिद्वंद्वी ह्यमोराद हसनह्ल को 3-1 से हराया।[1]
इसके बाद में बजरंग ने 2013 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप बुडापेस्ट, हंगरी में 60 कि.ग्रा वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया था।
2014 वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप -16वें राउंड में, बजरंग पुनिया ने इंग्लैंड के ह्यसाशा मद्यार्किकह्ल का सामना किया और उन्हें 4-0 से हराया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के ह्यमार्नो प्लाजाजीह्ल का सामना किया और 4-1 से जीत दर्ज की। नाइजीरियाई पहलवान अमास डैनियल सेमीफाइनल में बजरंग पुनिया के प्रतिद्वंद्वी थे और अमास डैनियल ने 3-1 से बजरंग पुनिया को हराया। इस प्रकार इन्हें 2014 की वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता।
2014 एशियन गेम्स झ दक्षिण कोरिया के इचियन में, बजरंग पुनिया ने ईरान के ह्यमसूद एस्मेलिपूरजौबारी से मुकाबला किया और 1-3 से ह्यमसूद एस्मेलिपूरजौबारी को हराकर पुरुषों की फ्रीस्टाइल 61 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल जीता। साल 2014 के राष्ट्रमंडल खेल ग्लासगो, स्कॉटलैंड में 61 कि.ग्रा वर्ग में रजत पदक जीता।
साल 2014 में ही एशियाई खेल इनचियन, दक्षिण कोरिया में फिर से रजत पदक अपने नाम किया।
2015 वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप झ अपने साथी नरसिंह यादव के विपरीत, बजरंग पुनिया लास वेगास में टूनामेंट में पदक जीतने में कामयाब नहीं हो पाए और 5वें स्थान पर रहे। 32वें राउंड में मंगोलिया के ह्यबैटबोल्डिन नोमिन बजरंग पुनिया के प्रतिद्वंद्वी थे, जिन्होंने बजरंग पुनिया को 10-0 से हराया।
एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2017, दिल्ली में बजरंग पूनिया ने गोल्ड मेडल जीता था।
2018 कॉमनवेल्थ गेम्स - ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में बजरंग पुनिया ने पुरुषों की फ्रीस्टाइल 65 किलोग्राम श्रेणी में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने वेल्स के केन चरिग को हराकर यह स्वर्ण पदक जीता था।
2018 एशियन गेम्स झ 19 अगस्त को बजरंग पुनिया ने पुरुषों की फ्रीस्टाइल 65 किलोग्राम रेसलिंग में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने जापानी पहलवान तकातनानी दाची को 11-8 से हराया, स्कोर पहले राउंड के बाद 6-6 पर अटक गया था।
बजरंग पूनिया अब तक कुल 5 गोल्ड, 3 ब्रोन्ज, 4 सिल्वर मेडल जीत चुके हैं। उन्होंने 2013 में एशियाई



कुश्ती चैंपियनशिप में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूनामेंट जीता, जिसमें देश के लिए कांस्य जीता।
2018 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में रजत जीतने के बाद उन्होंने 65 कि.ग्रा. वर्ग में विश्व नंबर एक का दावा किया।
बजरंग पुनिया ने रूस के डैन कोलोव-निकोला पेट्रोव टूनामेंट में स्वर्ण पदक, भारतीय वायु सेना (आईएएफ) विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान को समर्पित किया।
राष्ट्रमंडल खेल, 2022
बजरंग पुनिया ने बर्मिंघम, इंग्लैंड में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल 2022 में देश के लिये स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने पुरुषों के 65 कि.ग्रा. भार वर्ग के फ्रीस्टाइल कुश्ती मुकाबले के फाइनल में कनाडा के लाचलन मैकनील को 9-2 से हराकर यह पदक जीता। टोक्यो ओलंपिक, 2020 के कांस्य पदक विजेता बजरंग पुनिया ने मैच की शुरूआत से ही मेकनील पर दबाव बनाना शुरू कर दिया, जबकि मेकनील उनके सामने बेअसर नजर आये। गत चैम्पियन बजरंग पुनिया मौरिशस के जीन गुलियाने जोरिस बांडोऊ को महज एक मिनट में पटखनी देकर 6-0 की जीत से सेमीफाइनल में पहुंचे थे। उन्हें क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में दो मिनट से भी कम समय लगा, जिसके लिये उन्होंने शुरूआती दौर में नौरू के लोवे बिंघम को गिराकर 4-0 से आसान जीत दर्ज की। बजरंग पुनिया ने एक मिनट अपने प्रतिद्वंद्वी को समझने में लिया और फिर 'जकड़ने' की स्थिति से अचानक बिघंम को पटक कर मुकाबला खत्म कर दिया। बिंघम को इस अचानक से हुए दांव का पता नहीं चला और भारतीय पहलवान ने आसानी से जीत दर्ज की।

### वर्ल्ड रेसलिंग चैम्पियनशिप
भारतीय पहलवान बजरंग पुनिया ने वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक अपने नाम किया। ओलंपिक कांस्य पदकधारी बजरंग पुनिया ने इस वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में भारत को दूसरा पदक दिलाया। उनसे पहले महिला पहलवान विनेश फोगाट ने भी कांस्य पदक जीता था। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 के स्वर्ण पदक विजेता बजरंग पुनिया ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य अपने नाम किया। उन्होंने पुएर्टो रिको के सेबस्टियन रिवेरा को 11-9 से करारी पटखनी दी। बजरंग को इससे पहले क्वार्टर फाइनल में जॉन दियाकोमिहालिस के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद उन्होंने रेपचेज में कांस्य पदक जीत लिया। बजरंग पुनिया का अपने कॅरियर में वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में अब तक का यह चौथा पदक है। उन्होंने इससे पहले 2013 में कांस्य, 2018 में रजत और फिर 2019 में कांस्य पदक जीता था।

# वीर सावरकर

विनायक दामोदर सावरकर (जन्म- 28 मई, 1883, भगूर गाँव, नासिक; मृत्यु- 26 फरवरी, 1966, मुम्बई, भारत) न सिर्फ.एक क्रांतिकारी थे बल्कि एक भाषाविद, बुद्धिवादी, कवि, अप्रतिम क्रांतिकारी, दृढ राजनेता, समर्पित समाज सुधारक, दार्शनिक, द्रष्टा, महान्‌ कवि और महान्‌ इतिहासकार और ओजस्वी आदि वक्ता भी थे। उनके इन्हीं गुणों ने महानतम लोगों की श्रेणी में उच्च पायदान पर लाकर खड़ा कर दिया।

### जन्म
वीर सावरकर का पूरा नाम विनायक दामोदर सावरकर था। अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने वाले विनायक दामोदर सावरकर साधारणतया वीर सावरकर के नाम से विख्यात थे। वीर सावरकर का जन्म 28 मई 1883 को नासिक के भगूर गाँव में हुआ। उनके पिता दामोदरपंत गाँव के प्रतिषठित व्यक्तियों में जाने जाते थे। जब विनायक नौ साल के थे तभी उनकी माता राधाबाई का देहांत हो गया था। विनायक दामोदर सावरकर, 20वीं शताब्दी के सबसे बड़े हिन्दूवादी थे। उन्हें हिन्दू शब्द से बेहद लगाव था। वह कहते थे कि उन्हें स्वातन्त्रय वीर की जगह हिन्दू संगठक कहा जाए। उन्होंने जीवन भर हिन्दू हिन्दी हिन्दुस्तान के लिए कार्य किया। वह अखिल भारत हिन्दू महासभा के 6 बार राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए। 1937 में वे 'हिन्दू महासभा' के अध्यक्ष चुने गए और 1938 में हिन्दू महासभा को राजनीतिक दल घोषित किया था। 1943 के बाद दादर, मुंबई में रहे। बाद में वे निर्दोष सिद्ध हुए और उन्होंने राजनीति से सन्न्यास ले लिया।

### शिक्षा
वीर सावरकर ने शिवाजी हाईस्कूल नासिक से 1901 में मैट्रिक की परीक्षा पास की। बचपन से ही वे पढ़ाकू थे। बचपन में उन्होंने कुछ कविताएँ भी लिखी थीं। फर्ग्युसन कॉलेज पुणे में पढ़ने के दौरान भी वे राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत ओजस्वी भाषण देते थे। जब वे विलायत में कानून की शिक्षा प्राप्त कर रहे थे, तभी 1910 ई. में एक हत्याकांड में सहयोग देने के रूप में एक जहाज द्वारा भारत रवाना कर दिये गये।

### क्रांतिकारी संगठन की स्थापना
1940 ई. में वीर सावरकर ने पूना में ह्यअभिनव भारतीह्ल नामक एक ऐसे क्रांतिकारी संगठन की स्थापना की, जिसका उद्देश्य आवश्यकता पड़ने पर बल-प्रयोग द्वारा स्वतंत्रता प्राप्त करना था। आजादी के वास्ते काम करने के लिए उन्होंने एक गुप्त सोसायटी बनाई थी, जो 'मित्र मेला' के नाम से जानी गई।
सावरकर वे पहले कवि थे, जिसने कलम-कागज के बिना जेल की दीवारों पर पत्थर के टुकड़ों से कवितायें लिखीं। कहा जाता है उन्होंने अपनी रची दस हजार से भी अधिक पंक्तियों को प्राचीन वैदिक साधना के अनुरूप वर्षोंस्मृति में सुरक्षित रखा, जब तक वह किसी न किसी तरह देशवासियों तक नहीं पहुच गई। सावरकर के संघर्ष 1910 ई. में एक हत्याकांड में सहयोग देने के रूप में वीर सावरकर एक जहाज द्वारा भारत रवाना कर दिये गये। परन्तु फ्रांस के मार्सलीज बन्दरगाह के समीप जहाज से वे समुद्र में कूदकर भाग निकले, किन्तु पुनः पकड़े गये और भारत लाये गये। भारत की स्वतंत्रता के लिए किए गए संघर्षों में वीर सावरकर का नाम बेहद महत्त्वपूर्ण रहा है। महान्‌ देशभक्त और क्रांतिकारी सावरकर ने अपना संपूर्ण जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया। अपने राष्ट्रवादी विचारों से जहाँ सावरकर देश को स्वतंत्र कराने के लिए निरन्तर संघर्ष करते रहे वहीं दूसरी ओर देश की स्वतंत्रता के बाद भी उनका जीवन संघर्षों से घिरा रहा।

### जेल यात्रा
एक विशेष न्यायालय द्वारा उनके अभियोग की सुनवाई हुई और उन्हें आजीवन कालेपानी की दुहरी सजा मिली। सावरकर 1911 से 1921 तक अंडमान जेल (सेल्यूलर जेल) में रहे। 1921 में वे स्वदेश लौटे और फिर 3 साल जेल भोगी। 1937 ई. में उन्हें मुक्त कर दिया गया था, परन्तु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को उनका समर्थन न प्राप्त हो सका 1947 में इन्होंने भारत विभाजन का विरोध किया। महात्मा रामचन्द्र वीर (हिन्दू महासभा के नेता एवं सन्त) ने उनका समर्थन किया। और 1948 ई. में महात्मा गांधी की हत्या में उनका हाथ होने का संदेह किया गया। इतनी मुशकि लों के बाद भी वे झुके नहीं और उनका देशप्रेम का जज्बा बरकरार रहा और अदालत को उन्हें तमाम आरोपों से मुक्त कर बरी करना पड़ा।

## बैठकी

# खलिस्तानियों के समक्ष घुटने टेकती- पंजाब पुलिस

## ए सरजी, पंजाब में अब खलिस्तानियों का कब्जा हो जायेगा क्या!!-- सोफे के एक ओर बैठते हीं मास्टर साहब बोल पड़े!

**समाज जागरण**

काहे मास्टर साहब! का हो गईल!!-- मुखियाजी भी पुछ बैठे!
अजी, गुरुवार को खलिस्तान समर्थक और "वारिस पंजाब दे" संगठन का प्रमुख अमृतपाल सिंह, ने अपने हथियारों से लैस,समर्थकों के साथ, साथी लवप्रित तुफान सिंह के रिहाई के लिए अजनाला थाने पर जिस तरह का बवाल मचाया कि वो अराजकता और पुलिस की बेबसी का उदाहरण बन गया है!-- मास्टर साहब चुप हुए तभी कुंवरजी बोल पड़े----
"" बिलकुल सही कहा आपने! ये तलवार, लाठी, डंडे से थाने को घेर हीं नहीं लिये बल्कि थाने पर कब्जा भी कर लिये थे! उनलोगों के साथ झड़प में 6 पुलिस कर्मी घायल भी हो गये! पुलिस इन खलिस्तान समर्थकों के डर से गिरफ्तार मुजरिम को रिहा कर दी!""

सोचने वाली बात तो ये भी है कि पुलिस कर्मियों को घायल करने वालों पर कोई एक्शन भी नहीं लिया गया! --- सुरेन्द्र भाई सोंच कर!

ए भाई लोग, ये खालिस्तान समर्थक जहाँ एक ओर कानून और व्यवस्था को खत्म कर रहे हैं तो दुसरी ओर पंजाब में नशा का कारोबार भी बेलगाम होता जा रहा है! ---पारस नेता ने समस्या रखा!

ए सरजी, मुझे जानकारी है कि बुधवार को हीं अगले दिन अर्थात वृहस्पति वार को 11 बजे विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया था तब पुलिस ने सुरक्षा का पर्याय इंतजाम क्यों नहीं किया था!! पुलिस का इंटेलिजेंस विभाग कान में रुई डाल कर क्यों सोया रहा!! जब पहले से जानकारी थी तो अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था क्यों नहीं की गई थी!! अमृतपाल द्वारा लगातार, खलिस्तान के समर्थन में बोलने के बावजूद उसके विरुद्ध एक्शन क्यों नहीं लिया गया था!!
इस तरह के कई प्रश्न उठ रहे हैं! -- सुरेन्द्र भाई गंभीर दिखे!

इसबीच बेटा चाय की ट्रे रख गया और हम सभी चाय की चुस्कियों के साथ चर्चा में आगे की ओर----

मुखियाजी, पंजाब में बेकाबू होते हालातों के मद्देनजर, अभिनेत्री कंगना रनौत जो राष्ट्रवादी विचारधारा के लिए प्रसिद्ध हो चली है, ने सोसलमिडिया में लिखतीं हैं कि-- "पंजाब में आज जो कुछ हो रहा है उसे दो साल पहले मैं भविष्यवाणी की थी! जिसमें मुझपर कई मामले दर्ज किये गए थे! मेरे खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था! मेरी कार पर हमले किये गए थे! वही हुआ जो हमने कहा था! अब समय आ गया है जब गैर खालिस्तानी सिख अपनी पोजीशन और इरादों को स्पष्ट करे!"--- कुंवरजी हाथ चमकाये!

ए सरजी! इ खालिस्तान और खालिस्तानी आंदोलन के तनी समझायीं त!! --- मुखियाजी मेरी ओर देखकर!

मुखियाजी, खालिस्तान का अर्थ होता है- "खालसे की सरजमीन"! पंजाब राज्य के सिख अलगाववादियों द्वारा प्रस्तावित देश को ये नाम दिया गया! इसमें पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली तथा राजस्थान, उत्तराखंड एवं उत्तरप्रदेश के कुछ क्षेत्र शामिल हैं! ये 29 अप्रैल 1986 भारत से एकतरफा आजादी की घोषणा की और 1993 में खालिस्तान यूएनपीओ का सदस्य बना! 1980-1990 के समय खण्ड में ये आंदोलन अपनी पराकाष्ठा पर था लेकिन 1995 तक भारत सरकार ने इस आंदोलन को दबा दिया! --- मैं चुप हुआ!

मुखियाजी, प्रवासी सिखों के वितीय एवं राजनीतिक समर्थन और पाकिस्तान के आईएसआई के पूर्ण सहयोग से हीं पंजाब में खालिस्तानी आंदोलन फला-फूला! अजी, 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद पाकिस्तानी प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो ने जगजीत सिंह चौहान के साथ खालिस्तान बनाने में मदद का प्रस्ताव दिया था! खालिस्तानी आंदोलन 1984 से 1995 तक चला जिसे कुचलने के लिए भारत सरकार और सेना ने आप्रेशन ब्लू स्टार, आप्रेशन वुड रोज, आप्रेशन ब्लैक थंडर-1 और -2 चलाये तब जाकर उग्रवाद काबू में आया! आप्रेशन ब्लु स्टार के तहत हीं न,स्वर्णमंदिर में छिपे भिंडरवाला मारा गया था और फिर स्वर्णमंदिर पर सैनिक कार्यवाई से नाराज सिख अंगरक्षक द्वारा स्व. इंदिरा गांधी की हत्या कर दी गई थी! --- सुरेन्द्र भाई को पिछला याद रहा!

देखिये, जिस तरह भारत ने पाकिस्तान को बंगलादेश के रूप में दो टुकड़े कर दिया उसी का बदला पाकिस्तान, खालिस्तान बनाकर भारत को कमजोर करके लेना चाहता है! इसके लिए आईएसआई ने "खालिस्तान घोषणापत्र" तैयार किया है! जिसके अंतर्गत खालिस्तानी अलगाववादियों को संगठित करने, के साथ साथ पैसा और हथियार मुहैय्या कराना शामिल है! विदेशों में भी जैसे- कनाडा, यूके, दुबई, आस्ट्रेलिया आदि के प्रवासी भी, खालिस्तानी समर्थित आंदोलन करते दिखते हैं! ---पारस नेता अपनी रखे!

सुनिये! अभी की देखिये! अमृतपाल सिंह अजनाला थाने से खुलकर खालिस्तान का मुद्दा उठाया और धमकाया भी कि जो खालिस्तान का विरोध करेगा उसका वही हाल कर देंगे जो खालिस्तान का विरोध करने पर इंदिरा गांधी का हुआ था! हमें कोई नहीं रोक सकता चाहे भगवंत मान या अमित शाह हों या खुद नरेंद्र मोदी हीं क्यों न हों! --- कुंवरजी चिंतित लगे!

ए भाई लोगन, इ त बड़ा भारी समस्या लउकत ह ! बाकी मोदीजी जरूर, कुछ न कुछ उपाय करबे करब! अच्छा आज अतने फेरु काल्हु! -- कहकर मुखियाजी खड़े हो गये और इसके साथ हीं बैठकी भी!!!



**प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक ( समाजशास्त्री)**

# आनंदी गोपाल जोशी

आनंदी गोपाल जोशी (जन्मः 31 मार्च, 1865, पुणे; मृत्युः 26 फरवरी, 1887) पहली भारतीय महिला थीं, जिन्होंने डॉक्टरी की डिग्री प्राप्त की थी। जिस दौर में महिलाओं की शिक्षा भी दूभर थी, उस समय विदेश जाकर डॉक्टरी की डिग्री हासिल करना उनके लिए एक मिसाल थी। आनंदी गोपाल जोशी का व्यक्तित्व महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत था। उन्होंने सन 1886 में अपने सपने को साकार रूप दिया। जब उन्होंने डॉक्टर बनने का निर्णय लिया था तो उनकी समाज में काफी आलोचना हुई थी कि एक विवाहित हिन्दू स्त्री विदेश (पेनिसिल्वेनिया) जाकर डॉक्टरी की पढ़ाई करे। लेकिन आनंदीबाई एक दृढ़निश्चयी महिला थीं और उन्होंने आलोचनाओं की तनिक भी परवाह नहीं की। यही वजह थी कि उन्हें पहली भारतीय महिला डॉक्टर होने का गौरव प्राप्त हुआ।

### परिचय
डॉक्टर आनंदी गोपाल जोशी का जन्म एक मराठी परिवार में 31 मार्च, 1865 को कल्याण, थाणे, महाराष्ट्र में हुआ था। माता-पिता ने उनका नाम यमुना रखा। उनका परिवार एक रूढ़िवादी मराठी परिवार था, जो केवल संस्कृत पढ़ना जानता था। उनके पिता जमींदार थे। ब्रिटिश शासकों द्वारा महाराष्ट्र में जमींदारी प्रथा समाप्त किए जाने के बाद उनके परिवार की स्थिति बेहद खराब हो गई। वे किसी तरह अपना गुजर-बसर कर रहे थे। ऐसे ही परिवार में जन्मी आनंदी गोपाल उर्फ यमुना का विवाह नौ वर्ष की उम्र में ही उनसे 20 वर्ष बड़े एक विधुर से कर दिया गया। हिंदू समाज के रिवाज के अनुसार विवाह के बाद उनका नाम यमुना से बदल कर आनंदी रख दिया गया और वे आनंदी गोपाल जोशी नाम से जानी जाने लगीं।[1]

### डॉक्टर बनने का संकल्प
आनंदी गोपाल जोशी उस समय मात्र चौदह साल की थीं, जब उन्होंने अपने बेटे को जन्म दिया। लेकिन दुर्भाग्यवश उचित चिकित्सा के अभाव में दस दिनों में ही उसका देहांत हो गया। इस घटना से उन्हें गहरा सदमा पहुंचा। वह भीतर-ही-भीतर टूट-सी गईं। उनके पति गोपाल राव एक प्रगतिशील विचारक थे और महिला-शिक्षा का समर्थन भी करते थे। आनंदी गोपाल जोशी ने कुछ दिनों बाद अपने आपको संभाला और खुद एक डॉक्टर बनने का निश्चय लिया। वह चिकित्सा के अभाव में असमय होने वाली मौतों को रोकने का प्रयास करना चाहती थीं, चूँकि उस समय भारत में ऐलोपैथिक डॉक्टरी की पढ़ाई की कोई व्यवस्था नहीं थी, इसलिए पढ़ाई करने के लिए विदेश जाना पड़ता था।[2]

रूढ़िवादी हिंदू समाज का विद्रोह
आनंदी गोपाल जोशी द्वारा अचानक लिए गए फैसले से परिजन और आस-पड़ोस में विरोध की लहर उठ खड़ी हुई। उनकी काफी आलोचना भी की गयी। समाज को यह कतई स्वीकार नहीं था कि एक विवाहित हिन्दू महिला विदेश जाकर डॉक्टरी की पढ़ाई करे,



क्योंकि उन्हें आशंका थी कि वहां जाकर दोनों पति-पत्नी अपना धर्म बदल कर ईसाई धर्म अपना लेंगे। जब यह बात आनंदी राव को पता चली तो उन्होंने सिरमपुर कॉलेज के हॉल में लोगों को जमा करके यह ऐलान किया कि- "मैं केवल डॉक्टरी की उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अमेरिका जा रही हूं। मेरा इरादा न तो धर्म बदलने का है और न वहां नौकरी करने का। मेरा मकसद भारत में रह कर यहां के लोगों की सेवा करने का है, क्योंकि भारत में एक भी महिला डॉक्टर नहीं है, जिसके अभाव में असमय ही बहुत-सी महिलाओं और बच्चों की मौत हो जाती है।" आनंदी गोपाल जोशी के भाषण का रूढ़िवादी लोगों पर व्यापक असर हुआ और पूरे देश से उनकी डॉक्टरी की पढ़ाई के लिए मदद देने के लिए पेशकश की गई।[3]

### संघर्षकालीन समय
आनंदी गोपाल जोशी के इस वक्तव्य के प्रकाशित होने के बाद पूरे भारत ने उन्हें सहायता प्रदान की, यहां तक की वाइसराय ने भी उन्हें 200 रुपये की सहायता राशि भेजी। उन्होंने अपने सोने के सभी आभूषण बेच दिए और कुछ यूरोपियन महिलाओं के साथ कोलकाता से न्यूयॉर्क के लिए रवाना हो गईं, जहां जून 1883 में उनकी मुलाकात मिसेज कारपेंटर से हुई। इसके बाद उन्होंने वीमेन्स कॉलेज ऑफ फिलाडेल्फिया के मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए आवेदन किया और शीघ्र ही कॉलेज के डीन का पत्र उन्हें मिला, जिसमें उनसे कॉलेज में प्रवेश लेने के लिए कहा गया था। अमेरिका आनंदी के लिए एक अजनबी शहर था। वहां की बहुत सारी बातें उन्हें समझ नहीं आती थीं। उनके और अमेरीकियों के रहन-सहन और खान-पान में बहुत अंतर था। लेकिन उनके और मिसेज कारपेंटर के बीच एक आत्मीय रिश्ता कायम हो गया था। कॉलेज के सुपरिंटेंडेट और सेक्रेट्री इस बात से बहुत प्रभावित थे कि एक लड़की सामाजिक विरोधों को झेलते हुए यहां इतनी दूर पढ़ने आयी है। उन्होंने तीन साल की उनकी पढ़ाई के लिए 600 डॉलर की स्कॉलरशिप मंजूर कर दी।

लेकिन समस्याएं अभी खत्म नहीं हुई थीं। उनके वस्त्र वहां की सर्दी के अनुकूल नहीं थे। नौ गजी महाराष्ट्रियन साड़ी पहनने पर उनकी कमर और हाथ खुले रहते थे। जबकि पश्चिमी पोशाकें सर्दी से बचाव के लिए ज्यादा उपयुक्त थीं। वैसे उनके पति ने उन्हें आश्वस्त किया था कि यदि वे मांसाहार करती हैं और पश्चिमी ढंग की पोशाक पहनती हैं तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी, लेकिन वे इसके लिए खुद को तैयार नहीं कर पा रही थीं। उन्होंने 'गीता' का स्मरण किया, जिसमें कहा गया है कि- "शरीर तो मात्र आत्मा का आवरण है जो अपवित्र नहीं हो सकता।" उन्होंने सोचा कि अगर यह सत्य है तो मेरे पश्चिमी सभ्यता के वस्त्र पहनने से मेरी आत्मा कैसे अपवित्र हो सकती है? काफी सोचने-विचारने के बाद उन्होंने गुजराती ढंग से साड़ी पहनने का निश्चय किया और अपने पति को इस बात की सूचना भी दे दी। कॉलेज की तरफ से उनको रहने के लिए जो कमरा दिया गया था, उसका फायर प्लेस ठीक से काम नहीं करता था। लकड़ियां जलाते वक्त उससे लगातार धुँआ उठता रहता। उनके पास दो ही विकल्प थे या तो ठंड में रहो या धुँएं में। उन्होंने दूसरा कमरा तलाश करने की कोशिश की, लेकिन कोई भी भारतीय हिंदू लड़की को जो डॉक्टर बनने की कोशिश कर रही थी, कमरा देने को तैयार नहीं था। लगातार डेढ़-दो साल तक उस कमरे में रहने के कारण उन्हें बुखार और खाँसी की शिकायत हो गई।

### देश की पहली महिला डॉक्टर
डॉक्टर आनंदी गोपाल जोशी के पति गोपाल राव ने हर कदम पर उनकी हौसला बढ़ाया। साल 1883 में आनंदी गोपाल ने अमेरिका (पेनसिल्वेनिया) की जमीन पर कदम रखा। उस दौर में वे किसी भी विदेशी जमीन पर कदम रखने वाली पहली भारतीय हिंदू महिला थीं। न्यू जर्सी में रहने वाली थियोडिशिया ने उनका पढ़ाई के दौरान सहयोग किया। उन्नीस साल की उम्र में साल 1886 में आनंदीबाई ने एम.डी कर लिया। डिग्री लेने के बाद वह भारत लौट आई। जब उन्होंने यह डिग्री प्राप्त की, तब महारानी विक्टोरिया ने उन्हें बधाई-पत्र लिखा और भारत में उनका स्वागत एक नायिका की तरह किया गया।

### मृत्यु
डॉक्टर आनंदी राव जोशी 1886 के अंत में भारत लौट आईं और अल्बर्ट एडवर्ड अस्पताल, प्रिंसलि स्टेट ऑफ कोल्हापुर में एक महिला डॉक्टर के रूप में चार्ज ले लिया। लेकिन कुछ ही दिनों बाद ही वह टीबी की शिकार हो गई, जिससे 26 फरवरी, 1987 को मात्र इक्कीस साल की उम्र में उनका निधन हो गया। उनके जीवन पर कैरोलिन विल्स ने साल 1888 में बायोग्राफी भी लिखी। इस बायोग्राफी को दूरदर्शन चैनल पर ह्यआनंदी गोपालह्ल नाम से हिंदी टीवी सीरियल का प्रसारण किया गया जिसका निर्देशन कमलाकर सारंग ने किया था।[1]

### आनंदी गोपाल जोशी पर जारी गूगल-डूडल
**गूगल डूडल**
गूगल ने 31 मार्च, 2018 को भारत की पहली महिला डॉक्टर आनंदी गोपाल जोशी की 153वीं जयंती पर उन्हें एक खास डूडल बनाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। गूगल ने अपने इस खास डूडल में आनंदी गोपाल जोशी को हाथ में डिग्री पकड़े हुए दशार्या है। इसके साथ ही उन्होंने अपने गले में स्टेथोस्कोप भी लटका रखा है। आनंदी गोपाल जोशी डॉक्टर बनने वाली भारत की पहली थीं, जिन्होंने अमेरिका से क्वालीफाई किया। यही नहीं, अमेरिकी धरती पर कदम रखने वाली आनंदी जोशी पहली भारतीय महिला भी थीं।

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

## बिजली बिल बनावाने में कर्मियों का सहयोग करेंगे अब पंचायत सहायक

### प्रयोग के तौर पर यह व्यवस्था विद्युत उपकेंद्र चितबडागांव में गई शुरू



**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : गांव में बिजली बिल से सम्बंधित समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी की पहल पर ग्राम पंचायत में बिजली बिल जारी करने के लिए तैनात मीटर रीडर अब पंचायत सहायक की निगरानी में गांव में जाकर मीटर रीडिंग का काम करेंगेक अभी प्रयोग के तौर पर यह व्यवस्था विद्युत विभाग के चित्तबड़ागांव सब स्टेशन से प्रारम्भ की गयी हैक

उसके तहत चित्तबड़ागांव सब स्टेशन के कारो फीडर, नरही फीडर तथा टाउन फीडर के समस्त ग्राम पंचायत में मीटर रीडिंग करने हेतु तिथिवार रोस्टर तैयार किया गया है। चितबड़ॉगांव उपकेंद्र पर आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा ने कहा की सभी ग्राम पंचायत के सरकारी भवनों पर मीटर रीडर का नाम तथा मोबाइल नंबर अंकित किया जायेगा। मीटर रीडर अपने निर्धारित रोस्टर के अनुसार ग्राम पंचायत में जाकर बिजली बिल जारी करने का कार्य करेंगे।

बैठक में उपायुक्त स्वतः रोजगार, अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग, सहायक अभियंता विद्युत विभाग, खंड विकास अधिकारी सोहांव तथा हनुमानगंज, सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी), पंचायत सहायक तथा मीटर रीडर मौजूद थे।

## थाना दोकटी और रेवती में पकड़े गए दो-दो मुन्ना भाई




समाज जागरण बलिया : नकल विहीन बोर्ड की परीक्षा कराने के संकल्प में उतरा पुलिस प्रशासन अपने मिशन में कामयाब होता दिख रहा है। शनिवार को चार मुन्ना भाई फिर पकड़े गए। दो दोकटी थाना क्षेत्र में तो रेवती थाना क्षेत्र में पकड़े गए। बैरिया प्रतिनिधि नित्यानंद सिंह के मुताबिक थानाध्यक्ष दोकटी मदन पटेल मय हमराह द्वारा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वाले दो अभियुक्त आदित्य कुमार मिश्र पुत्र कैलाश नाथ मिश्रा और अभिषेक कुमार सिंह पुत्र आनन्द सिंह निवासीगण बादिलपुर थाना हल्दी जनपद बलिया को महात्मा गाँधी इण्टर कालेज से गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगण उपरोक्त को न्यायालय के सिपुर्द किया।

रेवती प्रतिनिधि ऋतुराज तिवारी बिन्दू के मुताबिक

रेवती के प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह मय पुलिस बल द्वारा चेकिंग के दौरान परीक्षा में दूसरे के बजाय परीक्षा दे रहे दो अभियुक्तों मुन्ना यादव पुत्र श्रीनाथ यादव निवासी रत्तिछपरा थाना रेवती और छोटू कुमार राजभर पुत्र रमाशंकर राजभर निवासी जगदीशपुर (बाबा का डेरा) थाना सहतवार को क्रमशः पीडी इण्टर कालेज गायघाट थाना रेवती व रेवती इण्टर कालेज थाना रेवती को गिरफ्तार कर मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

## लाखों की लागत से निर्मित आर ओ मशीन चालू करने के लिए प्रदर्शन

**कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया) : नगर पंचायत द्वारा फुटानी चौक पर लाखों की लागत से चार माह पूर्व स्थापित किया गया आरओ मशीन गर्मी का सीजन शुरू होने के बाद भी चालू नहीं हुआ है। नगर के लोगों ने शनिवार सुबह आरओ मशीन के पास प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन कर नगर पंचायत प्रशासन से तत्काल आरओ मशीन चालू कराने की मांग किया।



नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 के फुटानी चौक पर लगाया गया आरओ मशीन का विगत नवम्बर माह में नगर पंचायत कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक केतकी सिंह ने विभिन्न अन्य कार्यों के साथ बिना चालू हुए मशीन का लोकार्पण किया था। नगर निवासी दिग्विजय सिंह छोटू ने आरोप लगाया कि आरओ मशीन चालू नही होने से नगर के वार्ड नंबर 14, चार, नौ व दस नंबर वार्ड के लोगों को पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मशीन बांसडीह कस्बे से जयनगर जाने वाले सड़क पर लगाया गया है, मशीन चालू होने से सड़क से आवागमन करने वाले आधा दर्जन गांवों के लोगो को भी सुविधा मिलेगी। आरओ मशीन के पास जुटे कस्बे के लोगो ने नगर में सफाई व्यवस्था ठीक नही होने तथा मशीन के पास ही कूड़े का ढेर लगाये जाने का आरोप भी लगाया। मुहल्ले के लोगो ने मशीन चालू कराने के साथ ही सफाई व्यवस्था ठीक करने की मांग किया। इस मौके पर इस मौके पर दिग्विजय सिंह छोटू ,विजय सिंह, अजय पटेल,प्रभुनाथ तिवारी,रघुवेश्वर तिवारी,काशी ठाकुर,केदार ,संतोष शर्मा,अंकित जायशवाल,अशोक शर्मा, आदि थे।

## अपमिश्रित 27 लीटर देशी शराब के साथ दो शराब तस्कर गिरफ्तार




**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : अवैध शराब के निर्माण /तस्करी पर पूर्णतः प्रतिबन्ध लगाए जाने व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को सहतवार पुलिस ने एक सफलता हासिल की। पुलिस ने अपमिश्रित देशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

उ0नि0 कमलाशंकर गिरि ने मय हमराह मुखबीर की सूचना के आधार पर भरत पासवान पुत्र बीरमनि पासवान निवासी कस्बा व थाना सहतवार और रवि सोनी पुत्र आत्मानन्द सोनी निवासी कस्बा व थाना सहतवा को बलेउर (गौरा मौजा) मे पुलिया के पास से दो जर्रकेन में कुल लगभग 27 लीटर नाजायज अपमिश्रित शराब सहित शराब बनाने की सामग्री नौसादर, फिटकिरी, यूरिया व नमक के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया।

## नगरा पुलिस ने हत्या से सम्बन्धित एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार



समाज जागरण नगरा (बलिया) : अपराध के समूल उन्मूलन एवं आपराधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान में शनिवार को थानाध्यक्ष नगरा ने हत्या से संबंधित एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने मय हमराह मुखबिर की सूचना पर थाना नगरा पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 76/21 धारा 302, 201 भादवि0 के वांछित अभियुक्त बृजेश राम पुत्र राम नगीना निवासी ग्राम सोधनपुरा थाना भीमपुरा को इंग्लिशिया नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के सिपुर्द किया।

संभागीय नाट्य समारोह................................

## उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के चार दिनी आयोजन का आगाज

### गंगा बहुउद्देशीय सभागार में हुआ नाटक "दरोगा जी" का मंचन

*-लोक परिवर्तन युवा कल्याण समिति, उन्नाव द्वारा किया गया मंचन*

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ एवं जिला प्रशासन बलिया द्वारा आयोजित चार दिनी संभागीय नाट्य समारोह का शुभारंभ शनिवार को हुआ। गंगा बहुद्देश्यीय सभागार में भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने शुभारंभ किया।

25 फरवरी से 28 फरवरी तक गंगा बहुद्देशीय सभागार



में नाटक का मंचन चलेगा। जिला भाजपा अध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला विकास अधिकारी ने जयप्रकाश साहू को पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके उपरांत श्रीमती शैलजा कांत, सर्वेक्षण अधिकारी उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ का संबोधन हुआ। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश संगीत नाट्य कला अकादमी द्वारा प्रत्येक वर्ष हर जिले में प्रशासन के सहयोग से नाट्य समारोह का आयोजन किया जाता है। इससे पहले बलिया में कभी भी नाट्य समारोह का आयोजन नहीं हुआ था। अकादमी के लिए यह एक अच्छा अवसर है कि जनपद बलिया में नाट्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नाटक हमारे अंदर एकाग्रता लाते है इस तरह के समारोह होते रहने चाहिए। नाटक हमारे व्यक्तित्व को निखरते है। नाटक समाज का आईना दिखाते हैं। पहले दिन लोग परिवर्तन युवा कल्याण समिति ,उन्नाव द्वारा 'दरोगा जी' नाटक का मंचन किया गया। नाटक दरोगा जी पुलिस विभाग के एक ऐसे दरोगा की छवि प्रस्तुत करता है जो कानून के दायरे में रहते हुए थाने में आने वाले केस को सुधारवादी नीति से सुलझाने की भरपूर कोशिश करता है, यदि कोई मुलजिम नाजायज दबाव बनाने या प्रभाव जताने का प्रयास करता है तो उसके साथ पुलिस और कानून क्या कर सकता है, यह भी इस नाटक में दशार्ने का प्रयास किया गया है। इस



नाटक के लेखक और निर्देशक जब्बार अकरम है। इस नाटक में जब्बार अकरम के अतिरिक्त सफी अहमद खान, मो0 आमिर, मो0 नफीस सिद्दीकी, विनीत जयसवाल, शुभम अवस्थी, बलराम सिंह निर्मल, सुभाष वर्मा ,एस0के0 टाइगर, महेंद्र कुमार, जया उपाध्याय ,भारतीय मिश्रा, सुनील शर्मा, धीरज सिंह और शैलेंद्र तिवारी ने भाग लिया।

## नगरा पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

समाज जागरण नगरा (बलिया) : हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षा को सकुशल संपन्न कराये जाने व अनुचित तरीके से परीक्षा को प्रभावित करने वालों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में शनिवार को एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। नगरा के उ0नि0 छुन्ना सिंह ने मय हमराह 21 फरवरी को पंजीकृत मु.अ.सं. 51/2023, धारा-419, 420, 467, 468, 471,120बी आईपीसी व 4/6/10 उ0प्र0परीक्षा अधिनियम के विवेचना व साक्ष्य संकलन के आधार पर प्रकाश में आये एक वांछित अभियुक्त नागेन्द्र वर्मा पुत्र कन्हैया वर्मा निवासी ग्राम ताड़ीबड़ागांव थाना नगरा को परशुरामपुर चट्टी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त अपने जन सेवा केन्द्र से अनुचित तरीके से लाभ कमाने के लिये प्रिन्टर व स्कैनर के मदद से फर्जी प्रवेश पत्र व आधार कार्ड तैयार करता था। अभियुक्त के कब्जे से एक लैपटाप, एक प्रिंटर ब्लैक कलर, एक सीपीयू व एक मानीटर बरामद हुआ।

## महिला पतंजलि योग समिति का गठन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर नगर के तुलसी सागर स्थित महिला पतंजलि योग केन्द्र पर हुई



बैठक में महिला पतंजलि योग समिति,गाजीपुर का गठन किया गया।स्वामी रामदेव एवं आचार्या देवप्रिया के निर्देशन में चल रहे समिति गठन कार्यक्रम में हरिद्वार से सन्यासिनी देवपुनिया व देवपवित्रा के साथ पूर्वी उ.प्र.राज्य प्रभारी श्रीमती शशि की उपस्थिति में महिला पतंजलि योग समिति की जनपद इकाई का गठन किया गया।समिति का गठन योग-प्राणायाम के प्रचार-प्रसार व योग कक्षाओं के विस्तार तथा प्रशिक्षण हेतु किया गया है।श्रीमती अनीता यादव को जिला महिला प्रभारी,श्रीमती संगीता तिवारी को महामंत्री,श्रीमती साक्षी सक्सेना को कोषाध्यक्ष,श्रीमती रंजू यादव को संगठन मंत्री,श्रीमती अलका सिंह को सोशल मिडिया प्रभारी के पद हेतु सर्वसम्मति से चुना गया।इसके साथ ही गाजीपुर सदर तहसील हेतु श्रीमती शकुन्तला यादव को तहसील प्रभारी,श्रीमती चन्द्रावती को महामंत्री,श्रीमती शशिकला को कोषाध्यक्ष तथा श्रीमती रिंकी सिंह को संगठन मंत्री का उत्तरदायित्व दिया गया। इस अवसर पर गाजीपुर में नियमित रूप से योग-प्राणायाम कक्षा संचालन हेतु सम्मानित किया गया।योग-प्राणायाम सम्बन्धित पुस्तकों का वितरण भी किया गया।कार्यक्रम का समापन वैदिक मंत्रों के साथ यज्ञ व हवन द्वारा हुआ।

## नवविवाहिता की मौत के बाद पुलिस ने आरोपी पति व ससुर को भेजा जेल

**रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण**

सिकन्दरपुर (बलिया) : पकड़ी थाना क्षेत्र के बीराभाँटी गाँव मे एक नव विवाहिता का संदिग्ध परिस्थितियों में अपने कमरे में फाँसी के फंदे पर लटका हुआ शव मिलने के बाद देर रात पहुंचे मायके वालों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया था।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पकड़ी थाना क्षेत्र के बीराभाँटी गाँव निवासी सतीश सिंह की शादी पिछले साल 2 दिसंबर को बिहार के सिवान जिले के गुठनी थाना क्षेत्र के योगिया डीह गाँव निवासी रामदास सिंह की पुत्री लवली सिंह 22 वर्ष के साथ हुआ था। शादी के बाद सब कुछ ठीक ही था। पुलिस के मुताबिक अज्ञात कारणों से गुरुवार को देर शाम लवली सिंह अपने कमरे में छत की कुंडी से फाँसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस का कहना है कि उस वक्त घर पर कोई नही था। घर के सभी परिजन किसी रिश्तेदार के यहाँ पड़ी शादी में शामिल होने गए थे। मृतिका के मायके वालों का कहना था कि शाम को फोन पर बेटी से बात हुई थी। उसके बाद फोन करने पर जब फोन नही उठा तो किसी अनहोनी की आशंका वश पुलिस को फोन किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरा खोलवाकर देखा तो लवली सिंह फाँसी पर लटकी हुई थी। पुलिस द्वारा अन्य औपचारिकता पूरी करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार को मृतिका लवली सिंह के पिता की तहरीर पर आरोपी पति सतीश सिंह व ससुर रमाशंकर सिंह को पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

## समाधान दिवस पर आए कुल सात मामलों में से चार का मौके पर निस्तारण

**रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण**

सिकन्दरपुर (बलिया) : स्थानीय थाना सिकन्दरपुर के सभागार में आयोजित थाना समाधान दिवस पर प्रभारी निरीक्षक थाना सिकन्दरपुर दिनेश पाठक नें फरियादियों को सुना।

शनिवार को आयोजित समाधान दिवस पर क्षेत्र भर से आए कुल 7 मामलों में से चार मामलों में हस्तक्षेप कर मौके पर निस्तारण करा दिया। बाकी 3 मामलों को सम्बन्धितों को जल्द निस्तारण हेतु सौंप दिया।

इस दौरान उपनिरीक्षक सूर्यनाथ यादव, कानूनगो हरेराम यादव, अजित सिंह, शशांक मिश्र, विनय यादव, अखिलेश कुमार सहित अन्य राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे।

## नगर विधानसभा क्षेत्र से 10 हजार कार्यकर्ता करेंगे सहभागिता

*परिवहन मंत्री के जनसंपर्क कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भाजपा ने दिया कार्यकताओं को संदेश*



**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : भारतीय जनता पार्टी नगर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकताओं की बैठक शनिवार को परिवहन मंत्री के जनसंपर्क कार्यालय नारायणी में हुई। जिलाध्यक्ष की मौजूदगी में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के चितबडागांव कार्यक्रम में सहभागिता पर मंथन हुआ। तय हुआ की कम से कम दस हजार कार्यकर्ता सहभागिता करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने कहा कि मोदी और योगी सरकार ने विकास कार्यों की इबारत देश में लिखी है। मंत्री नितिन गडकरी जी ने सड़कों का जाल देश में बिछाया है। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे बलिया को मिलना बहुत बड़ी बात है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मंत्री दयाशंकर सिंह के नेतृत्व में नगर विधानसभा क्षेत्र से दस हजार लोग चितबडागांव पहुंचें। बैठक में डा. विपुलेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, संजीव डंपू, बब्बन सिंह रघुवंशी, राजेश गुप्ता, अभिषेक सोनी, जावेद कमर खां, सुरजीत परमार, राजीव मोहन चौधरी, नकूल चौबे, नीतू पांडेय, प्रमिला गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीण पत्रकारिता में राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर ग्रापए में हर्ष

**ब्रजेश दुबे, समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के



मुजफ्फरनगर जनपद के जिलाध्यक्ष को ग्रामीण पत्रकारिता में राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया ने नेशनल अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन जर्नलिज्म 2020 (ग्रामीण पत्रकारिता) के लिए इनका चयन किया है। उन्हें यह पुरस्कार मुजफ्फरनगर जनपद के हाजीपुर गांव के पिछड़ेपन को उकेरती खबरों के लिए दिया जा रहा है।

28 फरवरी को नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब आफ इंडिया के डिप्टी स्पीकर हाल में प्रेस काउंसिल की चेयर पर्सन जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई उन्हें यह सम्मान प्रदान करेगी। ग्रामीण पत्रकारिता में किए गए योगदान हेतु श्री वर्मा को मिले इस सम्मान से संगठन अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार ने कहा है कि यह संगठन के लिए निश्चित रूप से सम्मान और गर्व की बात है। संगठन के जिलाध्यक्ष शशिकांत मिश्र, संस्थापक सदस्य डॉ विनय सिंह, कोषाध्यक्ष छोटे लाल चौधरी, बृजेंद्र नाथ सिंह, पुष्पेंद्र तिवारी "सिन्धू", सुधीर सिंह, अरविंद तिवारी, बसंत पांडेय, केपी चमन, विप्लव सिंह, संतोष सिंह, ब्रजेश दुबे, मुन्ना सिंह, पप्पू पांडेय, प्रशान्त कुमार, मुकेश चौहान, राकेश मिश्र, कृष्णमोहन पांडेय आदि ने भी श्री वर्मा के इस उपलब्धि पर खुशी का इजहार किया।

## छपरा-बलिया रेलखंड पर पटरी आमान परिवर्तन के चलते बदला ट्रेनों का रास्ता



समाज जागरण बैरिया (बलिया) : पूर्वोत्तर रेल खण्ड बलिया छपरा के बीच रेल पटरी के आमान परिवर्तन होने से आधा दर्जन से भी अधिक रेलगाड़ी का रास्ता बदल कर चलाई जा रही है तो कुछ रेलगाड़ी अपने मार्ग से ही चल रही है।

बलिया छपरा के बीच रेल पटरी का जिस समय कार्य प्रगति पर रहता है उस समय की तय रेलगाड़ी दूसरे मार्ग से जाने के लिए मजबूर है जिससे यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। वहीं कुछ ट्रेन अपने निर्धारित स्टेशन से पहले के ही स्टेशन से ही लौट जा रही है। जिसमे बलिया सियालदह, उत्सर्ग, लखनऊ छपरा एक्सप्रेस गाड़ी जा रही है। इन गाड़ियों को सप्ताह में 3 दिन ही चलाया जा रहा है। छपरा बलिया रेलखंड पर होने की समय पहले से ही निर्धारित हो चुका है। जिसमें सहतवार, रेवती, सुरेमनपुर, बकुल्हा स्टेशन है इस मार्ग से जितनी भी गाड़ियां निकलने वाली है उसे औडिहार, जौनपुर, मऊ भटनी के रास्ते बदलकर छपरा पहुंचाया जा रहा है। जब छपरा बलिया रेलखंड पर कार्य नहीं हो रहा है तो इस रेल खंड पर ट्रेनों का आवागमन बना रहता है। इस सम्बन्ध में सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन मास्टर से पूछे जाने पर बताया कि स्टेशन पर सभी सुचना चस्पा कर दिया गया है। स्टेशन मास्टर के आदेश पर ही सामान्य टिकट बनाया जा रहा है। यह आदेश अगले 28 फरवरी तक चलेगा उसके बाद आगे की कार्य प्रणाली के अनुसार अगली सूचना जारी किया जाएगा।

## अवैध रूप से संचालित अस्पतालों की जांच के लिए टीम गठित


**- सीएमओ की अध्यक्षता में बनाई गई स्वास्थ्य विभाग की टीम**

**- अनियमितता मिलने पर सभी के विरुद्ध की जाएगी कार्रवाई**

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : जनपद में संचालित अस्पतालों, नर्सिंग होम, क्लीनिक, पैथालाजी, डायग्नोस्टिक सेंटर के पंजीकरण, उसके निरस्तीकरण तथा गैर पंजीकृत चिकित्सकों की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा पांच सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। टीम शिकायत मिलने अथवा छापेमारी कर इसकी जांच करेगी। अवैध पाए जाने पर सभी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई भी होगी।

जनपद में अवैध अस्पतालों की जांच के लिए विभागीय तैयारी तेज चल रही है। पिछले दिनों नगर सहित जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में अनेक अवैध अस्पताल, पैथालाजी व जांच सेंटर भी पाए गए। प्रशासन के निर्देश पर सभी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सील भी किया गया था। अब ऐसे अस्पतालों सहित अन्य की जांच के लिए विभाग द्वारा नियमित जांच की जाएगी। विभाग द्वारा गठित पांच सदस्यीय टीम का नेतृत्व स्वयं सीएमओ डा. नरेश अग्रवाल करेंगें। उनकी टीम में डा. वकील अली, डा. आरएन सिंह, प्रधान सहायक आइडी सिंह, वरिष्ठ सहायक निकित कुमार रस्तोगी आदि शामिल है। नई टीम के गठन के बाद पहले की टीम को तात्कालिक प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।



---------------
--

टीम को सक्रिय कर दिया गया है। मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में संचालित अस्पताल, पैथालाजी व डायग्नोस्टिक सेंटर को खंगाला जा रहा है, जो भी गलत पाए जाएंगे सभी के खिलाफ कार्रवाई होगी।

डा. नरेश अग्रवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी।

## यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस और चीन ने जताई आपत्ति, ज्वाइंट स्टेटमेंट के बिना ही खत्म हुई जी20 की बैठक

बेंगलुरु. दुनिया की 20 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के समूह जी20 के वित्तीय प्रमुखों की बैठक शनिवार को एक संयुक्त विज्ञप्ति जारी किए बगैर ही खत्म हो गई. हालांकि जी20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नर की बैठक खत्म होने के बाद सारांश और परिणाम दस्तावेज जारी किए गए. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बेंगलुरु में आयोजित दो-दिवसीय जी20 बैठक खत्म होने के बाद कहा कि यूक्रेन पर रूस के हमले को वर्णित करने के तरीके को लेकर मतभेद उभरने से संयुक्त विज्ञप्ति नहीं जारी की जा सकी.

## आरबीएसके के सहयोग से 16 बच्चों के निःशुल्क उपचार

**- जिला अस्पताल में मूक बधिर पांच वर्ष के बच्चों के निःशुल्क जांच कैंप का आयोजन**

**- अब तक कुल 22 बच्चों का किया गया है कांक्लेयर इंप्लांट**

**- निजी अस्पताल में इस रोग के इलाज में खर्च होते है नौ लाख रुपए**

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : जिला चिकित्सालय में शनिवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) ने सहयोगी संस्था द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से पांच वर्ष तक के मुकबधिर बच्चों की जांच की गई। निश्शुल्क कैंप में कुल तीस बच्चों की जांच किया गया। इसमें 18 बच्चों को बेहतर उपचार के लिए उच्च चिकित्सा संस्थान रेफर किया गया। जबकि चार बच्चे की उम्र ज्यादा और आठ बच्चे



सामान्य पाए गए।

जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से बच्चों की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुल तीस बच्चों की जांच कराया गया। इन सभी बच्चों को पूर्व में चिंहृति कर शनिवार को उनके अभिभावक जिला चिकित्सालय लाए। वहां आडियोलाजिस्ट डा. देवराज और नाक कान व गला रोग विशेषज्ञ डा. सौरभ त्रिपाठी के सहयोग से सभी बच्चों की जांच किया गया। नोडल अधिकारी डा. बीके यादव ने बताया कि जन्म के समय से ही जिन बच्चों को सुनने और बोलने में परेशानी होने पर पांच वर्ष के पहले सही समय पर उपचार मिले तो वह पूरी तरह स्वस्थ हो सकते है। विभाग की आरबीएसके की टीम ब्लाक स्तर पर ऐसे बच्चों को चिंहृति करने के साथ एक निर्धारित दिवस पर निश्शुल्क कैंप करती है। यही पर विशेषज्ञ चिकित्सक सभी की जांच करते है। आवश्यकता होने पर सभी को बेहतर और निश्शुल्क उपचार के लिए संबंद्धित अस्पतालों में भेजा जाता है। अभी तक आरबीएसके के सहयोग से जनपद में कुल 22 बच्चों का कांक्लेयर इंप्लांट किया जा चुका है। निजी क्षेत्र में इसका पूरा इलाज करीब नौ लाख रुपए खर्च होता है। इस अवसर पर सीएमएस डा. एपी गुप्ता, आरबीएसके संतोष सिंह, अरविंद वर्मा सहित सभी ब्लाक के चिकित्सक और कर्मी उपस्थित थे।

## जौनपुर, जौनपुर जिले के मडियाहू नगर में आज दिन शनिवार को नौ दिवसीय संगीतमय राम कथा ज्ञान गंगा के आयोजन का शुभारंभ हुआ।

**चंदन गुप्ता संवाददाता समाज जागरण**

जानकारी के अनुसार मड़ियाहूं नगर के पुरानी सरकारी अस्पताल के मैदान में चौरा माता मंदिर के पास नौ दिवसीय संगीतमय राम कथा ज्ञान गंगा का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्रह्मदेव उपाध्याय ने श्री गणेश जी के प्रतिमा पर माला पहनाकर किया। श्री रामकथा के प्रमुख कथा वाचक पूज्य स्वामी राजेंद्र जी महाराज मिजार्पुर के विंध्याचल धाम से पधारे हुए है। आज पूज्य स्वामी राजेंद्र जी महाराज ने दोपहर 2 बजे से रामचरितमानस की संगीतमय आरती के साथ कथा का शुभारंभ किया। राजेन्द्र जी महाराज ने बताया की जैसे बालक अपने पिता की उंगली पकड़कर निश्चिंत हो जाता है उसी प्रकार हम सभी भक्तों को भगवान की उंगली पकड़कर जीवन के प्रति निश्चिंत हो जाना चाहिए।



कार्यक्रम के प्रथम दिन मुख्य अतिथि श्री ब्रह्मदेव उपाध्याय जी एवं दिलीप कुमार जायसवाल जी (प्रबन्धक - श्री चितरंजन कान्वेंट स्कूल) रहे। इस नौ दिवसीय श्री राम कथा ज्ञान गंगा के आयोजक एवं व्यवस्थापक विनोद जायसवाल (समाजसेवी) ने बताया कि आज शनिवार 25 फरवरी से लगातार 9 दिन 5 मार्च तक संगीतमय राम कथा का प्रवचन चलता रहेगा और 5 मार्च को हवन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। कथा प्रतिदिन दोपहर के 3:00 से प्रारंभ होकर शाम को 7:00 बजे तक नित्य चलेगा। विनोद जायसवाल ने लोगों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में क्षेत्रवासी, स्थानीय निवासी वह भक्तगण रामकथा में भाग लेकर अपने जीवन को सफल बनाये। इस कथा को सफल बनाने में प्रमुख रूप से आनंद जायसवाल, सचिन मोदनवाल,सिद्धार्थ मौर्य,अभय शर्मा,आयुष जायसवाल सहित क्षेत्र

## कहीं सड़क टेढ़ी की जा रही तो कहीं नाली को किया जा रहा संकरा

# दुद्धी- लुम्बिनी राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण में चल रहा गजब का खेल

**जौनपुर, वाराणसी, लखनऊ से शिकायत करने के बाद भी कोई हल नहीं सभी शिकायतों का जवाब एक ही जगह से देकर की जा रही मामले की लीपापोती**

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर। लुम्बिनी–दुद्धी राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण में गजब का खेल हो रहा है जिसके चलते जहां निम्न व मध्यमवर्गीय लोग जो चुप रहते हैं, के साथ बहुत गलत हो रहा है, वहीं सत्ता के गलियारों में पकड़ बनाने एवं धनाढ्य लोग मस्त हैं, क्योंकि नाप होने के बावजूद भी उनके घर के सामने की सड़क को संकरी व टेढ़ी कर दी जा रही है। हद तो तब हो गयी जब जौनपुर, वाराणसी सहित लखनऊ में बैठे अधिकारियों से शिकायत करने के बाद सभी जगह से एक ही जवाब आ रहा है। फिलहाल इस निर्माण कार्य में किये जा रहे सौतेलेपन से परेशान लोगों ने जिलाधिकारी सहित मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुये न्याय के साथ कार्य करवाने की मांग किया है।

क्षेत्रीय लोगों की मानें तो पॉलिटेक्निक चौराहा, उमरपुर से मड़ियाहूं रोड पर स्थित अहमद खां मण्डी मोहल्ले तक अनियमित एवं विधि विरुद्ध तरीके से नाली एवं सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। इस निर्माण में केंद्रीय सड़क विभाग एवं राजस्व की बहुत बड़ी हानि हो रही है लेकिन सरकार के अधीनस्थ एवं उच्चस्थ अधिकारी मौन हैं। कारण कमीशनखोरी मानी जा रही है।

बताते चलें कि नगर के पॉलिटेक्निक से अहमद खां मण्डी ट्रांसफार्मर तक सड़क की चौड़ाई 66 फुट यानी 20 मीटर है एवं अहमद खां मण्डी में ट्रांसफार्मर से हरिदास के आवास तक 45 फुट यानी 14 मीटर है। रिहायशी इलाका होने के नाते अहमद खां मण्डी के सड़क की चौड़ाई कम की गयी परन्तु पॉलिटेक्निक चौराहा से अहमद खां मण्डी के ट्रांसफार्मर तक विशेष अनियमितता दिखायी दे रहा है। इसको संज्ञान में लेते हुये कई बार लोक निर्माण विभाग जौनपुर, वाराणसी, सिटी मजिस्ट्रेट, जिलाधिकारी जौनपुर, आयुक्त वाराणसी मण्डल, अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय मार्ग खण्ड लोक निर्माण विभाग वाराणसी, लोक निर्माण मंत्री उत्तर प्रदेश शासन सहित मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को लगातार अवगत कराया जा रहा है लेकिन अनियमितताओं की कडी में कोई सुधार नहीं दिख रही है। बीच-बीच में नाली एवं सड़क को संकरा करने से यह साबित होता है कि आने वाले समय में जाम की व्यवस्था यथा स्थिति बनी रहेगी।

शिकायतकर्ता सतीश चन्द्र पाण्डेय निवासी उमरपुर, हरिबन्धनपुर के अनुसार उन्होंने जौनपुर, वाराणसी, लखनऊ में बैठे अधिकारियों से अलग–अलग शिकायत किया लेकिन सभी का जवाब जौनपुर से आया जिसमें स्पष्ट रूप से दशार्या गया कि यह राष्ट्रीय मार्ग खण्ड लोक निर्माण विभाग वाराणसी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आता है जबकि जितनी भी आख्या अब तक उपस्थित हुई है, वह राष्ट्रीय मार्ग खण्ड लोक निर्माण विभाग जौनपुर कार्यालय से भेजी गयी। स्पष्ट लिखित है कि यह कार्य क्षेत्र लोक निर्माण खण्ड जौनपुर के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। फिलहाल यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका कि राष्ट्रीय मार्ग खण्ड लोक निर्माण विभाग जौनपुर, वाराणसी अथवा लखनऊ द्वारा संचालित है या कहीं और से जो प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रहा है। फिलहाल



ठेकेदार, अवर अभियंता, अधिशासी अभियंता सहित अन्य सम्बन्धित लोगों द्वारा सरकार को करोड़ों का चूना लगाया जा रहा है।

इसी क्रम में अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग वाराणसी से शिकायत करने वाले श्री पाण्डेय ने बताया कि उन्होंने नाली एवं सड़क निर्माण की चौड़ाई कम करने से होने वाली क्षति के बारे में 24 जनवरी 2023 को मुख्यमंत्री, लोक निर्माण मंत्री, आयुक्त वाराणसी मण्डल, जिलाधिकारी जौनपुर, सिटी मजिस्ट्रेट जौनपुर, लोक निर्माण विभाग से आनलाइन शिकायत किया। साथ ही बीते 2 फरवरी 2023 को उपरोक्त को रजिस्ट्री पत्र के माध्यम से पुनः शिकायत किया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।

बीते 15 फरवरी 2023 को लोक निर्माण विभाग जौनपुर ने उक्त शिकायत को अधिशासी अभियन्ता राष्ट्रीय मार्ग खण्ड लोक निर्माण विभाग वाराणसी से कहने के लिये कहा जिस पर उसी दिन शिकायत की गयी। इस पर उन्होंने अधिशासी अभियन्ता राष्ट्रीय मार्ग खण्ड लोक निर्माण विभाग वाराणसी को अग्रसारित करने की बात कही परंतु समाचार लिखे जाने तक उस पर अधिशासी अभियन्ता राष्ट्रीय मार्ग खण्ड लोक निर्माण विभाग वाराणसी का कोई उत्तर नहीं आया। ऐसे में यह तय है कि उक्त निर्माण कार्य में सरकारी धन का बन्दरबांट किया जा रहा है लेकिन उस पर अंकुश एवं क्षेत्रीय लोगों के साथ किये जा रहे सौतेलेपन का कोई निस्तारण नहीं हो सकता है।

## सीएमओ की सक्रियता और तत्परता से सरकारी अस्पतालों का हालात बदला लापरवाहों पर कसीं नकेल, मरीज पा रहे सरकारी सुविधाओं का लाभ

***अस्पताल से मरीज आराम पाके जायं, यही मेरी प्राथमिकता है : डा. लक्ष्मी सिंह***

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर। जनपद के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में अधिकारी आते हैं और कार्य करते हुये चले भी जाते हैं लेकिन इन्हीं में कुछेक एक अधिकारी ऐसे आ जाते हैं जिनके कार्यों की चहुंओर सराहना होती है और उनके चले जाने के बाद उन्हें लोग याद भी रखते हैं। इसी तरह की एक अधिकारी जौनपुर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के रूप में हैं जिनका नाम डा. लक्ष्मी सिंह है। उनके आने के बाद से जहां सरकारी अस्पतालों का कायाकल्प बदलने लगा है, वहीं निजी अस्पताल भी सुदृढ़ नजर आने लगे हैं। बेहतर कार्यप्रणाली से जनपद के समस्त प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आने वाले मरीजों को पूरा लाभ मिल रहा है।

मालूम हो कि 17 जुलाई 2021 को कार्यभार ग्रहण करने के बाद सीएमओ डा. सिंह ने सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का लगातार निरीक्षण करना शुरू कर दिया। परिणाम यह हुआ कि जो



चिकित्सक, फार्मासिस्ट सहित अन्य पैरामडिकल स्टाफ नदारत रहते हुये मनमानी करते थे, वे केन्द्र पर उपस्थित मिलने लगे। इतना ही नहीं, दवाओं का वितरण होने लगा जहां मरीज भी देखे जाने लगे। बीते दिनों में हुये कोरोना काल में सीएमओ डा. सिंह के निर्देश पर अस्पतालों में उचित उपचार हुये तथा जरूरतमन्दों को आक्सीजन भी मिले। इसके अलावा टीकाकरण का लाभ भी अन्य जनपदों की अपेक्षा अधिक लोगों को मिला।

सीएमओ की कर्मठता को देखते हुये सरकारी अस्पतालों में लाभ प्राप्त करने वाले मरीजों सहित उनके तीमारदारों का कहना है कि सरकारी व्यवस्था सुदृढ़ होने से डेंगू का प्रकोप थमने लगा। मरीजों में कमी आयी और उनके उपचार में कोई कोर–कसर नहीं बरती गयी। धीरे–धीरे इस पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। ग्रामीणांचलों में स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रसव कराये जा रहे हैं जहां सभी को दवाएं भी मिल रही हैं। सरकार की मंशानुरूप लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध हो रही हैं।

इस बाबत पूछे जाने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. लक्ष्मी सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार तमाम जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है जिसका लाभ सीधे लोगों को मिल रहा है। कुछ मातहतों की लापरवाही से कहीं कुछ कमी थी लेकिन उनके खिलाफ कार्यवाही करते हुये ऐसे लोगों को सुधार लिया गया है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों को पूरा लाभ मिले, यही हमारी एवं हमारी सरकार की मंशा है जिसे पूरा करने के लिये मैं पूरी तरह से तत्पर हूं।

## 28 फरवरी के फुटपाथ मेले को रखा जाय अतिक्रमण अभियान से मुक्त : श्रवण जायसवाल

**अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल का प्रतिनिधिमण्डल सिटी मजिस्ट्रेट से मिला**

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल जौनपुर का प्रतिनिधिमण्डल शनिवार को सिटी मजिस्ट्रेट देवेन्द्र सिंह से शहर कोतवाली में मिला जहां प्रतिनिधिमण्डल की अगुवाई कर रहे जिलाध्यक्ष श्रवण जायसवाल ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 28 फरवरी को लगने वाले फुटपाथ मेले को अतिक्रमण विरोधी अभियान से अलग रखा जाय। सिटी मजिस्ट्रेट को अवगत कराते हुए उन्होंने कहा कि व्यापारियों द्वारा प्रतिवर्ष 28 फरवरी को साल भर का बिक्री कार्यक्रम नगर के दुकानदार फुटपाथ पर लगाकर अपने सामानों की बिक्री करते हैं। चूंकि यह परम्परा पिछले कई वर्षों से चली आ रही है। इस



बाजार से दुकानदारों को लाभ होता है। साथ ही दूसरा लाभ गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले आम लोगों के लिये यह बाजार लाइफ लाइन का काम करता है। प्रशासन को व्यापार मण्डल ने इस आशय से अवगत कराया कि प्रशासन अपनी चाक–चौबन्द व्यवस्था रखे तथा ऊहापोह की स्थिति न पैदा हो। उक्त मेले की वजह से नगर में उस दिन जाम की स्थिति पैदा हो जाती है जिससे आम जनमानस को समस्या का सामना न करना पड़े, इसलिये यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करना भी प्रशासन की प्रमुख जिम्मेदारी होगी। सिटी मजिस्ट्रेट श्री सिंह ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि कोई भी व्यापारी फिक्र न करें। प्रशासन उनके साथ इस परम्परा को जीवित रखने में पूर्णतः सहयोग करेगा। इस अवसर पर अमरनाथ मोदनवाल, अवधेश श्रीवास्तव, अमर बहादुर सेठ, राजेश यादव, इरफान मंसूरी, संकेत साहू, राजेश गुप्ता, रेयाजुद्दीन अलवी, विरेन्द्र कुमार, मो. आमिर, संतोष जायसवाल, बृजेश जायसवाल, पवन गुप्ता सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

## खाटू वाले का सतरंगी फागुन धमाल 26 को

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर। 26 फरवरी दिन रविवार को सायं 4 बजे से प्रभु इच्छा तक कलयुग के देवता श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का सतरंगी फागुन धमाल एवं विशाल भंडारा उत्सव सुनिश्चित है। यह आयोजन गौशाला परिसर ढालगर टोला में होगा जहां मुख्य कलाकार संजीव शर्मा सोनभद्र आ रहे हैं। श्री शर्मा श्याम बाबा के भजनों से अपनी छटा बिखेरेंगे। श्याम बाबा का अलौकिक दरबार, अखंड ज्योति एवं महा आरती के साथ उक्त आयोजन सम्पन्न होगा। इस आशय की जानकारी आयोजन समिति से जुड़े विजय केडिया ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

## पुलिस व आमजन के साथ रैपिड एक्शन फोर्स ने खेला वालीबॉल मैच

जनता और प्रशासन के बीच सामंजस्य स्थापित मुख्य उद्देश्य : आरएएफ

पटौदी/जींद : सुरेश कोहली/डॉ.राजू खान : ए/194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स के सहा.कमांडेंट के नेतृत्व में पुलिस थाना सफीदों के थाना प्रभारी से मुलाकात कर संवेदनशील व अतिसंवेदनशील क्षेत्र की अहम जानकारी हासिल की। वहीं पूर्व में हुए दंगों व अन्य जानकारी भी फोर्स द्वारा समाजसेवियों,वरिष्ठ नागरिकों से प्राप्त की है।इसी बीच आमजन ,पुलिस आरएएफ द्वारा वॉलीबाल मैच का भी आयोजन किया गया। सह.कमांडेंट विजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की मैच करवाए जाने का मुख्य उद्देश्य जनता,प्रशासन व फोर्स के बीच एक सामंजस्य स्थापित करना रहा है।इस अवसर पर सतीश कुमार सहायक कमांडेंट,निरीक्षक ब्रह्म प्रकाश यादव,निरीक्षक रामानंद बिश्नोई,निरीक्षक राजेश शर्मा,निरीक्षक योगेंद्र बसीठा,उप निरीक्षक (महिला) कृपा बाई,शहर थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।



## पर्यावरण विषयक संगोष्ठी में प्रबुद्ध जनों ने अपने विचार व्यक्त किए

**वर्तमान समय में ग्लोबल वार्मिंग एक बड़ी समस्या : कमलेश यादव**

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर। नगर के नईगंज में स्थित एक होटल पर जनपद के प्रबुद्ध जनों की हुई बैठक में पर्यावरण विषयक संगोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि राना प्रताप यादव सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक राजकीय विद्यालय महानगर पालिका मुंबई ने कहा कि पौधरोपण ही एकमात्र विकल्प है जिससे धरती की खूबसूरती और पर्यावरण की सुरक्षा की जा सकती है। विशिष्ट अतिथि अमरनाथ यादव ने लोगों को पर्यावरण और इसके लाभ के प्रति जागरूक होने के लिए आगे आने का आह्वान किया। शिक्षक अखिलेंद्र यादव ने लोगों को इस दिशा में प्रतिबंध होने की जरूरत पर बल दिया। इसी क्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष कमलेश यादव ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग आज की सबसे बड़ी समस्या है जिसके कारण वातावरण में बहुत सारे परिवर्तन



होने शुरू हो चुके हैं। अगर इसको न रोका गया तो जीवों पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ सकता है। बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग की वजह से ग्लेशियर पिघल रहे हैं जिसके परिणामस्वरूप महासागर में पानी का स्तर बढ़ रहा है जिससे तटीय और निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति पैदा हो जायेगी। आयोजन समिति के प्रमुख उमाराज यादव ने उपस्थित सभी लोगों को प्रतिज्ञा दिलायी कि हम अपनी धरती की सुरक्षा के लिए एक पौधा अवश्य लगाएंगे। लाजीपार के प्रधान सत्य प्रकाश यादव ने वचन दिया कि हर घर एक पौधा पहुंचाकर अपने सेवित क्षेत्र के लोगों को जागृत करूंगा। डा. जीएस यादव ने लोगों से अपील किया कि पौधरोपण को अपनी जीवनशैली में शामिल करें। इस अवसर पर संजय यादव, शैलेश कुमार, रकेश कुमार, अश्वनी, वेद प्रकाश सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। गोष्ठी का संचालन देशबंधु यादव ने किया। अन्त में डॉ कृपानिधि यादव ने समस्त आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## नोएडा सेक्टर 34: ह्यअपना घर आश्रमह्ल में प्रभुजी के लिए आयोजित हुई होली मिलन कार्यक्रम

**समाज जागरण नोएडा**

नोएडा के सेक्टर-34 में स्थित ह्यअपना घर आश्रमह्ल में प्रभुजी के लिए होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूज्यनीय संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज ने अपनी गरिमामई उपस्थिति दर्ज करायी, वही वरिष्ठ समाजसेवी उमाशंकर गर्ग आज के इस भव्य होली मिलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ' होली मिलन कार्यक्रम में प्रभुजी, अपना घर आश्रम की समस्त कार्यकारिणी, सेवाधारी व बड़ी संख्या में नोएडा शहर के समाजसेवी व गणमान्य लोगों के उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ होली खेली गयी। इसके साथ ही ह्यअपना घर आश्रमह्ल में रहने वाले प्रभुजी व विभिन्न कलाकारों ने सुंदर नृत्य और झांकियों की प्रस्तुति दी जो कि आज के इस कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण रहा।



## बाउंड्री वाल जमीन तोड़कर बेदखल करने को लेकर कटोरिया थाना में दिया आवेदन।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया**

कटोरिया थाना क्षेत्र के मेला गांव के महानंद चौधरी ने केवाला के द्वारा जमीन खरीद किया है जिसका खाता नंबर 48 खेसरा 569 ,570 रखवा 3 डिसमिल जमीन है जिस पर बाउंड्री वाल दिए हैं। लेकिन विपक्षी अमरपुर निवासी सविता देवी पति चंद्रशेखर यादव द्वारा जबरन बाउंड्री वाल का दीवार तोड़कर छतिग्रस्त कर बेदखल करना चाहता है इसको लेकर महानंद चौधरी ने कटोरिया थाना में शनिवार को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है कटोरिया पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है



## एनआईओएस प्रशिक्षित शिक्षकों ने निदेशक प्राथमिक शिक्षा द्वारा जारी पत्र की प्रतियां जलाकर किया विरोध दर्ज

***31 मार्च 2019 से प्रशिक्षित घोषित करते हुए वेतन निर्धारण की मांग***

चकिया,पूर्वी चम्पारण..... निदेशक प्राथमिक शिक्षा द्वारा जारी पत्र के कारण राज्य के लगभग 65000 हजार एनआईओएस प्रशिक्षित शिक्षकों के बीच बड़ा संकट गहरा गया है।उक्त पत्र का हवाला देते हुए सभी जिलों के डीईओ एवं डीपीओ ने वैसे शिक्षकों को नवनियुक्त की श्रेणी मे लाकर उनके वेतन मे 10-12 हजार रूपए कटौती हेतु सभी बीईओ को आदेशित कर चुके है साथ ही वर्षों से बकाया प्रशिक्षित एवं 15% एरियर को भी रोक दिया है।

शिक्षक मृत्युंजय ठाकुर, राघव रंजन एवं शशिरंजन पाठक ने संयुक्त रूप बताया कि केंद्रीय अध्यादेश के तहत शिक्षा का अधिकार कानून 2017 के धारा 23(2) के आलोक मे एनआईओएस के माध्यम से भारत के सभी अप्रशिक्षित शिक्षकों को एकसाथ प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई और 31 मार्च 2019 तक सभी अप्रशिक्षित शिक्षकों का प्रशिक्षण के साथ साथ परीक्षा भी ली गई जिसका परीक्षाफल प्रकाशन की तिथि 31 मार्च 2019 के बाद का एनआईओएस द्वारा जारी कर दी गई।

आदित्य मानस एवं आनंद कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि जब हमारे एनआईओएस प्रशिक्षित शिक्षक 31 मार्च 2019 तक प्रशिक्षण प्राप्त कर लिए फिर उन्हे किस आधार पर नवनियुक्त की श्रेणी मे रखते हुए वेतन कटौती की बात हो रही है।निदेशक प्राथमिक शिक्षा अविलंब अपना पत्र निरस्त कर स्पष्ट पत्र जारी करे ताकि एनआईओएस प्रशिक्षित शिक्षकों के साथ किसी भी तरह की हकमारी न हो सके एवं सभी शिक्षक भयमुक्त एवं तनावमुक्त होकर विद्यालय मे अपने दायित्व का निर्वहन कर सके।

सभी एनआईओएस प्रशिक्षित शिक्षकों ने एक स्वर मे निदेशक प्राथमिक शिक्षा से मांग किया कि 31 मार्च 2019 से हमे प्रशिक्षित शिक्षक मानते हुए हमारे सेवा संधारण का आदेश/पत्र जारी किया जाय।

कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जयप्रकाश नारायण, दिलीप कुमार, मुकेश कुमार सिंह, प्रभात रंजन,अभिमन्यु कुमार, राकेश कुमार सिंह, मो.हाफिज, मो.मुर्तजा, जलालुद्दीन आजाद आदि शिक्षक सामिल हुए।

## फलेरिया उन्मूलन के तहत आशा कार्यकर्ता ने घर घर जाकर दवा खिलाकर कार्यक्रम किया संपन्न

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो उमाकांत पौदार**

फलेरिया उन्मूलन के तहत आयोजित कार्यक्रम 10 फरवरी से 24 फरवरी तक चलने वाली आयोजन शुक्रवार को संपन्न हो गई। बता दें कि मलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर जिला अधिकारी अंशुल कुमार द्वारा विद्यालय के बच्चों को दवाई खिलाकर शुभारंभ किया गया था जिसके आलोक में जिले के सभी प्रखंडों के अस्पताल प्रभारी के नेतृत्व में आशा कार्यकर्ता एवं उनके सहयोगियों द्वारा 10 फरवरी से 24 फरवरी तक चलने वाले कार्यक्रम के घर घर पहुंच कर दवाई खिलाई गई। जिसमें सीएचसी चांदन प्रभारी चिकित्सक डॉ एके सिन्हा के नेतृत्व में चांदन प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में दो वर्ष से ऊपर सभी लोगों को एल्बेंडाजोल एवं डी एल सी टैबलेट खिलाई गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन के विभिन्न क्षेत्रों की आशा के साथ कुसुम जोरी पंचायत की सब सेंटर कुसौना की आशा सह प्रखंड अध्यक्ष रेखा देवी ने लगभग ग्यारह सौ दो वर्ष से ऊपर सभी लोगों को दवाई खिलाकर अभियान को सम्पन्न किया।



## कर्नाटक के शिवमोग्गा में शानदार एयरपोर्ट बनकर तैयार, ढट मोदी करेंगे उद्घाटन, दिल जीत लेंगी ये तस्वीरें

450 करोड़ रुपये की लागत से विकसित गए शिवमोग्गा हवाई अड्डे को उड़ान परियोजना के तहत बनाया जा रहा है. इस एयरपोर्ट से क्षेत्र की कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा, जिससे आस पास के व्यवसाय और टूरिज्म को लाभ प्राप्त होगा.

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 27 फरवरी, 2023 को कर्नाटक में शिवमोग्गा हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे. शिवमोग्गा में नया हवाई अड्डा लगभग 450 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है जो इस क्षेत्र में वाणिज्य, कनेक्टिविटी और पर्यटन को बढ़ावा देगा.

## पालीगंज में मनाया स्वामी दयानन्द सरस्वती की द्वितीय जन्मशताब्दी समारोह

**पालीगंजः- संवाददाता वेद प्रकाश समाज जागरण**

पालीगंज/ शनिवार को स्थानीय बाजार स्थित आर्य समाज मंदिर में आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती का द्वितीय जन्मशताब्दी समारोह धूमधाम से मनाया गया।

जानकारी के अनुसार समारोह का उद्घाटन पालीगंज नगर पंचायत के उपमुख्य पार्षद सह समारोह का मुख्य अतिथि रजनी कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। जबकि मौके पर मौजूद लोगों ने स्वामी दयमण्ड सरस्वती के तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। वही समारोह की अध्यक्षता शतीश चंद्रा ने किया। मौके पर समारोह को सम्बोधित करते हुए शिक्षाविद महेंद्र प्रसाद ने दयानन्द सरस्वती की जीवनी पर प्रकाश डाला व कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती



एक महान समाज सुधारक थे। जिनके द्वारा समाज सुधार के लिए किए कार्यो को सदा याद किया जाएगा। वही उन्होंने स्वामीजी की तुलना महात्मा बुद्ध से करते हुए बताया कि दोनों महापुरुषों ने ज्ञान की खोज में अपना घर तक त्याग दिया था। वही शतीश चंद्रा ने बताया कि स्वामीजी एक महामानव थे जिन्होंने सत्यार्थ प्रकाश नामक पुस्तक की रचना किया था। वही उन्होंने वेदों की ओर लौटो नामक नारा दिया था। साथ ही उन्होंने समाज मे फैले बुराइयों को दूर करने का आजीवन प्रयास किया।

मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद रंजना देवी, डॉ. राजकिशोर सिंह, डॉ. ज्ञान प्रकाश गुप्ता, विजय यादव, सुमेर सिंह, शशिकांत आर्य व जितेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## रंगशाला स्टेडियम : त्रिभुवन आर्मी फुटबॉल क्लब नेपाल सेमी फाइनल जीत कर फाइनल में किया प्रवेश

**धनंजय, दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया (किशनगंज) । गलगलिया से सटे नेपाल के भद्रपुर रंगशाला स्टेडियम में 19 फरवरी से शुरू हुये अंतरराष्ट्रीय स्तर का गोल्ड कप फुटबॉल टूनामेंट का पहला सेमी फाइनल मैच शनिवार को त्रिभुवन आर्मी फुटबॉल क्लब नेपाल एवं संकटा क्लब (एस वी एस सी)
के बीच खेला गया ।
मैच का शुभारंभ राष्ट्रीयता की भावना को सम्मान देने हेतु नेपाल के राष्ट्र गान गाकर हुआ । मैच के शुरूआत से ही दोनों टीम एक दूसरे पर हाबी रही लेकिन निर्धारित समय तक कोई परिणाम नहीं निकला । अन्ततः अतिरिक्त समय के 11वें मिनट में त्रिभुवन आर्मी फुटबॉल क्लब नेपाल ने एक गोल कर इस मैच को 1-0 से जीत कर फाइनल में प्रवेश कियो । बताते चले कि इस गोल्ड कप का शुभारंभ रविवार को नेपाल के उप प्रधान मंत्री राजेंद्र प्रसाद लिंगडन द्वारा किया गयो था ।
आयोजन समिति के अध्यक्ष दीपेश ढकाल ने बताया कि भद्रपुर नगर पालिका के संरक्षण में आयोजित हो रही अंतराष्ट्रीय गोल्ड कप से भद्रपुर ही नहीं बल्कि आस-पास के युवाओं में खेल के प्रति रुझान बढ़ने में मदद मिलेगी ।
आयोजन समिति के महासचिव जीवन कुमार श्रेष्ठ ने बताया कि शनिवार को खेले गए गोल्ड कप के पहले सेमी फाइनल में लगभग 20 हजार दर्शक इस मैच को देखने पहुंचे थे । उन्होंने बताया कि आज रविवार को दूसरा सेमी फाइनल खेला जाएगा एवं मंगलवार को इस गोल्ड का फाइनल मैच होगा ।
आयोजन समिति के उपाध्यक्ष आदित्य पराजुली ने बताया कि मस्टैंग बियर गोल्ड कप का मुख्य प्रायोजक है। गोल्ड



कप के संचालन के लिए भद्रपुर नगर पालिका व सौर्या एयरलाइंस का विशेष योगदान है ।
वहीं इस दौरान भद्रपुर नगरपालिका के मेयर गणेश पोखरेल ने बताया कि उक्त मैच भद्रपुर नगरपालिका के संरक्षण में आयोजित की जा रही है । भविष्य में ऐसे आयोजन के लिए भद्रपुर नगरपालिका हमेशा तत्पर रहेगी। इस दौरान भद्रपुर नगरपालिका के मेयर गणेश पोखरेल, आयोजन समिति के अध्यक्ष दीपेश ढकाल, आयोजन समिति के महासचिव जीवन कुमार श्रेष्ठ, आयोजन समिति के उपाध्यक्ष आदित्य पराजुली आदि उपस्थित थे ।
फोटो कैप्शन :-रंगशाला स्टेडियम में शनिवार को त्रिभुवन आर्मी फुटबॉल क्लब नेपाल एवं संकटा क्लब (एस वी एस सी) बीच खेले गए पहले सेमी फिनॉम मैच की झलक।

## 24 घंटे के भीतर कटोरिया प्रखंड के 2 डीलरों की असामयिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन।**

24 घंटा के अंदर कटोरिया प्रखंड क्षेत्र के 2 पीडीएस डीलरों के असामयिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक एवं मातम की लहर है ।पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मनियां पंचायत के रविंद्र यादव (56) का निधन शुक्रवार रात्रि को अपने आवास पर हो गया। वही भोरसार भेलवा पंचायत के योगेंद्र यादव( 55 )का निधन दिल का दौरा पड़ने से रविवार सुबह हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही कटोरिया प्रखंड क्षेत्र के डीलरों में शोक की लहर है। लंबे समय तक दोनों दिवंगत डीलरो ने अंतिम सांस तक गरीबों की सेवा करते रहे। दोनों दिवंगत डीलर अपने पीछे पत्नी एवं दो पुत्र एवं 2 पुत्री को छोड़कर दुनियां से चले गए।
। कटोरिया प्रखंड के आपूर्ति पदाधिकारी संदीप बरनवाल ने एक ही दिन दो पीडीएस विक्रेता के निधन को बड़ी क्षति बताते हुए दोनों के परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया ।वहीं कटोरिया प्रखंडे के डील संघ अध्यक्ष दिनेश यादव ने अपने सच्चे सहयोगी के बिछड़ जाने का दुख प्रकट किया। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में नागेश्वर यादव, सुशील यादव, वासुदेव यादव, जयप्रकाश सिंह, अवधेश सिंह ,तस्लीम अंसारी ,मुकेश रजक, मुनाजिर हुसैन, मिथिलेश यादव, अखिलेश चौधरी, के अलावे पूरे प्रखंड क्षेत्र के डीलर है ।वही



फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी ने 1 दिन के भीतर कटोरिया के 2 डीलरों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। सोमवार 28 फरवरी को कटोरिया प्रखंड परिसर में दिवंगत डीलरों के निधन पर शोक सभा आयोजित की जाएगी।

## मांगों को लेकर भारतीय विद्यालय रसोइया संघ ने निकाली रैली।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन।**

अपनी मांगो को लेकर शनिवार को भारतीय विद्यालय रसोइया संघ द्वारा कटोरिया बाजार में रैली निकाली। साथ ही प्रखंड मुख्यालय में धरना दिया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मीतू यादव द्वारा की । मौके पर जिला संयोजक कासिम उद्दीन मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित रसोइयों का कहना था कि हम रसोईयों को वर्तमान में 1650 रुपये मानदेय भुगतान हो रहा है वो भी 12 माह में 10 माह का भुगतान मिलता हैं। हम सभी विद्यालय में 5-6 घंटे प्रतिदिन कार्य करते हैं। जिसकी जांच कराइ जा सकती है। मौके पर रसोईयों का मानदेय एक कुशले मजदूरी की दर से न्युनतम 10 हजार रुपये निर्धारित किया जाय तथा प्रति वर्ष 10 प्रतिशत वृद्धि की जाए, वर्ष में पूरे 12 माह का वेतन भुगतान किया जाय, रसोईयों की सेवा अवधि 65 वर्ष किया जाय, प्रधानमंत्री श्रम योगी पेंशन योजना की उम्र सीमा 50 वर्ष किया जाय, मृत रसोईया के आश्रित को अनुकंपा के आधार रसोइया पर बहाल किया जाय, आकस्मिक अवकाश, महिला रसोइयों को विशेष अवकाश एवं



मातृत्व अवकाश दिया जाय। मौके पर बिंदु देवी, राजकुमारी देवी, ललिता देवी, जुबेदा खातून, मालती देवी, चीना देवी, करनी देवी, रेबुन खातून,, सुनरी देवी, कमली देवी, नीलम देवी, आशा देवी, बेबी देवी, दुलारी देवी अन्य मौजूद थीं।

## पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ एक वाहन को किया जप्त

**दैनिक समाज जागरण। निज संवाददाता बौंसी।**

बौंसी/बांकाः- बौंसी पुलिस ने 45 कार्टून विदेशी शराब के साथ स्कार्पियो वाहन को जप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार बौंसी पुलिस के एसआई उमेश कुमार प्रसाद दो आरोपी को गिरफ्तार कर लेटवाकुरा गांव से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान गश्ती वाहन को देखते ही एक काले रंग का स्कॉर्पियो वाहन तेजी से भागने लगा। पुलिस कर्मियों के द्वारा इसकी सूचना थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय को दी गई। जिसके बाद थानाध्यक्ष के निर्देश पर एसआई पंकज किशोर, अनिरुद्ध



कुमार, राजू कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों के द्वारा मुख्य चौक पर वाहन की तलाशी शुरू कर दी गई। इसी दौरान झारखंड की तरफ से आ रही स्कॉर्पियो वाहन को देख पुलिस मुस्तैद हो गई। पुलिस को देख स्कॉर्पियो वाहन के चालक ने स्कॉर्पियो को मेन चौंक पर खड़ी कर मौके से फरार होने में सफल हो गया है। वाहन को जप्त कर थाना परिसर लाया गया। तलाशी लेने पर वाहन से 45 कार्टून में 401 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। मामले में मध्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

## फरार चल रहे मारपीट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण। निज संवाददाता बौंसी।**

बौंसी/बांकाः- मारपीट के मामले में पिछले कई माह से फरार चल रहे दो आरोपी को बौंसी पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार कांड संख्या 290/22 के मुख्य अभियुक्त पूरन यादव और भादो यादव को केस के अनुसंधानकर्ता उमेश कुमार प्रसाद के द्वारा आरोपी के गांव लेटवाकुरा से शुक्रवार की रात को गिरफ्तार किया गया है। बताया जाता है कि दोनों आरोपी आपस में संबंधी हैं। दोनों का रिश्ता आपस में चाचा भतीजा का है। शनिवार को रेफरल अस्पताल में कोरोना जांच के उपरांत दोनों आरोपी को जेल भेज दिया गया। बताया जाता है कि, 8 दिसंबर 2022 को गांव में मामूली विवाद को लेकर दो गुटों में हिंसक झड़प हो गई थी। जिसमें लेटवाकुरा गांव के पूरन यादव और भादो यादव सहित 8 लोगों के विरुद्ध मारपीट को लेकर बौंसी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। सुरेश यादव व अन्य सदस्य के साथ-साथ उनके ही गोतिया पूरन यादव और भादो यादव सहित अन्य लोगों ने मारपीट की थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि, दोनों आरोपी घर में मौजूद है। जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## पालीगंज स्थित एशियन पब्लिक स्कूल के 6 वीं वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल

**पालीगंजः- संवाददाता वेद प्रकाश समाज जागरण**

पालीगंज/ शनिवार को स्थानीय बाजार के बाबा बोरिंग रोड में स्थित एशियन पब्लिक स्कूल का 6 वीं वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

जानकारी के अनुसार पालीगंज के बाबा बोरिंग रोड में स्थित एशियन पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन स्कूल प्रबंधन की ओर से किया गया। जिसका उद्घाटन पालीगंज एएसपी अवधेश दीक्षित ने विधिवत रूप से रिबन काटकर किया। वही उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एएसपी अवधेश दीक्षित ने कहा कि बच्चे वो फूल है जो बगैर खुशबू के महकते रहते है।




वे बच्चे देश का भविष्य है जिनके अंदर राष्ट्र सेवा व अच्छे संस्कार की भावना जागृत करने की जरूरत है। वही सभी आगन्तुको को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत व नृत्य प्रस्तुत किया। जिनकी शानदार प्रस्तुति पर दर्शकों व स्त्रोताओं ने झूमने पर मजबूर हो गए। मौके पर कार्यक्रम में भाग लेनेवाले सभी प्रतिभागियों को चयनित रैंक के अनुसार स्मृतिचिन्ह, मेडल व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर स्कूल के निर्देशक बिक्की चौहान, पूर्व मुखिया चंद्रसेन वर्मा, चंदन कुमार, बबलू कुमार, ज्वाला स्वरूप, विकास आर्या सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## लौरिया में गृह मंत्री अमित शाह ने किया विशाल आम सभा का आयोजन।

समाज जागरण संवाददाता बेतिया, बिहार राज्य स्थित पश्चिम चंपारण जिला के लौरिया में गृह मंत्री अमित शाह ने आज पब्लिक को संबोधित करते हुए कहा कि नीतीश कुमार के लिए भाजपा के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो चुका हैं। गृह मंत्री ने बेतिया के लोगों से आह्वान किया कि बेतिया वालों जोर से बोलो बिहार मे जंगल राज से मुक्ति चाहिए।
गृह मंत्री ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि मित्रों मैं आश्चर्यचकित हूं कि इतनी धूप में इतनी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं। आपके प्यार को मैं प्रणाम करता हूं। चंपारण महर्षि वाल्मीकि की भूमि है आजादी की धरती है। इस भूमि को मैं प्रणाम करता हूं। आप के पास मैं पूछने आया हूं कि विधानसभा चुनाव में आपने भाजपा को सबसे बड़ी पार्टी बनाया ज्यादा सीटें भाजपा की रही उसके बाद भी नरेंद्र मोदी ने डबल इंजन की सरकार चलाने और अपने वादे के अनुरूप नीतीश जी को बिहार का सीएम बनाया था लेकिन नीतीश भी ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें हर 3 साल में पीएम बनने का सपना देखते है । लोगो की तरफ इशारा करते हुए कहा कि आपको भी मालूम है कि नही बिहार के मुख्यमंत्री जिस जंगल राज के खिलाफ चुनाव लड़े वही लालू की गोदी में बैठे गए । सत्ता के कारण कांग्रेस सोनिया गांधी के चरणों में लेटे हुए है।
बिहार के लोगो से मै अपील करना चाहता हूं कि नीतीश और लालू का मेल यह अपवित्र गठबंधन है।
नीतीश बाबू आप पीएम बनने के लिए विकासवादी से वंशज वादी बने कांग्रेस और आरजेडी की शरण में आप गए हैं । पीएम बनने की महत्वाकांक्षा ने बिहार का बंटाधार कर दिया आखिर कहे।
**अमित शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश के राज मे** अपराध चरम पर जा रहा है। कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है. हत्या अपहरण डकैती बलात्कार दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। बालू माफिया, शराब माफिया का बोल बाला होगया। पीएफआई जैसे संगठन बिहार के अंदर केंद्र बना रहे है।
सभा को संबोधित करते हुए आगे कहा कि पार पाने का सूत्र है कि बिहार मे पीएम मोदी के नेतृत्व में 2024 मे दो तिहाई बहुमत पाकर बीजेपी की सरकार बने।




आगे कहा कि 15000 करोड़ के 3 हाईवे प्रोजेक्ट बिहार को दिया गया है लेकिन तीनों हाईवे प्रोजेक्ट के लिए जमीन ही नहीं दे रहे नीतीश आप बताएं क्या यह तीनों प्रोजेक्ट होने चाहिए या नहीं।
चंपारण के रक्सौल में बनने वाले हवाई अड्डे के लिए भी जमीन उपलब्ध नहीं कराई गई। जमीन तो दे दें प्रधानमंत्री जी ने 15000 करोड़ रुपए की मदद जो भेजी है इसमें रोड़ा मत बनिए वरना जनता आपका हिसाब किताब खोजेगी आपका सफाया इस बार तय है।

## बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ प्रखंड इकाई का गठन

मनेर। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बी ई ओ यदि विद्यालय में निरीक्षण करने जाते हैं तो वो निरीक्षण से पहले वह कक्षा में जाकर अध्ययन अध्यापन करें पढ़ाई के स्तर को भी देखें ना कि शिक्षकों की हाजिरी काट कर खानापूर्ति करके चलते बने। उक्त बातें प्रदेश एवं राष्ट्रीय महासचिव बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के डॉ भोला पासवान ने मनेर में प्रखंड स्तरीय शिक्षक संघ की गठन के अवसर पर शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा। इस मौके पर बंगेटा के जिला सचिव श्रीकांत मौआर ने भ्रष्ट पदाधिकारियों पर जमकर बरसे और भ्रष्ट पदाधिकारियों से शिक्षकों को कभी नहीं डरने की बात कही, वही पटना महानगर सह राष्ट्रीय सचिव सुधीर कुमार सिंह ने शिक्षकों का उत्साह बढ़ाया उन्होंने शिक्षकों से संगठन में मजबूती प्रदान करने का अपील की। मधुरेंद्र कुमार मधुप शिक्षकों को संबोधित किए असीम कुमार मिश्रा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने भी शिक्षकों को संबोधित करते हुए शिक्षकों को एकजुट रहने की बात कही।बैठक में सर्वसम्मति से रमाशंकर गुप्ता को अध्यक्ष अंकन शर्मा रंजू कुमारी धर्मेंद्र पासवान साजिद कमाल एवं सतीश कुमार को उपाध्यक्ष श्री बृजेश कुमार बृजेश को सचिव कुमारी स्मिता को अभिषेक कुमार तबस्सुम आरा भारती कुमारी और सरवर




अली को संयुक्त सचिव दिग्विजय दिव्यांशु को कार्यालय सचिव निरंजन कुमार को कोषाध्यक्ष केसरी कुमार को अंकेक्षक सुदामा पांडे और ओम प्रकाश यादव को जिला प्रतिनिधि के रूप में चयनित किया गया।चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में राकेश कुमार उपस्थित थे।

## अंग्रेजी शराब के साथ एक बोलेरो पिकअप जब्त, चालक सह तस्कर गिरफ्तार।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन।**

सुइया-बेलहर मुख्य सड़क मुख्य मार्ग के लेटवा के पास से बोलेरो पिकअप से 867.3 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया हैं। शनिवार को जहां पुलिस को सूचना मिली थी कि देवघर से बोलेरो पिकअप वाहन पर लदा क्रेट पर नारियल डाभ से भरा हुआ था। बेलहर एसडीपीओ प्रेमचंद सिंह एवं थानाध्यक्ष मनीष कुमार के द्वारा पुलिस ने मौके पर गश्ती के दौरान पुलिस टीम ने बोलेरो पिकअप को जांच किया तो वाहन से आफिसर च्वाइस ग्रांड व्हिस्की कंपनी के 180 एमएल का 604.8 लीटर, रायल स्टैगे के 750 एमएल का 252 लीटर, मैजिक मोमेंट्स 750 एमएल का डेढ़ लीटर, ब्लेंडर प्राइड 750 से मिलकर 9 लीटर कुल 867.3 लीटर



अंग्रेजी शराब बरामद किया। साथ ही दरभंगा जिले के मनिहारी गांव के चालक गौरी शंकर पासवान के पुत्र साजन पासवान को गिरफ्तार किया।

## खनन विभाग में गिट्टी लदे ओवरलोडेड ट्रक को किया जप्त

**दैनिक समाज जागरण। निज संवाददाता बौंसी।**

बौंसी/बांकाः- खनन विभाग की टीम ने शनिवार को थाना क्षेत्र के पाठक पुल समीप से एक ओवरलोडेड गिट्टी लदे ट्रक को जप्त कर लिया। जानकारी देते हुए खनन विभाग के पदाधिकारी हरिओम ओझा ने बताया कि, ओवरलोडेड ट्रकों की धरपकड़ के लिए निरंतर छापेमारी की जा रही है। बताया गया कि, शुक्रवार की देर रात ओवरलोडेड ट्रक गिट्टी लदे वाहनों के परिचालन की सूचना मिली थी। जिसके उपरांत बौंसी थाना के



मदद से लगातार छापेमारी प्रारंभ कर दी गई। इसी दौरान झारखंड की ओर से आ रहे ओवरलोडेड ट्रक के चालक ने पुलिस को देख ट्रक को खड़ी कर मौके से फरार हो गया। जांच उपरांत पता चला कि, गिट्टी का चालान भी नहीं है और वाहन पर क्षमता से अधिक गिट्टी लोड है। विभाग के द्वारा ट्रक को जप्त कर लिया गया है। विदित हो कि वाहनों की जांच से हंसडीहा भागलपुर मुख्य मार्ग पर वाहन चालकों में हड़कंप मचा हुआ था।

## प्याज फसल घेरने के दौरान पिता पुत्र के साथ मारपीट।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया।**

कटोरिया थाना क्षेत्र के तेलंगवा गांव के सुखदेव यादव शनिवार शाम को अपने प्याज फसल को बचाने के लिए घोरान दे रहे थे कि उनके गोतिया सूरत यादव बैजू यादव मीना देवी रंजू देवी जयंती देवी एवं फुलवंती देवी ने गोरांग को उखाड़ कर फेंक दिया जिसका विरोध रणधीर यादव एवं सुखदेव यादव ने किया। सभी आरोपी ने सुखदेव यादव को अपने घर तक घसीटते हुए लाठी-डंडे पत्थर से मारपीट कर जख्मी कर दिया । पिता के साथ मारपीट को लेकर पुत्र रणधीर यादव पिता को बचाने के लिए मौके पर पहुंचे तो उनके साथ सभी आरोपी ने मारपीट किया इसको लेकर सुखदेव यादव ने देर संध्या कटोरिया थाना में 6 व्यक्ति के विरुद्ध आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। इस घटना को लेकर दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति बनी हुई है कटोरिया पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। रणधीर यादव ने बताया कि यह लोग मन बहू किस्म के आदमी है मामूली बात पर मारपीट करने के लिए उतारू हो जाते हैं इसलिए कार्रवाई के लिए कटोरिया थाना में आवेदन दिया गया है।

## जमीन बंटवारा के बाद भी हिस्से वाली जमीन पर काम नहीं करने देने का आरोप

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया**

कटोरिया थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के उपेंद्र यादव ने अपने भाई पर जमीन बंटवारा के बाद भी काम नहीं करने देने का आरोप लगाकर कटोरिया थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। अपने दिए गए आवेदन में उपेंद्र यादव ने बताया कि हम लोग चार भाई हैं, और सभी जमीन का बंटवारा कर दिया गया और हम लोग सब अलग रहते हैं। इसके बावजूद सुभाष यादव, रामदेव यादव, दिवाकर यादव, प्रभात यादव, सुमंगला देवी छवि यादव काम करने नहीं देता है इसको लेकर शनिवार को उपेंद्र यादव ने कटोरिया थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है कटोरिया पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है

## मुखिया ने युवक-युवतियों के बीच अपनी जीविका पार्जन के लिए विभिन्न योजनाओं के बारे में दी विस्तृत जानकारी।

समाज जागरण संवाददाता कृष्णकांत तिवारी बगहा, को रामनगर प्रखंड के (खटौरी पंचायत) में मुखिया के अध्यक्षता में और जनप्रतिनिधी के साथ पंचायत के युवक-युवतियों के बीच अपनी जीविका पार्जन के लिए विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं लाभ लेने हेतु प्रेणित किया गया "आर्थिक हल, युवाओं



को बल" अंतर्गत तीनों योजनाएं यथा 1. बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, 2.मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, एवं 3. कुशल युवा कार्यक्रम योजना के बारे मे विस्तृत जानकारी छत्र और छात्रा को दिया गया। आज पंचायत में मुख्यमंत्री 7निश्चय योजना के अन्तर्गत प्रमुख योजना "आर्थिक हल, युवाओं को बल" को जन जन तक पहुंचया गया।

## मृतक रितेश बर्थडे में जाने को कह कर निकला था घर से, गोली लगने से हुई मौत

मनेर। गुरुवार की रात अपने घर पर रितेश बर्थडे में जाने की बात कह कर निकला था, जिसके बाद वह घर नहीं लौटा शुक्रवार की दोपहर उसकी शव गोरया स्थान- नीलकंठ टोला स्थित घर पर पहुची। मृतक रितेश के पिता





उमेश कुमार बताते हैं कि बर्थडे में जाने की बात कहकर निकला था। जिसके बाद देर रात तक नहीं लौटा तो हमने लगभग रात 12:00 बजे उसे फोन किया। लेकिन उसने फोन रिसीव नहीं किया। दूसरे दिन शुक्रवार को 12:00 बजे दोपहर में उससे बात हुई। कहा कि घर आते हैं घर के पास ही एक दोस्त के यहां रुके हुए हैं। थोड़ी ही देर बाद हमारे घर के नजदीक ही लोगों में फुसफुसाहट थी कि उसे गोली लगी है। इसके बाद सूचना मिली की बिहटा के एक अस्पताल में उसे भर्ती किया गया है। जब हम लोग वहां पहुंचे हैं तो तब तक उसके बारे में बताया गया कि उसकी मौत हो चुकी है। मृतक युवक का शव उसके घर पर चला गया। आनन-फानन में हम लोगों ने शव को दाह संस्कार कर दिया। उन्होंने बताया कि उसके बेटे के पैर में 2 गोलियां लगी थी फिर सवाल उठता है कि आप ने प्राथमिकी क्यों नहीं दर्ज कराई इस बात का कोई जवाब नहीं दे पाते हैं। इधर ग्रामीणों का कहना है कि मृतक युवक रितेश की बिहटा के अमनाबाद सोन घाट पर गोली लगने से मौत हो गयी है। जिसमे दो मृतक भोजपुर जिले के बताए जा रहे है।

## सेमिनार का आयोजन

मनेर। हुददा पर स्थित केवाईसी सेंटर में सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के द्वारा निःशुल्क बीबीए और बीसीए जैसे वोकेशनल कोर्स के बारे में बताया गया। ताकि सरकार द्वारा सहायता प्राप्त कर कोई भी बच्चा अपना भविष्य बना सके चाहे वो गरीब परिवार से ही क्यों ना हो। और अपने पैरो पर



खड़ा हो सके । उपरोक्त अवसर पर केवाईसी के केंद्र संचालक आशीष कुमार रवि ने भी बच्चों को संबोधित कर शिक्षा से जुड़े कई बातों की जानकारी दी। इस अवसर पर सागर कुमार, संस्थान की सचिव लीला चौधरी, मो वसीम, अमरचंद कुमार, दिलनवाज हुसैन आदि लोग मौजूद थे।

## चांदन सिओ प्रशांत शांडिल्य ने अग्नि पीड़ित किसान को दिया 9,800 का चेक

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो उमाकांत साह**

बांका/चांदनः प्रखंड क्षेत्र के बडफेरा तेतरिया पंचायत अंतर्गत के तेतरिया गांव निवासी सुखदेव यादव को आपदा राहत कोष से शनिवार 25 फरवरी को चांदन सीओ प्रशांत संडे लेने ₹9800 का चेक प्रदान किया. जानकारी के अनुसार बीते दिन तेतरिया गांव निवासी पीड़ित किसान वासुदेव यादव के घर असामाजिक तत्वों द्वारा आग लग गई थी जिसे हजारों रुपए की संपत्ति जलकर नष्ट हो गया था। जिसकी जानकारी




पर चांदन सीओ प्रशांत शांडिल्य ने पीड़ित किसान को सुइया थाना परिसर में थाना अध्यक्ष मनीष कुमार पुर्व मुखिया भैरो मरीक आदि लोगों कि उपस्थिति में आपदा राहत कोष के तहत ₹9800 का चेक प्रदान किया गया। इस संबंध में चांदन सी ओ प्रशांत शांडिल्य ने बताया अग्नि पीड़ित किसान को आर्थिक सहायता के रूप में आपदा राहत कोष से ₹9800 का चेक प्रदान की गई है साथ ही आगे की कार्रवाई करते हुए पीड़ित को आपदा विभाग से जो भी राशि आवंटित किया जाएगा वो भी चैक के माध्यम से जल्द से जल्द दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## भूमि विवाद से संबंधित लगा जनता दरबार शिविर में दो मामला हुआ निष्पादन

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो उमाकांत पौदार**

बांका/ चांदनः जिला प्रशासन के निर्देश पर प्रत्येक सप्ताह की तरह भूमि विवाद से संबंधित सुइया थाना परिसर में शनिवार 25 फरवरी को जनता दरबार शिविर आयोजित की गई। आयोजित शिविर में मुख्य रूप से चांदन अंचलाधिकारी प्रशांत शांडिल्य एवं थाना अध्यक्ष मनीष कुमार आदि पुलिस बल मौजूद



थे. जनता दरबार शिविर में तीन नया मामला दर्ज किया गया। जिसमें एक रास्ता से संबंधित दुसरा नापी एवं तीसरा भयादि बटवारा से संबंधित मामले को दर्ज कर दस्तावेज अवलोकन किया गया। वहीं भूमि विवाद से संबंधित रैयतों द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेज में त्रुटि देखते हुए,अगले शनिवार को साख सबूत प्रस्तुत करने को कहा गया। इसी क्रम में पुर्व के पेंडिंग दो रैयती मामले को गंभीरता पूर्वक जांच उपरांत फरियादियों को के बीच आपसी समझौता कर निष्पादित किया गया। मौके पर रैयत फरियादी के साथ पुर्व मुखिया भैरो मरीक एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन के धक्के से बच्ची जख्मी, रेफर

**दैनिक जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन।**

सुईया थाना क्षेत्र के छिड़ा गांव के समीप शनिवार को अज्ञात वाहन के धक्के से एक 12 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। जख्मी बच्ची गांव के बिरजू खैरा की पुत्री चांदनी कुमारी को स्वजनों द्वारा रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां प्रभारी डा. एसडी मंडल ने इलाज कर बेहतर इलाज के लिए देवघर रेफर कर दिया । जानकारी के अनुसार बच्ची सड़क किनारे खेल रही थीं। तभी अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बच्ची को धक्का लग गया। अज्ञात वाहन चालक भागने में सफल रहा।

# थाना प्रांगण में होली के पर्व को लेकर शांति समीति की बैठक

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

रायपुर सादात, आगामी होली एवं शबे बारात को लेकर ग्रामों के प्रधान व



संभ्रांत लोगी की बैठक सी. ओ नगीना संग्राम सिंह ने ली उन्होंने कहा कि होली का त्यौहार खुशी एवं हर्षोल्लास का है इसे सभी को मिल झुल कर मनाना चाहिये सभी को शान्ति और सद्भाव बनाये रखना है सभी त्यौहार सोहार्द, और शान्ति पूर्वक मनाये, जो भी माहौल को खराब करने की कोशिश करेगा उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।होली के जलूस को शांतिपूर्वक निकालने के लिये आपस में भाई चारा बनाये रखना है।

(कार्यवाहक )थानाध्यक्ष मनोज कुम २ प्रदीप कुमार, प्रधान मोहम्मद हारुन, जोगीरमपुरी, प्रधान विमला देवी,प्रधान नईम अहमद चन्दनवाला, प्रधान शहजाद अहमद कोट कादर, रानिकोटा प्रधान प्रीतिनिधि शेख गुलजार अहमद डॉ दया राम सैनी अनिल राणा, कपिल देव आदि मौजूद रहे।

# गुलदार ने एक और महिला पर हमला कर किया जख्मी

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर में आज दिनांक 25/ 2/2023 को समय



लगभग 5:45 शाम को राजो देवी पत्नी स्वर्गीय जगदीश सिंह उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम फतेहपुर थाना नगीना जनपद बिजनौर फतेहपुर के जंगल में घास काटने गई थी वही घात लगाकर गन्ने के खेत में बैठे गुलदार ने राजो देवी पर हमला बोल दिया वहीं पर काम कर रहे कुछ गांव वालों ने शोर सुनकर वहां आए और राजो देवी को गुलदार के मुंह से छुड़ाया तथा घायल राजो देवी को सीएससी लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे प्रथम उपचार कर घर भेज दिया वही गुलदार के हमले से आसपास के गांव में दहशत का माहौल पैदा हो गया है ग्राम वासियों ने वन विभाग के अधिकारियों से अपील की है कि जल्द से जल्द गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाए।

## उन्नति योजना के अंतर्गत डेयरी फार्मिंग एंड वर्मी कंपोस्ट मेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ

ओंकार नाथ चौधरी

श्रावस्ती, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निदेर्शानुसार इंडियन बैंक स्वरोजगार



प्रशिक्षण संस्थान, श्रावस्ती के तत्वाधान में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत विकास खंड गिलौला में उन्नति योजना के अंतर्गत डेयरी फार्मिंग एंड वर्मी कंपोस्ट मेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ खंड विकास अधिकारी गौरव पुरोहित, अग्रणी जिला प्रबंधक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव एवं संस्थान के निदेशक सुभाष चन्द्र मित्रा द्वारा सरस्वती माँ की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। संस्थान के निदेशक द्वारा प्रतिभागियों को मन लगाकर रोजगारपरक प्रशिक्षण प्राप्त करने एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी।

इस अवसर पर इंडियन बैंक के गिलौला के शाखा प्रबंधक आकाश कुमार श्रीवास्तव,` ब्लॉक मिशन प्रबंधक रेनू, रियाज अहमद, नसरुद्दीन, अमित कुमार एवं संस्थान के संकाय सदस्य अशोक कुमार पाठक, आनंद कुमार मौजूद रहे

# आंगनबाड़ी केंद्रों का जिला कार्यक्रम अधिकारी ने किया निरीक्षण, केंद्रों की समुचित साफ-सफाई का दिया निर्देश

ओंकार नाथ चौधरी

बलरामपुर जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा विकासखंड गैसड़ी के ग्राम पंचायत पकड़ी में आंगनबाड़ी केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस आंगनबाड़ी केंद्र की संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत मिली थी कि यह आंगनबाड़ी केंद्र संचालित नहीं होती है। जांच में पाया गया कि पूर्व से चल रहे आपसी मतभेद के कारण शिकायत की गई है, इसका वाद न्यायालय में लंबित है। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा तत्काल पोषण स्तर पर लाभार्थियों का आधार फीड कराते हुए माह का राशन प्राप्त होने के उपरांत वितरित किए जाने का निर्देश दिया।

इस दौरान उन्होंने 5 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्र संचालित पाए जाए। कुछ केंद्रों पर बच्चों की उपस्थिति कम पाए जाने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए बच्चों की उपस्थिति पढ़ाई जाने का निर्देश दिया गया।

आंगनबाड़ी केंद्र सोनपुर में साफ सफाई ना होने पर संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

# युवा तृणमूल कांग्रेस की ओर से विशेष आवश्यकता वाले एक व्यक्ति को व्हील चेयर प्रदान किया गया।

**रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण**

सिलीगुड़ी : खोरीबाड़ी प्रखंड युवा तृणमूल विशेष जरूरतों वाले अमीन के



साथ खड़ी रही। शनिवार को खोरीबाड़ी प्रखंड युवा तृणमूल ने खोरीबाड़ी प्रखंड के दोहागुरी क्षेत्र के विशेष आवश्यकता वाले एक व्यक्ति को व्हील चेयर दी। अमीन कुछ महीने पहले अचानक शारीरिक रूप से विकलांग हो गए। खबर मिलने के बाद अमीन को व्हील चेयर दी गई। अमीन व्हील चेयर पाकर खुश हैं। इस मौके पर ब्लॉक युवा तृणमूल अध्यक्ष किशोरी मोहन सिंह, खोरीबाड़ी पंचायत समिति के उपाध्यक्ष महेश चंद्र सिंह समेत अन्य सदस्य मौजूद थे.

किशोरी मोहन ने कहा खोरीबाड़ी प्रखंड युवा तृणमूल लंबे समय से लोगों के साथ खड़े रही है। यह कार्यक्रम आने वाले दिनों में भी होगा।

# बगल में छोरा शहर में ढिंढोरा बाप ने बच्चे को दोस्त के घर सोते छोड़ा

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

अफजलगढ़। नगर में देर शाम एक बच्चे के सब्जी मंडी से लापता होने के खबर आग तरह फैल गई। बच्चे को तलाशने वालों का सब्जी मंडी में हुजुम लग गया।जहां मस्जिद में बच्चे की जानकारी के लिए ऐलान करवाया गया वहीं पुलिस को भी बच्चे के गायब होने की सूचना दी गई ।लेकिन हुआ वहीं कि नगर में ढिंढोरा बगल में छोरा। जानकारी अनुसार शुक्रवार को बिहार प्रान्त के रहने वाले रामसेवक द्वारकेश शुगर मिल में कर्मचारी हैं वह अपने पुत्र सचिन उम्र 11 वर्ष को अपने साथ लेकर गांव सलावातनगर अपने दोस्त जयमगल के घर आये थे। वह शाम के समय वह सब्जी मंडी गये थे अपनी किसी धुन में बच्चे का एहसास गुमान नहीं रहा कुछ घंटों बाद अचानक उनका ध्यान बच्चे की ओर गया जो उन्हें गायब मिला ।बच्चे के लापता होने की खबर



नगर में आग की तरह फैल गई। बच्ची को तलाश किया गया वहीं इसकी सूचना पूलिस को दी गयी बच्चे के लापता होने की सूचना पर पुलिस के हाथ पैर फूल गए ।जिस पर सीसीटीवी कैमरे तलाशे तथा व्हाट्सएप की मदद से बच्चे को तलाशने में जुट गये। लेकिन किसी को क्या पता था कि नगर में ढिंढोरा व बगल में छोरा बाप ने बच्चे सोते छोड़ा।हुऑ यूं कि पिता जहां अपने दोस्त के यहा पर गया था। वह ही अपने बच्चो को अपने दोस्त के घर ही छोड़ आया था।काफी समय बाद जब दोस्त के यहां तलाशने का ध्यान आया तो बच्चे के वहां होने का पता चला जिस पर पिता पुलिस सहित सब ने राहत की सांस ली।जिसपर पुलिस ने बच्चो को लाकर पिता को सौप दिया।

# महाविद्यालय के छात्रों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत निकाली रैली

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर लोगों को किया जागरूक

मुसाफिरखाना के स्थानीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के दौरान विद्यालय के छात्र छात्राओं ने क्षेत्र के ग्राम पंचायत धरौली में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया।

शनिवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आयोजित विशेष शिविर के दौरान ग्राम पंचायत धरौली में प्राचार्य डॉ बृजेश सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर छात्र छात्राओं को ग्राम सभा में भ्रमण कर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत



लोगों को जागरूक करने के लिए रवाना किया इस दौरान विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ वंदे मातरम भारत माता की जयकारों के साथ स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत नारी का करो सम्मान गुटखा खैनी पान मसाला बंद करो बंद करो के नारों के साथ लोगों को नियमों का पालन करने की जानकारी देते हुए जागरूक किया आयोजित रैली के समापन के उपरांत सत्य साईं दाता की कुटी पर जाकर विद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज कुमार के निदेर्शानुसार समस्त छात्र छात्राओं ने स्वच्छता को लेकर साफ सफाई की इस दौरान रैली में मुख्य रूप से अंजलि अनुजा सृष्टि त्रिपाठी रोहित अमन सहित अन्य विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने सूचना विभाग की एल0ई0डी0 वैन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

ओंकार नाथ चौधरी

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का एलईडी वैन के माध्यम से होगा व्यापक प्रचार-प्रसार-जिलाधिकारी

श्रावस्ती, देश एवं प्रदेश सरकार जन-जन के विकास एवं उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है, इसके लिए सरकार द्वारा गरीब, असहाय, निर्धन वर्गो के उत्थान के साथ ही किसानो के उत्थान के लिए तमाम योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओ का व्यापक प्रचार प्रसार सूचना विभाग के एलईडी वैन द्वारा शुक्रवार से प्रारम्भ किया गया है जो जिले के सभी विकास खण्डो एवं गांवो में जाकर फिल्म दिखाकर व्यापक प्रचार प्रसार किया जायेगा, ताकि अधिक से अधिक लोग सरकार की योजनाओ की जानकारी उन्हे मिल सके तथा वे इसका लाभ भी उठा सके।

उक्त विचार कलेक्ट्रेट कैम्पस से सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, लखनऊ से इस जिले में व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आयी एल0ई0डी0 वैन/वीडियो वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने व्यक्त किया। उन्होने कहा कि जागरूकता के अभाव में तमाम लोगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओ की



जानकारी न होने के कारण वे पात्र होने के बाद भी सरकार की योजनाओ से संतृप्त नही हो पाते है। निश्चित ही जिले में इस वीडियो वैन के माध्यम से लोगों को सरकार की योजनाओ से सम्बन्धित वृहद जानकारी होगी और वे सरकार की योजनाओ से जुड़कर लाभ उठायेंगे। उन्होने बताया कि एलईडी वैन द्वारा क्रमशः प्रदेश सरकार की उपलब्धियों, यू0पी0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 से रिकार्ड निवेश एवं रिकार्ड रोजगार, नमामि गंगे, पूर्वांचल एक्सप्रेस -वे, मिशन शक्ति, ह्लह्लबेटी बचाओ बेटी पढ़ाओह्लह्ल, शिक्षा, श्रम, सेवायोजन, पेंशन, सिंचाई, आईसीडीएस, अल्पसंख्यक कल्याण, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओ की एलईडी वैन द्वारा फिल्म दिखाकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा, ताकि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओ से जन-जन को अवगत कराया जा सके।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी आशुतोष, जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ, जिलाधिकारी के आशुलिपिक चन्द्रमौली श्रीवास्तव, सुनील प्रियदर्शी सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 8वीं वाहिनीं सशस्त्र सीमा बल खपरैल द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम 2022-23 का शुभारंभ।

**रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण**

सिलीगुड़ी : 8वीं वाहिनीं सशस्त्र सीमा बल खपरैल द्वारा शनिवार को बाहय सीमा चौकी बाखोर के आले ग्राउंड में नागरिक कल्याण कार्यक्रम 2022-23 का शुभारंभ मुख्य अतिथि एलबी राय नगरपालिका अध्यक्ष मिरिक साथ में चन्द्र पाल सिंह राठौर कार्यवाहक कमांडेंट 8 वीं वाहिनी, श्रेयशी मैती बीडीओ मिरिक, मृदुल सृमनी डीएमडीसी मिरिक, उप कमांडेंट राजु यादव एवं अन्य माननीयों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया कइसके उपरांत कार्यवाहक कमांडेंट ने बताया कि एसएसबी द्वारा इस कार्यक्रम के अंतर्गत पशुपतिफातक, ओकैटी एवं बाघखोर क्षेत्र के विद्यालय व क्लबों के बीच आज कुल 83 खेल-कूद के सामान का वितरण किया गया क इसके अलावा सिसने व इकतिसे क्षेत्र को कुल 04 सोलर स्ट्रीट लाइट का वितरण किया गया कहमारा उदेश्य आप सभी का सर्वांगिक विकास करना रहा है, फिर चाहे वो बौधिक रूप से हो या सामाजिक रूप से हों या फिर शारीरिक रूप से ककिसी भी क्षेत्र के विकास के लिए स्थानीय लोगों का विकसित होना बहुत जरूरी होता हैकयुवाओं को शिक्षा व खेल-कूद के क्षेत्र में कुशल बनाना जरूरी हैकइन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए एसएसबी युवाओं को आत्म-निर्भर बनाने हेतु समय-समय पर रोजगार आधारित प्रशिक्षण हर साल करवा रही हैकइसके अलावा एसएसबी का उद्धेश्य है इस कार्यक्रम के माध्यम से खेल को बढ़ावा देना क इस



अवसर पर डीएमडीसी मृदुल श्रीमनी जी के द्वारा सीमावर्ती लोगों को ह्लनशा मुक्त भारत अभियानह्व के तहत नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया व नशा ना करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एलबी राय नगरपालिका अध्यक्ष मिरिक ने अपने संबोधन में बताया कि 8वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल खपरैल के द्वारा खेल को बढ़ावा देने हेतु खेल झकूद की सामग्री वितरण करना एक अच्छी पहल है जिससे इस क्षेत्र के युवा खेल के क्षेत्र मे आगे बढ़ेगेकइस अवसर पर 8 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के निरीक्षक राजेश कुमार, निरीक्षक विश्वरूप मजुमदार व अन्य बलकर्मियों के आलावा श्री रामू शर्मा इक्ळ फारेस्ट अधिकारी, व अन्य 130 स्थानीय लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे

# शादी की खुशिया बदली मातम में रोड एक्सीडेंट में तीन की मौत

**दैनिक समाज जागरण, बढ़ापुर संवाददाता**

बढ़ापुरः थाना क्षेत्र के एक गांव के समीप एक सड़क दुर्घटना में पिता पुत्र सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई तथा एक गम्भीर रूप से घायल हो गया है। सूचना पर पहुची पुलिस ने घायल को उचित उपचार के लिए सीएचसी नगीना भिजवा दिया तथा शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिता पुत्र की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि शनिवार को थाना क्षेत्र के ग्राम

सादातपुर गढ़ी निवासी नफीस 50 वर्ष पुत्र अब्दुल हमीद अपने पुत्र शाहरुख 21 वर्ष के साथ नगर में खरीदारी के अ रहे थे। ग्राम इस्लामगढ़ में गगन ईंट भट्ठे के समीप विपरीत दिशा से रहे बाइक सवार तहसीन ने बैल बुग्गी से बचाने के लिये बचाया तो दोनों बाइक आमने सामने टकरा गई। जिसमें बाइक नफीस,शाहरुख व तहसीन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तहसीन के साथ बाइक पर बैठा सलीम गम्भीर रूप से घायल हो गया। तीन लोगों की मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। आनन फानन में राहगीरों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुचीं पुलिस ने घायल सलीम को उचित उपचार के लिये सीएचसी नगीना भिजवा दिया तथा मृतक



नफीस,शाहरुख व तहसीन के शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

बॉक्सः- दूल्हे की शेरवानी की जगह शरीर पर कफन पहन गया शाहरुख। बताया जा रहा है कि शाहरुख की आगामी 3मार्च को शादी तय हो चुकी थी। शादी की रस्मे पूरी करने की तैयारी व शादी के लिये बाजार से खरीदारी के लिये ही शाहरुख अपने पिता के साथ बढ़ापुर आ रहा था। परन्तु शायद उसे यह नही पता था कि रास्ते मे मौत उसका इंतजार कर रही है

बॉक्सः- चार बहनों का इकलौता भाई था शाहरुख।

बताया जा रहा है कि मृतक शाहरुख अपने पिता का इकलौता पुत्र था। इकलौता पुत्र इस प्रकार था कि मृतक शाहरुख के बड़े भाई की भी सड़क दुर्घटना में कुछ समय पहले मौत हो चुकी है। जिस कारण शाहरुख अब अपने परिवार का इकलौता चिराग था। शाहरुख की चार बहने जो कि रोती बिलखती अपने भाई के घर आने का इंतजार करती रह गई। बताया जा रहा है कि रविवार को शाहरुख के दहेज उसके घर आना था परन्तु आज शाहरुख की मौत से सारी खुशी व तैयारी मातम में बदल दी।

# किसानी ही नहीं गृहस्थी को भी नुकसान पहुंचा रहे आवारा पशु

भेटुआ अमेठी

आवारा पशु मौजूदा समय में ऐसी विकट समस्या बनकर उभरे हैं जिससे हर कोई आजिज है

क्या किसान,क्या पशुपालक अब तो गृहस्थी के लोग भी आवारा पशुओं की बढ़ती समस्या से सकते में आकर सरकार पर समस्या को अनदेखा करने के आरोप लगाने लगे हैं

अपने घर पर क्यारियों में सब्जियां तथा फूलों की रोपाई करने वाले वृजेन्द्र कहते हैं पहले इन्हीं क्यारियों से खाने के लिए सब्जी का इंतजाम हो जाता था लेकिन बीते दो सालों से सब्जी तो छोड़िये क्यारी में फूल तक नहीं लग पाते,गाँव में मौजूद आवारा पशु अवसर पाते ही सारी मेहनत मिट्टी में मिला देते हैं

सुशील का कहना है धान की फसल कटकर द्वार पर पीटने हेतु रखी है,खेतों की रखवाली करके किसी तरह फसल तैयार की लेकिन अब फसल द्वार पर रखी है फिर भी आवारा पशु रात में आकर फसल चट कर जा रहे हैं

कुछ ऐसा ही हाल बयां किया है पशुपालक लालता प्रसाद ने, कहते हैं अपने पशुओं का पेट नहीं भर पा रहा क्योंकि जो चारा पालतू जानवरों को देता हूँ उसे आवारा पशु आकर खा लेते हैं

कुल मिलाकर देखा जाए तो आवारा पशुओं की समस्या बढ़कर विकराल रूप लेती जा रही है जिसपर यदि समय रहते सरकार अंकुश न लगा सकी तो जहाँ सरकार की लोकप्रियता को नुकसान पहुंचने की संभावना है वहीं उसे जनता के विरोध का भी सामना करना पड़ सकता है

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अन्तर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

ओंकार नाथ चौधरी

श्रावस्ती, प्रदेश के सभी जनपदों में 2022-23 से संचित की जाने वाली ह्लह्लमुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनाह्लह्ल में पात्र लाभार्थियों का अनुमोदन प्राप्त करने एवं उनका रैंडमाइजेशन करने हेतु जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुल 86 आवेदकों में से 62 पत्र शिकायतों का कमेटी की अध्यक्ष/जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदन किया गया, जिनमें 57 आवेदक प्रथम वर्ष निवेश हेतु और 05 आवेदक मत्स्य बीज बैंक हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे। दोनों योजनाओं में मानक लागत रु0 4.00 लाख प्रति हेक्टेयर के सापेक्ष सभी वर्गों के लाभार्थियों को 40 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। जिनका रैण्डमाइजेशन कराने के उपरान्त सूची



मुख्यालय को भेजी जायेगी।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता के रूप में अधिशासी अभियंता सिंचाई सरयू नहर खण्ड-6 को नामित किया है। कृषि विज्ञान केन्द्र के मत्स्य वैज्ञानिक के रूप में डॉ0 संजीव कुमार और मछुआ के रूप में विदेश कुमार निषाद ग्राम-मधवापुर सर्रा जमुना को नामित किया है।

इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष/मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, उप निदेशक कृषि कमल कटियार, सदस्य सचिव/सहायक निदेशक मत्स्य सुरेश कुमार, ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक रेवती रमन चौधरी, अवर अभियंता लघु सिंचाई सहित समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

# एशियन हाईवे 2 पर दो वाहनों की आमने - सामने की टक्कर में 11 लोग घायल

**रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण**

सिलीगुड़ी : एशियन हाईवे -2 पर दो वाहनों की आमने - सामने की टक्कर में 11 लोग घायल हो गये। हादसा शुक्रवार रात नक्सलबाड़ी में खालपाड़ा मोड़ संलग्न एशियन हाईवे 2 पर हुआ। स्थानीय सूत्रों के अनुसार बिहार नंबर का एक चार पहिया वाहन सिलीगुड़ी से बिहार जा रहा था। जिसमें 2 लोग सवार थे। एक ऑटो पानीटंकी से सिलीगुड़ी की ओर आ रही थी। उक्त ऑटो में 9 लोग सवार थे। नक्सलबाड़ी में खालपाड़ा मोड़ संलग्न एशियन हाईवे 2 पर चारपहिया वाहन के साथ ऑटो की आमने- सामने की टक्कर हो गई। टक्कर की तेज आवाज सुनकर स्थानीय लोगों मौके पर पहुंचे और घायलों को वाहन से बरामद किया। दूसरी ओर, घटना की खबर मिलते ही नक्सलबाड़ी पुलिस और दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे। घटना में ऑटो में दो लोग फंस गये। काफी मशक्कत के बाद उन्हें निकाला गया। गया, जहां बाद में सभी को उत्तरबंग मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस रात में दुर्घटनाग्रस्त



इस घटना में कुल 11 लोग घायल हुए हैं। घायलों को पहले नक्सलबाड़ी अस्पताल ले जाया दोनों वाहनों को थाने ले आई है। नक्सलबाड़ी थाना पुलिस पूरे घटना की जांच में जुट गई है।

# नक्सलबाड़ी होली पैलेस क्रिश्चियन अस्पताल में एनआईसीयू यूनिट का उद्घाटन

**रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण**

सिलीगुड़ी : ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाओं को बढ़ाने के लिए होली पैलेस क्रिश्चियन अस्पताल, नक्सलबाड़ी में एनआईसीयू यूनिट का उद्घाटन किया गया। इनर व्हील क्लब ऑफ सिलीगुड़ी उत्तरायण के तत्वावधान में आशियाना कार्यक्रम के तहत नवजात शिशुओं के लिए इस एनआईसीयू यूनिट का उद्घाटन किया गया है। इस दौरान एडीजी आईजीपी नॉर्थ बंगाल अजय कुमार, दार्जिलिंग जिला पुलिस अधीक्षक संतोष निंबालकर, संस्था की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, अध्यक्ष श्वेता अरवाल, प्रमुख व्यवसायी अमित अग्रवाल सहित अस्पताल के डॉक्टर मौजूद थे। पूजा अग्रवाल ने कहा कि आने वाले दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में आम लोगों को चिकित्सा सुविधा




उपलब्ध कराने के लिए इस एनआईसीयू यूनिट का उद्घाटन किया जाएगा। नक्सलबाड़ी सिलीगुड़ी शहर से काफी दूर है। जिससे नवजात शिशुओं को बचाना अक्सर संभव नहीं हो पाता है। एडीजी नॉर्थ बंगाल अजय कुमार ने कहा कि अब एनआईसीयू यूनिट खुलने से क्षेत्र के लोगों को लाभ होगा।

# कानपुर में लुटेरे दरोगाओं और दीवान के खिलाफ बर्खास्ती की कार्रवाही शुरू

सुनील बाजपेई

आरोपी पुलिस वालों की बर्खास्तगी की कार्रवाई शुरू होने से भ्रष्टाचार में लिप्त पुलिस वालों में हड़कंप

कानपुर। यहां कानपुर देहात के सिकंदरा में रहने वाले कारोबारी सत्यम शर्मा से चेकिंग के नाम पर 5.30 लाख रुपये लूटने के आरोपी दो दरोगाओं और एक हेड कांस्टेबिल को कल शुक्रवार को जेल भेजने के बाद अब तीनों के खिलाफ नौकरी से बर्खास्त करने की भी कार्रवाही शुरू कर दी गई है। उनके खिलाफ कल सचेंडी में लूट का मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसके बाद दरोगा रोहित सिंह, दरोगा यतीश कुमार और हेड कांस्टेबल अब्दुल राफे को गिरफ्तार कर लिया गया था।

तीन पुलिसकर्मियों ने इस घटना को दीपू चौहान ढाबे के पास अंजाम दिया था। इनमें दो सादे कपड़ों और एक वर्दी पहने हुए था। यहां डरा धमका कर इन पुलिस वालों ने चेकिंग के बहाने व्यापारी सत्यम शर्मा से 5.30 लाख रुपये लूट लिए थे। इसके बाद कारोबारी ने घटना की जानकारी इंस्पेक्टर सचेंडी प्रद्युम्न सिंह को दी थी। उनकी जांच में आरोपी पुलिसकर्मियों की पहचान डीसीपी जोन कार्यालय में स्वॉट टीम में तैनात दरोगा यतीश कुमार, हेड कांस्टेबल अब्दुल राफे और सचेंडी थाने में तैनात दरोगा रोहित सिंह के रूप में हुई थी, जिसके बाद डीसीपी पश्चिम विजय ढुल के आदेश पर सचेंडी थाने में कारोबारी की तहरीर पर लूट, धमकी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर लूट के रुपये भी बरामद करते हुए जेल भेज दिया गया था। जिसके बाद अब तीनों के खिलाफ बर्खास्तगी की भी कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है ,जिससे भ्रष्टाचार में लिप्त अन्य पुलिस वालों में भी हड़कंप मचा है।

## सीमेंट से भरा ट्रक पेड़ से टकराया, ट्रक चालक की मौके पर मौत

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

चालक को नींद आने की वजह से घटी दुर्घटना

बालाघाट।(26फरवरी)लामता थाना अंतर्गत लामता नैनपुर मंडला मार्ग पर तेज रफ़्तार सीमेंट से भरा ट्रक पेड़ से टकराने से ट्रक चालक की मौके पर मौत हो गयी।जानकारी अनुसार बिलासपुर से सीमेंट भरकर ट्रक चालक बिरसा तहसील अंतर्गत कनिया निवासी बालाराम पिता संपत यादव उम्र 30 वर्ष सीमेंट से भरे ट्रक को मंडला, नैनपुर, लखनादौन जा रहा था कि अचानक चालक को नींद की झपकी आ गयी जिससे तेज रफ़्तार ट्रक अनियंत्रित होकर मार्ग के किनारे स्थित पेड़ से जा टकराया जिसमे 30 वर्षीय बालाराम यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि वाहन चालक का शव ट्रक में बुरी तरह से फंस गया था जिसको जेसीबी कि मदद से अलग कर निकाला गया।घटना की सूचना के बाद लामता पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। ट्रक के अंदर फंसे ड्राइवर के शव को बाहर निकालकर एम्बुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लामता पहुंचाया, जहाँ चिकित्सक ने ट्रक



चालक बालाराम की मौत की पुष्टि करते हुए शव का पीएम करवाया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है। घटना इतनी जबरदस्त थी कि पेड़ से टकराये ट्रक के सामने का भाग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। ट्रक को हटाने जेसीबी की मदद लेनी पड़ी।

# संपत्ति विवाद में भाई ने किया भाई का खून,एक महीने बाद पुलिस ने किया आरोपियों को गिरफ्तार

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(26फरवरी) क्या लेकर आया बन्दे क्या लेकर जायेगा,मुट्ठी बंदकर आया मुट्ठी बंदकर जायेगा उक्त पंक्ति को सभी अच्छी तरह से समझते हैं जानते हैं उसके बाद भी कुछ पैसे, इंच दो इंच जमीन का दुकडे के लिए भाई भाई का दुश्मन बन जाता हैं यहाँ तक कभी कभी एक दूसरे का जान भी लें लेता हैं ऐसा ही एक मामला पुलिस ने उजागर किया हैं।संपत्ति के लिए रिश्ते के भाई का कत्ल कर उसे जमीन में दफनाए जाने के सनसनीखेज अंधे हत्याकांड का खुलासा बालाघाट पुलिस ने किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस हत्या का मुख्य आरोपी और उसके तीन साथी फरार हैं। पुलिस सरगर्मी से आरोपियों की तलाश कर रही है।

पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने बताया कि भीम खोब्रागढ़े ने सुनियोजित तरीके से परिवार में इकलौते विशाल खोब्रागढ़े की संपत्ति हड़पने के लिए उसे मारने की साजिश रची।भीम ने अपने साथी गणेश उईके, मदन खोब्रागढ़े, बालकृष्ण उर्फ बालु दमाहे सहित लामता के तीन आरोपियों को पैसे का लालच दिया। उन्हें भी अपने साथ इस वारदात में जोड़ लिया। भीम अपने साथ विशाल को लेकर टवेरा वाहन में गया और शराब पिलाई। शराब के नशे में ही साथियों के साथ रास्ते में गाड़ी के अंदर गमछे से विशाल खोब्रागढ़े का गला दबाकर हत्या कर दी। उसने साक्ष्य छिपाने लामता थाना के चरेगांव चौकी में आमाखोली जंगल के सूखे नाले में गढ्ढा खोदकर शव को दफना दिया था।

विशाल के नजर नहीं आने पर उसकी मां लगातार उसके बारे में पूछ





रही थी। भीम परिजनों को लगातार गुमराह करता रहा। वह साथियों को भी मुंह बंद रखने की धमकी देता रहा। जब पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संदेहियों को उठाकर पूछताछ किया, तो विशाल की हत्या का राज खुल गया। विशाल खोब्रागढ़े 25 जनवरी से लापता था। ठीक एक महीने बाद ही पुलिस आरोपियों को मीडिया के सामने लेकर आई। मां ने पुलिस को गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया था कि विशाल 25 जनवरी को दोस्त के बहन के फलदान में वारासिवनी जाने की बात कहकर घर से निकला था।

रामपायली टीम ने मुखबिर की सूचना तीन संदेहियों को पकड़ा और उनसे पूछताछ की। उन्होंने घटना को स्वीकार करते हुए विशाल खोब्रागढ़े का अपहरण कर उसकी हत्या करने की बात स्वीकार ली। उन्होंने इसमें शामिल लोगों की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी रामपायली थाना क्षेत्र के कस्बीटोला निवासी गणेश (43) पिता बस्तीराम उइके, रामपायली निवासी बालकृष्ण उर्फ बालु (32) पिता पतिराम दमाहे और वारासिवनी थाना अंतर्गत रजेगांव भीमनगर निवासी मदन (36) पिता परेश खोब्रागढ़े को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी भीम खोब्रागढ़े सहित तीन लामता थाना निवासी आरोपी फरार हैं। पुलिस ने मामले में आरोपियों से घटना में उपयोग की गई टवेरा वाहन को बरामद कर लिया है।

इस कार्यवाही में रामपायली थाना निरीक्षक सुनील बनौरिया, एएसआई राजीव जाचक, प्रआर. विवेक ठाकरे, आरक्षक सुजीत, शिवजीत, राकेश, श्यामसिंह चौहान, चालक नासीर, श्याम रावेट और रमेश उइके का सराहनीय योगदान रहा।

# बकही,बकेली सहित विभिन्न ग्रामों में विकास यात्रा के कार्यक्रम हुए आयोजित

विकास यात्रा कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र अनूपपुर के ग्राम ताराडांड़, अमिलिहा, निदावन, बरहाटोला, डिडवापानी, बैरीबांध आदि ग्रामों के पश्चात ग्राम बकेली, बकही में विकास यात्रा के कार्यक्रम आयोजित की गए। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं, पेसा एक्ट तथा विकास कार्यों, राजस्व सेवाओं के संबंध में जानकारी दी गई व लाभ उठाने की अपील की गई।

इस अवसर पर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने विचार साझा किए, जिनमें लाडली लक्ष्मी योजना, आजीविका समूह तथा तीर्थदर्षन योजना, मुख्यमंत्री भू-अधिकार योजना के हितग्राहियों ने गांववासियों के समक्ष मिले लाभ के संबंध में बताया तथा राज्य शासन के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार जताया। विकास यात्रा रथ द्वारा गांव के मोहल्ला, टोला तक पहुंचकर मुख्यमंत्री जी का रिकार्डेड वीडियो संदेश दिखाया और सुनाया गया वह पेसा एक्ट की पुस्तिका का वितरण किया गया।

इस अवसर पर नागरिकों के आवेदन प्राप्त किए गए।

# हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. तरूण छाबड़ा भाजपा में शामिल

पार्टी में डा. छाबड़ा को दिया जाएगा पूरा सम्मान : कैप्टन भूपेन्द्र

हरियाणा/ हिसार( राजेश सलूजा) शहर के वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. तरूण छाबड़ा भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। उन्होंने पार्टी जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र के समक्ष यह घोषणा की। इस अवसर पर डा. तरूण छाबड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की कल्याणकारी व देशहित की नीतियों के चलते वे पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा की नीतियां जन–जन को भा रही है। भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो हर वर्ग को साथ लेकर सबका साथ–सबका विकास के सिद्धांत पर काम कर रही है। यही कारण है कि केन्द्र व हरियाणा के आठ वर्ष के शासनकाल में हर वर्ग के हित में अनेक योजनाओं की घोषणा करके



उन्हें अमलीजामा पहनाया गया। उन्होंने डा. तरूण छाबड़ा का स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें पार्टी में पूरा मान–सम्मान दिया जाएगा।

इस अवसर पर उपरोक्त के अलावा पूर्व विधायक वेद नारंग, जिला मंत्री संजीव रेवड़ी, जिला मीडिया प्रमुख राजेंद्र सपड़ा, लेबरफेड फेडरेशन प्रदेश प्रभारी राकेश गुलाटी, सोशल मीडिया प्रमुख अनिल केरों, कार्यालय प्रमुख हेमंत शर्मा सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल थे।

# महापौर को धकियाना रायपुर की जनता का अपमानः केदार कश्यप

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

ढेबर को फूलों के बदले कांटों का हार मिला - भाजपा

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा महामंत्री केदार कश्यप ने राजधानी के महापौर एजाज ढेबर के साथ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के सुरक्षा गार्डों द्वारा की गई बदसलूकी को रायपुर शहर की जनता का अपमान करार दिया है।उन्होंने कहा है कि राजधानी के महापौर प्रथम नागरिक हैं और उनके साथ किया गया दुर्व्यवहार रायपुर की जनता का अपमान है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप ने कहा कि रायपुर महापौर एजाज ढेबर ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में करोड़ों रुपए प्रचार पर उड़ाए हैं। विमानतल से लेकर अधिवेशन स्थल



और रायपुर के चप्पे-चप्पे में उन्होंने अधिवेशन का प्रचार कराया है और गांधी परिवार को महिमामंडित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। यह कांग्रेस की गुटबाजी का नमूना भी हो सकता है कि जिस महापौर ने गांधी परिवार और कांग्रेस के स्वागत में करोड़ों रुपए फूंक दिए, उसे ही धकिया दिया गया।

प्रदेश भाजपा महामंत्री केदार कश्यप ने कहा कि हो सकता है कि आज जिस गुलाबी कारपेट पर प्रियंका का काफिला गुजरा, उस 1 किलोमीटर की सड़क पर गुलाब के फूल भी एजाज ढेबर के सौजन्य से बिखेरे गए हों और उन्हें फूलों के बदले कांटो की सौगात मिली है। कांग्रेस का यह चरित्र बता रहा है कि वहां क्या चल रहा है।

# सोना लेकर फरार हुआ गोल्ड रिफाइनरी कर्मचारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(26फरवरी)गत दिनों गुजरी बाजार के पास कॉम्प्लेक्स में स्थित प्रकाश गोल्ड रिफाइनरी में गलाने आए सोने के बिस्कुट और चूरा को लेकर फरार आरोपी प्रकाश पंवार को पुलिस ने मय के साथ गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी में बालाघाट पुलिस को महाराष्ट्र पुलिस का काफी अच्छा सहयोग मिला और आरोपी प्रकाश पंवार को सांगली से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोने लेकर भागे बेईमान कर्मी से एक किलो 11 ग्राम सोना लेकर बरामद किया है।

गौरतलब हो कि प्रकाश रिफाइनरी में कुछ समय से कार्यरत कर्मी प्रकाश पंवार, विगत दिनों व्यापारियों की ओर से गलाने आए 13 सोने के बिस्कुट और चूरा को लेकर भाग गया था।





दिन दहाड़े सनसनीखेज घटित इस वारदात को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी को मय सोने के बिस्कुट और चूड़ा के साथ पकड़ा है।

कंट्रोल रूम से मिली जानकारी अनुसार आरोपी की लोकेशन लगातार बदल रही थी। जिसे बड़े ही गंभीरता से फॉलों किया जा रहा था। महाराष्ट्र पुलिस के सहयोग से आरोपी को गिरफ्तार कर एक किलो 11 ग्राम सोना बरामद कर लिया गया है। हालांकि इसने पुणे में किसी गणेश नामक व्यक्ति को कुछ देने की बात कही है। इसके आपराधिक रिकॉर्ड को सांगली पुलिस से मंगाया जा रहा है।

# पुलिस कर्मियों ने हार्ट अटैक आने पर सीखा प्राथमिक उपचार का गुण

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(26फरवरी)प्राथमिक उपचार के जरिये कैसे हार्ट अटैक से पीड़ित व्यक्ति को बचाने का गुण अधिकारियो की देखरेख में पुलिस कर्मियों को सिखाया गया।पुलिस मुख्यालय समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन पुलिसकर्मियों के लिए करता रहता है। इसी कड़ी में सीपीआर प्रशिक्षण का कार्यक्रम पुलिस लाइन में आयोजित किया गया। आपातकालीन इस प्रक्रिया, जो किसी व्यक्ति की सांस या दिल के रुकने पर उसकी जान बचाने में मदद कर सकती है, की जानकारी सेमीनार के माध्यम से दी गई।

इसमें बालाघाट अनुविभाग के भरवेली, ग्रामीण और कोतवाली पुलिस स्टॉफ के साथ ही आईजी कार्यालय, डीआईजी कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कर्मचारियों ने कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) प्रक्रिया को समझा और एक तरह की प्राथमिक चिकित्सा यानी फर्स्ट एड के बारे में जाना। इसमें बताया गया कि जब किसी पीड़ित को सांस लेने में दिक्कत हो या फिर वो सांस न ले पा रहा हो और बेहोश जो जाए तो सीपीआर से उसकी जान बचाई जा सकती है।

अक्सर ऐसा बिजली का झटका लगने, पानी में डूबने पर और दम घुटने, एक्सीडेंट, अत्यधिक जीम और हार्ट अटैक के दौरान होता है, तो किस तरह हम किसी पीड़ित को सीपीआर से आराम पहुंचा सकते है। जानकारों का मानना है कि हार्ट अटैक यानी दिल का दौरा पड़ने पर तो सबसे पहले और समय पर सीपीआर दे दिया जाए, तो पीड़ित की जान बचाने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

फिजिशयन और पुलिस अस्पताल प्रभारी डॉ. नरेंद्र बोकाड़े ने बताया कि अगर किसी पीड़ित को दिल का दौरा पड़ जाए तो सबसे महत्वपूर्ण है कि प्राथमिक चिकित्सा देने वाला व्यक्ति खुद ना घबराए और पूरा धैर्य रखे। किसी भी तरह की फर्स्ट एड देने से पहले वह एंबुलेंस को कॉल करें।

पीड़ित के हाल की जांच तुरंत करें।



ये देखने की कोशिश करें कि मरीज होश में है कि नहीं। उसकी सांस चल रही है कि नहीं। अगर उसकी सांस चल रही है तो मरीज को आराम से बिठायें और उसे रिलैक्स कराएं। मरीज के कपड़ो को ढीला कर दे। उसकी नाक और गला चेक कर ये सुनिश्चित किया जाता है कि उसे सांस लेने में कोई रुकावट तो नहीं है।

जिसके बाद उसे सीपीआर में उसकी छाती को दबाए और मुंह से दो बार सांस दे। हर एक मिनट में यह करते रहे कि जब तक एम्बुलेंस न आ जाये। ऐसा करने के लिए हथेली से छाती को 1-2 इंच दबायें, ऐसा प्रति मिनट में 100 बार करें। सीपीआर में दबाव और दो बार कृत्रिम सांस दे। उन्होंने बताया कि हमें एम्बुलेंस के आते तक चेस्ट को कंप्रेश करना है और एक मिनट में दो बार माउथ ब्रीफ देनी है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार सीपीआर को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस लाइन में आयोजित किया था। इसमें प्रशिक्षक ने अवगत कराया कि एक व्यक्ति को ऐसी आकस्मिक परिस्थिति में हम किस प्रकार सीपीआर देकर उसे जीवनदान दे सकते है। उम्मीद है कि सभी कर्मचारियों ने प्रशिक्षण को गंभीरता से लिया होगा। जो लाइफ सपोर्ट के रूप में काम करेंगे, ऐसा मेरा मानना है।

सीपीआर प्रशिक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर और यातायात उपनिरीक्षक को आये एकाएक हार्ट अटैक पर ऑफिस कर्मियों ने उन्हें सीपीआर देकर बचाया। प्रशिक्षक की मौजूदगी में बड़ी ही सावधानीपूर्वक की जाने वाली इस प्रक्रिया को उदाहरण के तौर पर भी समझाया गया।

# कलेक्टर ने कोतमा क्षेत्र के बसखली, पथरौडी स्कूल तथा निगवानी के छात्रावास का किया निरीक्षण

## महत्वपूर्ण विषयों की माड्यूल अनुसार पढ़ाई के दिए निर्देश

कोतमा विकासखंड के बसखली और पथरौडी की स्कूल के साथ ही निगवानी छात्रावास का कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त एवं डिप्टी कलेक्टर श्री विजय डेहरिया तथा विकास खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद थे

कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने निरीक्षण के दौरान दसवीं बोर्ड की परीक्षा में बसखली स्कूल का रिजल्ट पूर्व में 32 रहने पर तथा पथरौडी स्कूल का परीक्षा परिणाम जिले में सबके न्यूनतम 21 प्रतिशत रहने पर स्कूल प्रबंधन द्वारा परिणाम सुधार के लिए किए गए प्रयासों की समीक्षा करते हुए अध्यापन कार्य में परिणाम मूलक कार्य नहीं होने पर नाराजगी जताई गई उन्होंने विषय विशेषज्ञो द्वारा तैयार किए गए निर्धारित मॉड्यूल अनुसार महत्वपूर्ण विषयों की पढ़ाई संपादित करने के संबंध में प्राचार्य को निर्देशित किया कलेक्टर ने बीईओ व प्राचार्य को गुणवत्ता युक्त शिक्षा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराने के लिए परीक्षा के शेष समय का बेहतर उपयोग सुनिश्चित कर तैयार मॉड्यूल अनुसार



विशेषकर महत्वपूर्ण विषयों की सघन पढ़ाई पर जोर दिया गया कलेक्टर ने विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए शेष बचे समय का पढ़ाई में उपयोग करने के लिए प्रेरित किया कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान बालक जूनियर छात्रावास निगवानी का निरीक्षण कर छात्रावास के भवन मरम्मत के चल रहे कार्य का मुआयना किया गया उन्होंने फ्लोर टाइल्स, बुक सेल्फ, प्रकाश व्यवस्था, खिड़कियों में जाली की व्यवस्था तथा छत मरम्मत के लिए किए जा रहे कार्यों का अवलोकन करते हुए छात्रावास तक पहुंच मार्ग निर्माण के निर्देश दिए

# रक्षा टीम एवं यातायात पुलिस द्वारा किया गया "निजात अभियान" का प्रचार प्रसार

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

कॉलेज एवं NGO भी जुड़ रहे "निजात अभियान" से,लोगो को दे रहे सन्देश, बिलासपुर ।श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय संतोष कुमाड़ सिंह के





आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय राजेंद्र जायसवाल के निर्देशानुसार शनिवार को रक्षा टीम एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम सिलपहरी जाकर माध्यमिक शाला प्रांगण सिलपहरी में आयोजित 07 दिवसीय ठरर कैम्प में जाकर बच्चों एवं ग्रामीण लोगों से नशे के दुष्प्रभाव के बारे में अवगत कराया गया एवं नशे से दूर रहने की अपील की गई। डीपी विप्र कॉलेज बिलासपुर भी निजात अभियान से जुड़कर लोगो को नशा, नाश का कारण है यह जानकारी दी जा रही है. इसी तारतम्य में डीपी कॉलेज के ठरर सेवा दल के छात्र छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगी को नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराया गया एवं सभी प्रकार के नशे से दूर रहने की अपील की गई। निजात अभियान को बिलासपुर जिले के ठऋ्ड का साथ मिल रहा है। टीम मानवता द्वारा स्कूलों में जाकर नशा मुक्ति के संबंध में कार्यक्रम करवाया गया। कार्यक्रम में रक्षा टीम प्रभारी निरीक्षक दुर्गा किरण पटेल, ट्रैफिक थाना से उप निरीक्षक उमाशंकर पांडेय एवं अन्य पुलिस स्टाफ एवं ठरर प्रभरी प्रोफेसर एम. एस. तम्बोली तथा प्रोफेसर किरण दुबे उपस्थित रहीं।

## स. शि. मंदिर मस्तुरी में मातृ- पितृ सम्मेलन हुआ संपन्न

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

मस्तुरी। सरस्वती शिशु मंदिर में मातृ- पितृ सम्मेलन का आयोजन किया गया



।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्राचार्य जय प्रकाश ओझा एवं अध्यक्षता के रूप में जनपद सदस्य श्रीमती विनीता रज्जु भार्गव एवं मुख्य वक्ता के रूप में विद्या चंदेल व्याख्याता कोषाध्यक्ष विद्या भारती बिलासपुर व्यवस्थापक दिनेश कुमार सराफ एवं पालक समिति के अध्यक्ष गोपाल पटेल समिति के कोषाध्यक्ष हरी प्रसाद मैत्री एवं पूर्व व्यवस्थापक बैसाखु प्रसाद सोनी उपस्थित थे। सर्वप्रथम सरस्वती मां एवं भारत माता की प्रतिमा में दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया उसके पश्चात बहनों के द्वारा स्वागत नित्य का प्रस्तुति दिया। कार्यक्रम का संचालन सीमा राठौर दीदी जी एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य कृष्ण कुमार पांडे के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के समस्त आचार्य एवं दीदी जी के भैया, बहनों सहित पालकगणों की सहभागिता सराहनीय रही ।

# कोल जनजाति विकास प्राधिकरण के नव नियुक्त अध्यक्ष श्री रामलाल रौतेल 26 फरवरी को अनूपपुर आएंगे

अनूपपुर / राज्य कोल जनजाति विकास प्राधिकरण के नव नियुक्त अध्यक्ष श्री रामलाल रौतेल 26 फरवरी को अनूपपुर आएगें। प्राधिकरण का अध्यक्ष बनने के बाद गृह जिले में उनका प्रथम प्रवास होगा।



प्राधिकरण के भोपाल स्थित कार्यालय से सचिव द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार श्री रौतेल 25 फरवरी की शायं लगभग 6 बजे अमरकंटक आएंगे । यहाँ रात्रि विश्राम उपरांत वे 26 की सुबह माता नर्मदा जी के मन्दिर में माई के दर्शन , पूजन उपरांत दोपहर 12. 30 पर अनूपपुर के लिये प्रस्थान करेंगे। 1.30 पर अनूपपुर पहुँच कर सामतपुर के सिद्ध श्री शिव मारुति मन्दिर में पूजन उपरांत वे स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

# पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती का यात्रा कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से निरस्त

मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती का 26 फरवरी को अमरकंटक प्रवास संबंधी यात्रा कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से निरस्त हो गया है उक्त आशय की जानकारी पूर्व मुख्यमंत्री जी के निजी सहायक ने दी है

## जिला नजूल निवर्तन समिति की बैठक 27 फरवरी को

जिला नजूल निवर्तन समिति की बैठक कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ की अध्यक्षता में 27 फरवरी 2023 को टीएल बैठक उपरांत आहूत की गई है उक्त आशय की जानकारी नजूल अधिकारी ने देते हुए सर्व संबंधितो से बैठक में उपस्थिति की अपील की है

# बालिकाओं को दिया जा रहा मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण

महिला एवं बाल विकास विभाग के अपराजिता कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोतमा के प्रांगण में खेल और युवा



कल्याण विभाग के समन्वय से बालिकाओं को जूडो कराटे ताइक्वांडो का प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है उक्त आशय की जानकारी देते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री विनोद परस्ते ने बताया है कि सरकार के मंशानुरूप बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट्स का प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है

# नई गाइडलाइन दरों के पूर्व इसी वित्तीय वर्ष में कराएं पंजीयन

अवकाश के दिनों में भी खुलेगा पंजीयन कार्यालय

वित्तीय वर्ष 2023- 24 हेतु जिले की पंजीयन गाइडलाइन दरों को निर्धारित किए जाने हेतु प्रस्ताव उप जिला मूल्यांकन समिति अनूपपुर, कोतमा एवं पुष्पराजगढ़ से प्राप्त हुए हैं उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला पंजीयक श्री पंकज कोरी ने बताया है कि अनूपपुर नगरीय क्षेत्र (वार्डो )के अधिकांश लोकेशनो पर 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित है जो कि नवीन बढ़ी हुई दरें 1 अप्रैल 2023 से प्रभावशील होंगी जिला पंजीयक ने आम जनों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक दस्तावेजों का पंजीयन इसी वित्तीय वर्ष में कराएं उन्होंने यह भी जानकारी दी है कि सुविधा एवं दस्तावेजों के पंजीयन हेतु पंजीयन कार्यालय माह मार्च 2023 के अवकाश दिवस 18, 22 ,23 ,25 एवं 30 मार्च 2023 को खुले रखे जाएंगे उन्होंने बताया है कि भोपाल स्तर से पंजीयन सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए स्लॉट की संख्या में भी वृद्धि की जा रही है

## गोह में 105 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक धंधेबाज को किया गिरफ्तार भेजा गया जेल।

**समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार) गोह होली पर्व को लेकर चलाए जा रहे विषेश मध्य निषेध उत्पाद अधिनियम के तहत समकालीन अभियान में गोह थाना पुलिस ने शुक्रवार की संध्या सूचना मिलने पर हमीदनगर मोड़ से उत्तर पश्चिम की ओर खलिहान में रखे पुआल के अंदर उजला प्लास्टिक की बोरा में छिपाकर रखा 180 एम एल के गोवा निर्मित



105 बोतल अंग्रेजी शराब एवं हरा रंग के गैलेन में रखा 10 लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर गोह थाना लाया गया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि मामले में एएस आई कृष्ण कुमार के बयान पर कांड संख्या 65/23 दर्ज किया गया है। जिसमें शराब धंधेबाज गोह धोबी टोला निवासी रामाशीष रजक को गिरफ्तार कर शनिवार को उत्पाद न्यायालय भेज दिया है। गोह पुलिस ने शराब पीने एवं बिक्री करने वाले के खिलाफ लगातार छापेमारी कर रही है।

## इंटरमीडिएट के छात्रा के निधन पर बसपा नेता राघवेंद्र नारायण यादव ने दिया श्रद्धांजलि

**दैनिक समाज जागरण गुंजन सिंह संवाददाता गुरुआ**

गया (बिहार) गुरुआ थाना क्षेत्र के करताही गांव के इंटरमीडिएट के छात्रा रुनी कुमारी को अचानक मूर्छित होकर जमीन पर गिरने के बाद अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गया है। मृतक छात्रा के चाचा सोनू पासवान ने बताया कि रुनी पढ़ने में काफी मेधावी छात्रा थी लेकिन नियति को शायद यही मंजूर था कि उसकी मौत अचानक मूर्छित होकर गिरने के बाद इलाज के दौरान हो गया है। इस घटना की जानकारी पाकर मानववादी मोर्चा के संरक्षक व बसपा के जिला प्रभारी राघवेंद्र नारायण यादव एवं बसपा के अध्यक्ष उमेश पासवान ने करताही गांव में पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मिलकर सांत्वना दिया है इसके साथ ही इस दुःख की घड़ी में धैर्य पूर्वक रहने की ढ़ाढ़स दिया है। वही इंटरमीडिएट के छात्रा के मौत होने पर काज पंचायत के मुखिया रितेश कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार यादव, उच्च विद्यालय भरौंधा के प्राचार्य संजीव कुमार, जदयू के व्यवसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष उमेश प्रसाद वर्मा ने भी गहरा दुःख व्यक्त किया है।

## केंद्रीय मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा कार्यकर्ता

**दैनिक समाज जागरण गुंजन सिंह संवाददाता गुरुआ**

गया (बिहार) गुरुआ प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ता आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर संगठन की मजबूती में पूरी ताकत झोक दिया है। इसके लिए शनिवार को बीजेपी के प्रखंड अध्यक्ष रामजतन यादव के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक भाजपा कार्यकताओं ने पटना के बापू सभागार में पहुंचकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष रामजतन यादव ने बताया कि 2024 में तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने को लेकर बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत किया जाएगा। फिलहाल पीएम नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश का बेहतर विकास हो रहा है। इसलिए देश की जनता नरेंद्र मोदी को छोड़कर किसी दूसरे व्यक्ति को देश के प्रधानमंत्री नही बनाना चाह रहे है।

## जिला पदाधिकारी अररिया श्रीमती इनायत खान द्वारा आज बिहार लोक शिकायत निवारण

**मासूम रजा जिला संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

दिनांक जिला पदाधिकारी, अररिया श्रीमती इनायत खान द्वारा आज बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत एक द्वितीय अपील परिवाद पत्र के सुनवाई के क्रम में लोक प्राधिकार, अंचल अधिकारी, कुसाकांटा




से परिवाद पत्र के आलोक में प्रतिवेदन अप्राप्त रहने एवं सुनवाई में अनुपस्थित रहने पर 500.00 (पाँच सौ) रुपए का दण्ड अधिरोपित किया गया। इस संबंध में विधि प्रशाखा अररिया द्वारा बताया गया कि जमाबंदी सुधार को लेकर द्वितीय अपील परिवाद पत्र के सुनवाई के क्रम अंचलाधिकारी पर दंड आरोपित करने का आदेश दिया गया।

## मारपीट कर किया बेहोश जिन का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा

**मासूम राजा जिला संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

गुफरान नाम के व्यक्ति जिसका घर उसकी पुर पंचायत रामपुर मोहनपुर वार्ड नंबर 4 का रहने वाला है बताया जा रहा है कि गुफरान नाम का व्यक्ति अपनी पत्नी को लेकर अररिया बाजार डॉक्टर के पास दिखाने के लिए लाए थे और बैंक में रुपया उठाना था यह सब करके वह अपने घर की तरफ जा रहे थे तभी कुछ बदमाशों ने गाड़ी रोक थे मारपीट किया गुफरान को और उनकी पत्नी को रुपया छीन लिया गाड़ी भी छीन



लिया मोबाइल सोने का बाली अन्य सामान छीन लिया और यहां तक के गुफरान को हथियार से मार्कर और उनके पत्नी को मार्कर बेहोश करके छोड़ दिया और भागने में सफल रहा बताया जा रहा है कि गुफरान के जब परिजनों को मालूम हुआ तो वह लोग दौड़ते हुए आया उन लोगों को भी दोबारा आंखें मारपीट करना शुरू कर दिया जिसमें खुशनुमा अंजुम गजाला अनिल कुमार कभी बेहोश कर दिया कुछ सामाजिक लोगों ने आकर सारे आदमी को उठाकर सदर अस्पताल लाया जहां इलाज चल रहा है बताया जा रहा है कि इसमें कुछ बदमाशों को पहचानता है जिसका नाम आजम पिता अनुवाद फिरोज मिट्ठू गोविंदा ता कयूम जर्जिस पिता का यू गजाला यह लो मारपीट भी किया ₹100000 और बाइक सोने का बाली मोबाइल यह सब छीन लिया बताया जा रहा है कि गुफरान के परिजनों ने किस भी किया

## ट्रक व ऑटो की टक्कर में 5 लोग गंभीर रूप से घायल इलाज जारी

**मासुम रजा जिला संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

राष्ट्रीय राजमार्ग एन एच 327 ई पर अररिया कॉलेज के समीप शनिवार की देर संध्या एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे ऑटो पर सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों व परिजनों के सहयोग से आनन-फानन में सदर अस्पताल अररिया लाया गया। जहां चिकित्सक की देख-रेख में सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है। वही इलाज कर रहे चिकित्सक ने सभी घायलों को खतरे से बाहर



बताया है। वहीं घायलों में शामिल मोहम्मद मुमताज अंसारी, मोहम्मद सत्तार अंसारी, नन्हीं खातून, जुलेखा खातून, खेतुन खातून बताए जा रहे हैं। वहीं सभी घायल एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं।

## गया पुलिस की बड़ी सफलता, वर्षो से फरार हार्डकोर नक्सली को एसटीएफ के सहयोग से किया गिरफ्तार!

**समाज जागरण राकेश कुमार मिश्रा ब्यूरो चीफ सह प्रभारी मगध प्रमंडल**

गया (बिहार) बिहार के गया में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वर्षो से चल रहे फरार हार्डकोर नक्सली को एसटीएफ के सहयोग से पकड़ लिया गया है।

इसकी जानकारी एसएसपी आशीष भारती ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया। एसएसपी ने बताया कि 4 जून 2016 को परैया थाना अंतर्गत राजाहरी रोड़ से मलहचक के बीच चल रही सड़क निर्माण कार्य में लगे कर्मियों के साथ मारपीट करने तथा ड्राईवर का मोबाईल छीन लेने तथा लेवी नही देने के स्थित में काम बन्द



कर देने के आरोप में अज्ञात अपराधकमीर्यों के विरूद्ध थाना में कांड संख्या 72/16 दर्ज था।

इसके बाद से पुलिस हार्डकोर नक्सली को पकड़ने के लिए लगातार छापामारी की जा रही थी, इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर हार्डकोर नक्सली जद्दू यादव, पिता- स्व0 अलखदेव यादव को एसटीएफ की सहयोग से गिरफ्तार किया गया। उक्त कांड के अन्य अपराध कर्मियों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी किया जा रहा है। इस संबंध में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। इस कांड में पूर्व में नक्सलियों की गिरफतारी के विरूद्ध कार्य करते हुये अरोप पत्र समर्पित किया जा चुका है। गंभीर कांडों में वांछित/फरार अपराधकर्मियों तथा नक्सलियों की गिरफतारी हेतु विशेष अभियान आगे भी चलाया जायेगा।

## गुरुआ में राजद नेता संजय यादव के निधन से चौतरफा शोक

**दैनिक समाज जागरण गुंजन सिंह संवाददाता गुरुआ**

गया ( बिहार) गुरुआ प्रखंड के गुनेरी पंचायत के राजद के पूर्व पंचायत अध्यक्ष संजय कुमार यादव का निधन दरिऔरा स्थित आवास पर हो गया है। उनकी उम्र करीब 40 वर्ष था वह इधर कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनकी असामयिक निधन से चौतरफा शोक की लहर दौड़ गई है।राजद के वरीय नेता व डुमरिया के जिला पार्षद प्रतिनिधि अजय कुमार दांगी एवं गुरुआ पंचायत के मुखिया पति सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि संजय कुमार यादव गुनेरी पंचायत में राजद के एक बहुत बड़े स्तंभ थे उनकी निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुआ है। इधर घटना की जानकारी पाकर गुरारु के पूर्व जिला पार्षद व राजद के जिला उपाध्यक्ष संजू यादव, गुनेरी पंचायत के मुखिया पति प्यारेलाल पासवान, बीजेपी के प्रखंड अध्यक्ष रामजतन यादव एवं युवा राजद नेता रामदीप कुमार यादव ने उनके आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मिलकर सांत्वना दिया है इसके साथ ही इस दुःख की घड़ी में धैर्य पूर्वक रहने की ढ़ाढ़स भी दिया है। राजद नेता संजय यादव के निधन पर बसपा के जिला प्रभारी राघवेंद्र नारायण यादव, मगध दुग्ध संघ के चेयरमैन जितेंद्र कुमार यादव, समिजसेवी रवींद्र कुमार यादव, स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष खालिद नदीम खान ने भी गहरा दुःख व्यक्त किया है।

## औरंगाबाद के अनुग्रह नारायण नगर भवन में जिला स्तरीय उर्दू कार्यशाला, फरोग- ए- उर्दू सेमिनार एवं मुशायरा का किया गया आयोजन

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

औरंगाबाद( बिहार) औरंगाबाद समाहरणालय परिसर स्थित अनुग्रह नारायण नगर भवन में जिला स्तरीय उर्दू कार्यशाला, फरोग -ए- उर्दू सेमिनार एवं मुशायरा का आयोजन किया गया . जिसका विधिवत उद्घाटन जिला पदाधिकारी के अनुपस्थिति में अपर समाहर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया . वही सेमिनार की अध्यक्षता एस0 एन0 सिन्हा कॉलेज के पूर्व विभागाध्यक्ष श्री डॉक्टर कासिम फरीदी द्वारा किया गया . उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अपर समाहर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने कहा कि उर्दू भाषा प्यारी भाषा है, उर्दू भाषा का प्रचार- प्रसार मे सभी लोगों को आगे आने की जरूरत है . उन्होंने आगे कहा कि उर्दू भाषा में कई कवियों ने अपनी-अपनी रचनाएं लिखी है . वही अनुमंडल पदाधिकारी सदर श्री विजयंत ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उर्दू भाषा और हिंदी भाषा एक है . केवल अलग-अलग लिपि में लिखी जाती है . उन्होंने आगे कहा कि हम सभी को बोलचाल में हिंदी के साथ साथ उर्दू भाषा का भी प्रयोग करने की जरूरत है . उन्होंने पत्रकार बंधुओं से भी लेखन में उर्दू शब्दों का प्रयोग कर इसके प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने पर बल दिया . उन्होंने आगे कहा कि उर्दू सेमिनार का मुशायरा समय समय पर और कराए जाने की जरूरत है . बताते चलें कि उर्दू निदेशालय मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग बिहार सरकार के योजना अंतर्गत जिला उर्दू भाषा कोषांग के तत्वाधान में आयोजित किया गया. सेमिनार में प्रोफेसर अब्दुल मुगनी की अदबी खिदमात विषय तथा उर्दू भाषा एवं साहित्य के विभिन्न विषयों पर जिले के विद्वानों तथा छात्र-छात्राओं द्वारा आलेख प्रस्तुत किया गया . वही आलेख प्रस्तुत करने वालों को सेमिनार में भाग लेने हेतु उर्दू कोषांग की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं निर्धारित राशि का चेक देकर सम्मानित किया गया . कार्यक्रम के दूसरे सत्र में मुशायरा प्रारंभ किया गया . मुशायरे में औरंगाबाद बिहार एवं अन्य राज्यों के कई अहम शायरो एवं ख्याति प्राप्त कवित्रीया श्रीमती बुथरा



सहर, अंजुम आरा, मोहम्मद इकबाल अख्तर, फिरोज अख्तर, मुस्तफा मुज्तर, डॉक्टर बख्तियार नवाज, तनवीर अख्तर, अयाज आलम सिद्धकी, मोहम्मद आफताब, मुमताज दानिश, नागेंद्र कुमार केसरी, शब्बीर हसन खान, मोहम्मद निजामुद्दीन, मोहम्मद रियाजउद्दीन, हलीम साबिर, एवं युसूफ जमील ने विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला . वहीं जिला उर्दू भाषा कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी मोहम्मद गजाली ने सभी लोगों को फरोग- ए -उर्दू व मुशायरे में उपस्थित होने वालों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया है . ऐसे तो कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभी उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों एवं मदरसा के उर्दू शिक्षकों ने जिला पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी के पत्र के दिशा- निर्देश के आलोक में नगर भवन में ही उपस्थिति दर्ज कराया . वही उपस्थित लोगों ने कार्य की प्रशंसा करते हुए कार्य को सराहनीय करार दिया .

## मुखिया तुलसी रजक के सौजन्य से 60 गरीब असहाय व्यक्तियों का निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो उमाकांत पोद्दार**

बांका /चांदन; गरीब एवं असहाय व्यक्तियों को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी नेत्र से संबंधित मरीजों के लिए सुनहरा अवसर प्रदान की गई है. जिसके आलोक में चांदन प्रखंड क्षेत्र के दक्षिणी बार ने पंचायत के ग्राम पंचायत मुखिया तुलसी रजक एवं दक्षिणी चांदन क्षेत्र की जिला पार्षद शारदा देवी के सौजन्य से शनिवार 25 फरवरी को पंचायत भवन परिसर में शिविर लगाकर नेत्र रोग विशेषज्ञ आदि टीम द्वारा लगभग 60 मरीजों को निशुल्क नेत्र जांच किया गया। जिसमें लगभग 30 मरीजों का मोतियाबिंद से पीड़ित रोगी पाया गया. इस संबंध में बांका के नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर अनूप कुमार ने बताया कि क्षेत्र के असहाय गरीब परिवार के




व्यक्ति जो नेत्र रोग से पीड़ित है और आर्थिक तंगी के कारण अपना मोतियाबिंद ऑपरेशन कराने में सक्षम नहीं हो पा रहे हैं, जिसके लिए सरकार द्वारा मेरे संस्था गोड्डा (महागामा) झारखंड से जुड़ कर निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन करा सकते हैं। जिसके लिए संस्था टीम द्वारा मोतियाबिंद ऑपरेशन मरीजों के लिए डोर टू डोर पहुंचकर जागरूकता फैलाते हुए निशुल्क जांच किया जा रहा है। जिसमें मुखिया तुलसी रजक के सौजन्य से शनिवार को 60 मरीजों का निशुल्क नेत्र जांच किया गया जिसमें 30 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन होना है। जिसके लिए मरीजों को संस्था द्वारा आने जाने की खर्च निशुल्क ऑपरेशन एवं खाना-पीना प्रदान की जाएगी।

## भूमि माफिया एवं ग्रामीणों के बीच तनावपूर्ण कवायद जारी चांदन सिओ ने लिया संज्ञान

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो उमाकांत पौदार**

बांका/चांदनः एक तरफ सरकार द्वारा मुस्लिम धर्म समुदाय मानने वाले लोगों के लाखों रुपए खर्च कर कब्रिस्तान बनवा कर सुर्खियां बटोरते हैं, लेकिन हिन्दू धर्म वाले लोगों के लिए शमशान घाट जाने की रास्ते तक भूमाफिया के हाथों अवैध तरीके बेचकर मालोमाल होने के फिराक में एक दूसरे को जान के दुश्मन बन बैठे हैं ऐसे ही मामला बांका जिले के चांदन प्रखंड आ रही है। जानकारी के अनुसार प्रखंड मुख्यालय के कटोरिया पक्की सड़क किनारे नदी श्मसान घाट का मामला थमने का नाम नही ले रहा है।एक सप्ताह पूर्व देवघर के एक भूमाफिया द्वारा श्मसान जाने वाले रास्ते पर चाहरदीवारी देने से मामला काफी विस्फोटक हो गया जिसे हजारो की संख्या में ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए काम बंद कर देना पड़ा था।साथ ही मुखिया अनिल मंडल की पहल पर उस भूमाफिया द्वारा श्मसान तक जाने के लिए अपनी खरीदी जमीन में से 10 फीट का रास्ता देने के लिए सहमति जताई गई थी। यह मामला अभी कागजी रूप लेने वाला था।तभी एक बार फिर नदी किनारे और छठ घाट जाने वाले रास्ते को राजद के एक दबंग नेता



द्वारा घेरने का प्रयास शनिवार सुबह शुरू कर दिया गया। इस सूचना पर फिर से आक्रोशित हजारो की संख्या में,तिवारी टोला,पांडेय टोला,मंडल टोला,हेठ टोला,वर्णवाल टोला,मिस्त्री टोला,गौरीपुर,तुर्की,गोविंदपुर, सहित आसपास के कई गांव के लोग जमा होकर काम का विरोध करने लगे।ग्रामीणों ने बताया कि यह काम राजद के पूर्व एमएलसी राकेश रंजन उर्फ मधुकर सिंहा द्वारा कराया जा रहा था। जो नदी किनारे की सारी जमीन फर्जी कागजात के आधार पर अपना बता रहे है। काम बंद कराने को लेकर लोगो का हुजूम जब कार्य स्थल पर गया तो खुद सभी मजदूर औठ्ठ ठीकेदार काम छोड़ कर भाग गया।इसकी सूचना पर थानाध्यक्ष नसीम खान औठ्ठ सीओ प्रशांत शांडिल्य निर्माणस्थल पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझाते हुए सभी काम को बंद करा दिया। इतना ही नही उन्होंने उस क्षेत्र के नदी किनारे की पूरी जमीन खतियान के आधार पर दो सप्ताह के अंदर नापी कराकर विवाद कराने का आश्वासन दिया। सीओ ने कहा कि नदी किनारे जिस जमीन पर निर्माण भी हो चुका है उसका कागजात भी मांगा जाएगा। और खतियानी को छोड कर बिहार सरकार की पूरी जमीन से अतिक्रमण हटाया जाएगा। साथ ही अगर श्मसान जाने का रास्ता किसी का निजी भी होगा तो भी उसे रास्ता देने के बाद ही निर्माण करने दिया जाएगा। सीओ के इस आश्वासन के बाद मामला शांत हो सका। ज्ञात हो कि मुख्यालय सहित आसपास के कई गांव के लोगो का यही एक मात्र श्मसान है।

## विश्व ब्राह्मण संघ के झारखंड प्रदेश मुख्य महासचिव व विप्र फाउंडेशन के झारखंड प्रदेश महामंत्री प्रदेश कुमार शर्मा

***निवास पर हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के सांसद जयंत सिन्हा ने प्रदीप कुमार शर्मा की लिया कुशलता की जानकारी***

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

गया(बिहार / झारखंड) विश्व ब्राह्मण संघ के झारखण्ड प्रदेश मुख्य महासचिव एवं विप्र फाउंडेशन के झारखण्ड प्रदेश महामंत्री प्रदेश कुमार शर्मा के निवास पर हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के सांसद जयंत सिन्हा ने मिलकर प्रदीप कुमार शर्मा से मुलाकात कर उनके कुशलता का हाल-चाल की जानकारी लिया . बताते चलें कि विगत सप्ताह ब्राह्मण समाज के झारखंड प्रदेश महासचिव प्रदीप शर्मा का एक रोड एक्सीडेंट मे पैर फ्रेक्चर हो गया था, जिसके कारण



प्लास्टर करवाना पड़ा . ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सहित अनेकानेक लोग उपस्थित होकर ईश्वर से श्री शर्मा की स्वस्थ होने कि कामना किया . इस दौरान उपस्थित होने वालों में श्याम शर्मा, ननदू शर्मा, गोकुल शर्मा, महेन्द्र दूबे, कृष्णा उपाध्याय ,रामानन्द मिश्रा, शुभ झा, छोटू झा , संजय शर्मा, निरज शर्मा, विवेक कुमार शर्मा, अमर लाल शर्मा, हिरा जी, सांसद महोदय के साथ छावनी परिषद नामित सदस्य कीर्ति गौरव, भाजपा जिला सचिव छोटन सिंह, सांसद रामगढ नगर प्रतिनिधि रविन्द्र शर्मा एवं परिवार के अनेक अनेक महिलाएं का नाम शामिल है।

## ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल केसपा का पांचवा वार्षिकोत्सव संपन्न

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

गया (मगध बिहार) - गया जिला के टेकारी अनुमंडल अंतर्गत माँ तारा नगरी केसपा स्थित ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल का पांचवा वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम के साथ मंदिर के प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ तारा देवी की प्रार्थना एवं दीप प्रज्वलन के साथ शुरू किया गया। आगंतुक अतिथियों के स्वागत में बच्चों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया ,एवं निदेशक हिमांशु शेखर ने उन्हें अंग वस्त्र एवं मां तारा देवी की प्रतिमा के साथ उनका स्वागत किया। बच्चों ने काव्य पाठ, भाषण, संगीत और नृत्य के क्षेत्र में अपनी कला का प्रदर्शन किया। ग्रामीण बच्चों की कला को देखकर सभी उपस्थित लोग दंग रह गए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत देश भक्ति गीत 'ये जो देश है मेरा' को सुनकर सभी दर्शक झूम उठे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय पॉलिटेक्निक के प्राचार्य डॉ विधिलाल प्रभाकर ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम शहर के विद्यालयों में देखने को मिलता है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नही है, सिर्फ उन्हें उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता है। निदेशक हिमांशु शेखर ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय व



अभिभावक को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। एक शिक्षक से अधिक जिम्मेदारी माता-पिता की होती है।विशिष्ट अतिथि प्रो0 धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाना सबसे बड़ी समाज सेवा है, और इस कार्य के लिए विद्यालय परिवार बधाई का पात्र है। वही सेवानिवृत्त प्राचार्य रामनारायण शर्मा ने कहा कि इस विद्यालय के माध्यम से अब शहर की पढ़ाई गांव में होने लगी है। शिक्षिका प्रियंका कुमारी ने कहा कि माता -पिता को बच्चों पर निगरानी बनाए रखनी चाहिए, एवं यथासंभव मोबाइल से दूर रखने का प्रयास करना चाहिए।

इस कार्यक्रम में निदेशक हिमांशु शेखर, डॉ विधिलाल प्रभाकर, प्रो. धर्मेंद्र कुमार, प्रो एजाज अहमद, प्रो दीपक कुमार, सेवानिवृत्त प्राचार्य रामनारायण शर्मा, शालिग्राम शर्मा, मुखिया प्रतिनिधि अमिताभ कुमार,प्रियंका कुमारी,रूमन रुचि,अरविंद पांडेय, दयानंद कुमार ,राकेश शर्मा सहित सैकड़ों लोगों ने शिरकत किया। इस कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अरविंद पाण्डेय ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन निदेशक हिमांशु शेखर ने किया।

## चोरी की ट्रक के साथ एक गिरफ्तार

**जयनगर नित्यानंद झा राजू समाज जागरण**

जयनगर पुलिस की पैंथर पार्टी ने चोरी की ट्रक के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. बरामद ट्रक का नंबर बीआर 01 जीबी 0752 है. गिरफ्तार किया गया व्यक्ति मुजफ्फरपुर के गायघाट (बेनीबाद) थाना क्षेत्र के भागवत पुर निवासी इन्दल चौपाल का पुत्र अजय चौपाल बताया जा रहा है. जानकारी देते हुए जयनगर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि गश्ती के दौरान जयनगर थाना की पैंथर पुलिस पार्टी ने थाना क्षेत्र के बलडीहा मस्जिद के पास ट्रक संदिग्ध अवस्था में ले जाते हुए देखा. शक के आधार पर जयनगर पुलिस की पैंथर पार्टी द्वारा जयनगर थाना लाया गया. ट्रक में पाये गये कागजात तथा उसमें मिले मोबाइल नंबर से संपर्क करने पर ज्ञात हुआ कि बरामद ट्रक चोरी की है. ट्रक चोरी के संबंध में गायघाट (बेनीबाद) थाने में कांड संख्या 86/23 दर्ज कराया गया है. प्रारंभिक पुछताछ से पकड़े गए व्यक्ति द्वारा स्वीकार किया गया कि ट्रक चोरी कर वह जयनगर लाया था. थानाध्यक्ष जयनगर द्वारा बेनीबाद ओपी को ट्रक की



बरामदगी के संबंध में जानकारी दी गई. बेनीबाद ओपी पुलिस के पदाधिकारी ने ट्रक को विधिवत जब्त कर लिया और पकड़े गए व्यक्ति को जयनगर थाना पुलिस के सहयोग से विधिवत गिरफ्तार कर अपने साथ मुजफ्फरपुर ले गए.

## लापता व्यक्ति का लहास मक्का के खेत मैं मिलने से ग्रामीणों में सनसनी का माहौल

**मासूम राजा जिला संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

अररिया जिला के कोसकी पुर गांव में इसराइल नाम के व्यक्ति 23 तारीख को लापता हुआ था जो 24 तारीख को मिला मरा हुआ मकई के खेत मैं बताया जा रहा है कि से पहले पुलिस प्रशासन और गांव के लोगों ने खोजबीन किया था हर जगह यहां तक की मकई के खेत में भी खोजा गया था लेकिन कहीं नहीं मिला था थक हार कर बैठ गया था लेकिन पुलिस वालों ने खोजबीन जारी रखा किसका नतीजा यह हुआ कि इसराइल के घर से 2 मिनट दो मैं मकई के खेत में सब पड़ा हुआ मिला तब जाकर उनके गार्जियन को सूचना दिया गया और सबको पहचान कराया गया फिर राजन के साथ सब को पुलिस वालों ने अपने कब्जे में लेकर सदा अस्पताल अरे रिया लाया जहां पोस्टमार्टम हुआ पोस्टमार्टम के बाद सब को परिजनों को सौंप दिया वही मणिपुर पंचायत के मुखिया नजमुल अपने निगरानी में रहकर पोस्टमार्टम



करवाया बताया जा रहा है कि इसराइल कोकिसी से कोई दुश्मनी नहीं था लेकिन पता नहीं चल रहा है ऐसा कौन किया इसराइल का उम्र 60 वर्ष है घर उसकी पूर्ण पंचायत मानिकपुर वार्ड नंबर 6 का मामला है

## 2 बच्चे की मां को छोड़कर पति ने फिर रचाया दूसरी शादी

***दर-दर भटक रही है पहली पत्नी इंसाफ से लगा रही है गुहार***

**मासूम रजा जिला संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

अररिया जिला का रानीगंज प्रखंड बन्ना गांव का मामला है जहां एक पति पर पहली पत्नी ने आरोप लगाते हुए कहा मेरे पति अपने मां के बात को मानते हुए दो बच्चे के मां को मारपीट करना घर से बेघर करना यहां तक के जान से भी मारने का धमकी देता है बताया जा रहा है कि अपनी पहली पत्नी को हमेशा मां के बाद पर और अपने बहन बहनोई के बाद पर पत्नी को मारपीट करना घर से बेघर करना यहां तक कि हथियार से भी वार किया है यह सब के कहने पर बताया जा रहा है कि पहली वाली पत्नी को 2 बच्चा भी है लेकिन इस तरह का व्यवहार 5 सालों से कर रहा है और पति ने दूसरी शादी भी रचा लिया है अब वह बेचारी पहली वाली पत्नी अपने इंसाफ के लिए अपने नजदीकी थाना में ‌ᐧ.१. किया लेकिन सुनवाई नहीं हुआ फिर जाकर महिला थाना में भी एफ आई आर किया लेकिन वहां भी इंसाफ का गुहार लगाई लेकिन इंसाफ नहीं मिला फिर जाकर कोर्ट में एफ आई आर किया वह भी अभी तक इंसाफ नहीं मिला है एसपी तक पहुंच चुकी है मामला सिर्फ आश्वासन ही आश्वासन मिल रहा है बताया जा रहा है कि ऐसा क्या मामला है जो इंसाफ के लिए महिला दर-दर भटक रही है लेकिन इंसाफ नहीं मिल रहा है बताया जा रहा है कि महिला का अपने नाम के जमीन पर घर बना



हुआ है रानीगंज में जहां वह रहती है और कुछ सब्जी बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करती है मगर उनके पति अपने बहनोई के साथ आकर ममता कुमारी के अपने निजी घर का सामान पैसा वगैरह लेकर चला गया और हमेशा ममता कुमारी के पीछे उनके बहनोई और पति और कुछ दबंगों के साथ हथियार से लैस पीछा करवाते रहता है ममता कुमारी की ताक में लगा हुआ है कि ममता कुमारी को और उनके दो बच्चों को जान से मार देंगे बेचारी अपने अपने घर का भरण पोषण के लिए यहां वहां जाती रहती है और जो बच्चा भी है उनके खाने का इंतजाम भी करना उन्हीं का काम है तो बेचारी कुछ काम करने के खातिर बाजार मैं आती जाती है अब डर लगा हुआ है कि कहीं उनके जान पर खतरा ना हो जाए वाह कानून से सुरक्षा चाहती है और कानून इमसाफ यह मामला ममता कुमारी नाम की महिला का है बताया जा रहा है कि ममता कुमारी का घर रानीगंज बन्ना नगर पंचायत रानीगंज थाना रानीगंज वार्ड नंबर 12 का मामला है और पति अखिलेश कुमार ठाकुर पंचानन कुमार ठाकुर देवर गणेश कुमार ठाकुर ससुर सात श्यामा देवी ननंद ललिता देवी यह लोग मिलकर ममता कुमारी को मारपीट घर से बेघर करने का काम किया है यहां तक की अब जान मारने के लिए कुछ गुंडों को लगा दिया गया है यह काम पति अखिलेश कुमार ठाकुर ने किया है

# रामगढ़ उपचुनाव हेमंत सोरेन के लिए क्यों है भरोसे का टेस्ट, क्या है वजह

**संजय सिंह, ब्यूरो चीफ सह प्रभारी, दक्षणी छोटा नागपुर प्रमंडल,रांची दैनिक समाज जागरण**

राँची गौर करने लायक बात यह है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस चुनाव में महागठबंधन की तरफ से मोर्चा संभाल रखा था जबकि यूपीए की तरफ से उम्मीदवार कांग्रेस पार्टी का है। उनकी यही सक्रियता चर्चा में है।

रामगढ़ उपचुनाव के लिए 27 फरवरी को वोटिंग होगी। आज शाम को चुनाव प्रचार थम जाएगा। सत्तारूढ़ महागठबंधन हो या विपक्षी एनडीए, दोनों ही दलों की तरफ से शीर्ष नेताओं ने पूरी ताकत लगाई। पूरे चुनाव के दरम्यान जितने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सामने नजर आए, यूपीए का दूसरा नेता नजर नहीं आया। मुख्यमंत्री, बकायदा तमाम जनसभाओं में यूपीए प्रत्याशी बजरंग महतो के साथ दिखे। यही नहीं, बजरंग महतो का दूधमुंहा बच्चा भी चुनावी रैलियों में नजर आए और सीएम ने सहानुभूति कार्ड जमकर प्ले किया।रामगढ़ उपचुनाव में सीएम की अति सक्रियता की वजह सियासी गलियारों में इस बात की चर्चा है कि रामगढ़ उपचुनाव में मुख्यमंत्री की इतनी सक्रियता की वजह दरअसल, उनकी निजी प्रतिष्ठा का सवाल है, दरअसल पिछले साल मई से लेकर अभी फरवरी के खत्म होने तक कई ऐसे मुद्दे रहे जिसपर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर विपक्ष ने तीखा हमला बोला। मुख्यमंत्री कई आरोपों से घिरे। एक ओर जहां बेरोजगारी, कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों पर मुख्यमंत्री सीधे निशाने पर रहे तो वहीं दूसरी ओर पूजा सिंघल, पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश और अब ग्रामीण कार्य विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के खिलाफ ईडी की कार्रवाई को लेकर भी हेमंत सोरेन सरकार जमकर घिरी ।खनन घोटाला मामले में तो मुख्यमंत्री को खुद ईडी दफ्तर में हाजिरी लगानी पड़ी। इस लिए रामगढ़ उपचुनाव में जीत-हार से तय होगी सीएम की प्रतिष्ठा !

दरअसल, बीते कुछ महीनों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर विपक्ष ने जिन मुद्दों को लेकर हमला बोला है, यदि रामगढ़ उपचुनाव में यूपीए को हार मिली तो विपक्ष के दावों की पुष्टि हो जाएगी कि उनमें जनता का भरोसा डिगा है, महागठबंधन को जीत मिलती है तो मुख्यमंत्री का वह दावा मजबूत होगा जिसमें उन्होंने कहा है कि उनके विकास कार्यों पर विपक्ष ने बेजा धब्बा लगाया है।बीते 6 महीनों में विपक्ष मुख्यमंत्री पर रहा है हमलावर



बीजेपी और आजसू चुनाव की घोषणा होने से पहले से ही महिला सुरक्षा, बेरोजगारी, नियोजन नीति, स्थानीय नीति और ईडी की कार्रवाइयों को लेकर सरकार पर हमलावर रही है। चुनाव का ऐलान होते ही बीजेपी ने कहा था कि रामगढ़ में एनडीए की जीत झारखंड में महागठबंधन सरकार के पतन की शुरूआत होगी। हालिया कुछ महीनों में मुख्यमंत्री को कई मुश्किलों का भी सामना करना पड़ा है। 16 दिसंबर 2022 को नियोजन नीति हाईकोर्ट से रद्द हो गई। 1932 पर आधारित स्थानीयता विधेयक को राज्यपाल ने लौटा दिया। बीजेपी ने इसका मार्जिन लिया और इस बात का प्रचार किया कि सरकार ने जनभावना के मुद्दों पर वोट बटोरने का प्रयास किया था और अब सब का पदार्फाश हो गया।ईडी की कार्रवाई को लेकर प्रदेश के लोगों की यादें धूमिल होती इससे पहले ही ग्रामीण कार्य विभाग के चीफ इंजीनियर के ठिकानों पर ईडी का छापा पड़ा और अकूत संपत्ति मिली। इंजीनियर वीरेंद्र राम ने कबूल किया है कि काली कमाई का एक हिस्सा वह राजनेताओं और ब्यूरोक्रेट्स तक भी पहुंचाता था। इसे लेकर भी विपक्ष हमलावर है। पूरे रामगढ़ उपचुनाव के दौरान बाबूलाल मरांडी, दीपक प्रकाश, रघुवर दास सरीखे नेताओं ने इन्हीं मुद्दों को लेकर सरकार को घेरा है। राजभवन के सामने स्वास्थ्यकर्मियों का धरना भी मुद्दा है।रामगढ़ उपचुनाव मुख्यमंत्री के लिए क्यों है प्रतिष्ठा का विषय रामगढ़ उपचुनाव हेमंत सोरेन के लिए निजी प्रतिष्ठा की लड़ाई है, यह उनके बयानों से भी साबित होता है। मुख्यमंत्री चुनावों में केवल अपनी उपलब्धियां नहीं गिना रहे बल्कि सहानुभूति कार्ड भी प्ले करते हैं। जब विपक्ष उनपर भ्रष्टाचार का आरोप लगाता है तो सीएम यह कहने से नहीं चूकते कि उनको आदिवासी होने का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। वो कहते हैं कि नियोजन नीति का रद्द होना और स्थानीयता विधेयक का वापस लौटाया जाना भी साजिश है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए बीजेपी और आजसू की तुलना कसाई से कर डाली थी।मुख्यमंत्री, संभवत यह जानते हैं कि नियोजन नीति का रद्द होना, स्थानीयता विधेयक लौटाया जाना और बेरोजगारी, कहीं ना कहीं , जनता के मन में है। यदि रामगढ़ उपचुनाव में यूपीए जीता तो इस बात की पुष्टि होगी कि अभी उन्होंने जनता का भरोसा खोया नहीं है लेकिन यदि एनडीए जीती तो मुश्किलों की शुरूआत होगी मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के लिए।

# सवर्जन पेंशन योजना से मिला जीने का सहारा पलामू प्रमंडल में 2.32 लाख से अधिक नागरिकों को मिल रहा लाभ

## प्रत्येक माह की पांच तारीख तक लाभुक के अकाउंट में क्रेडिट होती है सम्मान राशि

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) सरकार की सवर्जन पेंशन योजना से लोगों को बड़ा सहारा मिला है। विगत वर्ष में लक्ष्य आधारित योजनाओं के कारण अनेक योग्य लाभुक पेंशन योजनाओं से अच्छादित नहीं हो पाते थे, इसे ध्यान में रखते हुए सरकार की ओर से सवर्जन पेंशन योजना की शुरूआत की गयी। इस योजना में लक्ष्य की बाध्यता को समाप्त किया गया एवं अनिवार्य शर्तों को भी आसान बनाया गया। ह्यह्यआपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वारह्यह्य कायर्क्रम में इसका सुखद लाभ देखने को मिला। पलामू प्रमंडल में हजारों आवेदन स्वीकृत किए गये एवं योग्य लाभुकों को पेंशन योजना का लाभ दिया गया।

सवर्जन पेंशन योजना राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना को नवंबर 2021 से पूरे राज्य में लागू की गई है। इसके प्रभावी होने से राज्य के लाखों योग्य नागरिकों को जीने का सहारा मिला है। वहीं पलामू प्रमंडल में 2 लाख 32 हजार से अधिक योग्य नागरिकों को इस योजना का लाभ मिल रहा है।

सवर्जन पेंशन योजना के तहत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना से एक ओर जहां वृद्धजनों को बुढ़ापे में सहारा मिला है, तो दूसरी ओर स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना दिव्यांग भाई-बहनों की आथिर्क मजबूती प्रदान की है। इस योजना की राशि से दिव्यांगजन पढ़ाई के लिए कॉपी-किताब की खरीददारी से लेकर अन्य आवश्यक कार्य करने में सक्षम हो पा रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना से महिलाओं को सम्मान मिला है। साथ ही एचआईवी/एड्स व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना से एचआईवी/एड्स पीड़ित व्यक्ति को सवर्जन पेंशन योजना का लाभ उनकी गोपनियता को बरकरार रखते हुए ससम्मान देने का कार्य हो रहा है।

**योग्य लाभुकों को शत-प्रतिशत इस योजना से किया जा रहा अच्छादितः**

प्रमंडल क्षेत्र के स्थानीय प्रशासन का लक्ष्य है कि कोई भी योग्य लाभुक सवर्जन पेंशन योजना के लाभ से वंचित न रहने पाये। इसके लिए स्थानीय जिला प्रशासन द्वारा वृहद प्रचार-प्रसार एवं समय-समय पर पेंशन शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। लोगों को जागरूक करने से लेकर शिविर लगाकर सभी छूटे हुए योग्य व्यक्तियों को सवर्जन पेंशन योजना से अच्छादित करने के लिए स्थानीय प्रशासन की पूरी टीम तत्परता के साथ जुटी है, ताकि सभी योग्य लाभुकों को इस योजना का लाभ दिया जा सके। सवर्जन पेंशन योजना से गरीब एवं बेसहारा लोगों को सम्मानजनक सहायता मिल रही है, जिससे उनका उत्थान संभव हो पाया है।

**पलामू जिले में 1 लाख 40 हजार से अधिक को मिल रहा सम्मान राशि**

सवर्जन पेंशन योजना के तहत पलामू जिले में 1,40,416 लाभुकों को सम्मान राशि का भुगतान



किया जा रहा है। इसमें मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के 1,13,733 लाभुक, स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना के तहत 12,115 लाभुक, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना के तहत 14,213 लाभुक एवं एचआईवी/एड्स पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना के तहत 355 लाभार्थी शामिल हैं।

**योजना के प्रभावी होने से गढ़वा में 36,733 को मिला लाभः**

सवर्जन पेंशन योजना के प्रभावी होने के पश्चात गढ़वा जिले में 36,733 लाभुकों को इस योजना से अच्छादित किया गया है। मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना की आंकड़ों को समाहित करते हुए देखें, तो वतर्मान में राज्य पेंशन योजना अंतगर्त लाभुकों की संख्या 86,663 है। उल्लेखनीय है कि पिछले तीन वर्ष में गढ़वा जिले में 53,985 राष्ट्रीय व राजयस्तरीय पेंशन योजना से जोड़े गये हैं। इसमें से 36,733 लाभुक सवर्जन पेंशन योजना प्रभावी होने के बाद पेंशन योजना से अच्छादित किये गये हैं। इसमें मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत एक वर्ष में लाभुकों की संख्या में 28,807 की वृद्धि हुई है। वहीं मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना में 4,049, स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना में 2,279 एवं एचआईवी/एड्स व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना में 120 संख्या की वृद्धि हुई है।

**लातेहार जिले में 13,536 लाभार्थियों को मिल रहा लाभः**

लातेहार जिले में 13,536 लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिल रहा है। इसमें मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 60 से अधिक आयुवर्ग के 10,868 आवेदन स्वीकृत कर, उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। वहीं स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना के तहत दिव्यांगजनों के 960, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना के तहत 1950 एवं एचआईवी/एड्स व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना के तहत 28 आवेदन स्वीकृत किये गये हैं और सवर्जन पेंशन योजना से लाभान्वित किया जा रहा है।

पंडवा प्रखंड के बटसारा निवासी 78 वर्षीय फागु राम मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभुक हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें एवं उनकी पत्नी को इस योजना का लाभ मिलता है। पेंशन की राशि दोनों के बुढ़ापे में जीने का बड़ा सहारा है। इसके लिए उन्होंने सरकार एवं स्थानीय प्रशासन को धन्यवाद किया है।

पाटन प्रखंड के नावाजयपुर निवासी मुकेश कुमार स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना से अच्छादित हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना से उन्हें एक हजार रुपए प्रतिमाह मिलता है। इस राशि से उन्हें पढ़ाई करने में सहयोग होता है।

चैनपुर के चांदो ग्राम निवासी रामपुकार सिंह ने बताया कि वे शिक्षक नियुक्ति की तैयारी करते हैं। उन्हें सरकार की स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना का लाभ मिलता है। इस आर्थिक सहयोग की राशि का इस्तेमाल वे तैयारी के लिए करते हैं।

पलामू जिले के सदर प्रखंड के सुआ ग्राम निवासी रामजीत सिंह स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना से अच्छादित हैं। योजना की एक हजार राशि उनके खाते में प्रत्येक माह मिलता है। यह राशि उनके जीविकोपार्जन में सहयोग करता है।

# आदित्यपुर : पिन्ड्राबेड़ा मोड़ पर बोलेरो की टक्कर से मुर्शिदाबाद का युवक घायल

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ब्यूरो चीफ सरायकेला (झारखंड)**

कांड्रा मुख्य मार्ग के पिन्ड्राबेड़ा मोड़ पर एक अज्ञात बोलेरो कार ने सर्विस रोड पार कर रहे मुर्शिदाबाद के युवक को जोरदार टक्कर मार दी. इसके बाद चालक कार लेकर फरार हो गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बोलेरो कांड्रा से गम्हरिया की ओर जा रही थी. तभी मुर्शिदाबाद निवासी सतिकुर मीर अपने दोस्त के साथ पिन्ड्राबेड़ा सर्विस रोड से मुख्य सड़क पार कर रहा था. जैसे ही दोनों दोस्त सर्विस रोड से सड़क पर आए कि तेज रफ्तार बोलेरो कार ने सतिकुर मीर को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि सतिकुर मीर कुछ दूरी पर जाकर गिरा. सड़क पर गिरते ही सतिकुर मीर गंभीर रूप से घायल हो गए. घायल को देख राहगीरों ने जेआरडीसीएल एंबुलेंस को सूचना दी.

# प्रखंड मे हो रही लूट-पाट और चोरी की घटनाये चिंता का विषय।

**निशांत तिवारी दैनिक समाज जागरण प्रखंड संवाददाता हंटरगंज,चतरा**

हंटरगंज,झारखंड हंटरगंज प्रखंड मे आये दिन हो रही चोरी और लूट की घटनाओ से ग्रामीणों मे भय व्याप्त है स्थिति इतनी भयावह हो गयी है की ग्रामीण जनता कही भी जाने के पहले सोच मे पड़ जाते है। हंटरगंज से प्रतापपुर तक रास्ते मे कई ऐसे संवेदनशील स्थान है जैसे काशिकेवाल जंगल ,खागड़वा ताड़ जंगल ,राजा बाँध जहा से लोगो को रात क्या दिन मे भी



गुजरने मे भय लगता है और अक्सर उन जगहों पर लूट की घटना को अंजाम दिया गया है पर आज तक प्रशाशन द्वारा उन जगहों पर कभी भी गस्ती नही की गई अभी प्रखंड के बलूरी और प्रतापपुर मे यज्ञ हो रहा है पर ग्रामीण जनता जा नही पा रहे है उनको ये भय है की कही उनके साथ कोई अप्रिय घटना ना घट जाये।प्रशाशन का काम है अपने क्षेत्र को भयमुक्त करना पर इस काम मे अक्सर प्रशाशन विफल साबित होती है और जब भी ऐसी घटनाये होती है तो प्रशाशन की मौजूदगी पर सवालिया निसान उठता है।

# बाईक दुर्घटना मे युवक गंभीर रूप से घायल

**निशांत तिवारी दैनिक समाज जागरण प्रखंड संवाददाता हंटरगंज,चतरा**

हंटरगंज,झारखंड हंटरगंज प्रतापुर मुख्य मार्ग स्थित काशीकेवाल पुल के समीप लगे डिवाइडर में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर टकरा जाने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।बताते चले की घायल युवक गोदोबार गांव निवासी राकेश साव का 16 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया



वह बलूरी यज्ञ से अपने घर हंटरगंज वापस आ रहा था इसी दौरान मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर में टकरा गयी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया परिजनों के द्वारा हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद पैर में गंभीर चोट आने से पैर फ्रैकचर होने के कारण गया मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है

# बड़ी धूमधाम से मनाया गया सरहुल पूजा (बहा बंगा) एवं शुभ अवसर पर हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण, सुनील कुमार गुप्ता, चांडिल प्रखंड**

चांडील ( सराइकेला ) : आज दिनांक को चांडिल प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चिलगु,रसुनिया पंचायत के कांगलाटांड़,रुदिया पंचायत के दालग्राम,भादूडीह पंचायत के जाड़ियाडीह एवं तामूलिया पंचायत के डोबो (चिरूगोड़ा) मे सरहुल पूजा(बाहा बंगा) बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया ' इस शुभ अवसर पर



सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजित किया गया ' सांस्कृतिक कार्यक्रम में चांडिल के पूर्व जिला परिषद सह जिला परिषद प्रतिनिधि झामुमो नेता श्री ओम प्रकाश लायेक, झामुमो केंद्रीय सदस्य श्री पप्पू वर्मा जी,रसुनिया पंचायत के मुखिया मंगल माझी जी, चांडिल पंचायत के मुखिया मनोहर सिंह सरदार जी,माझी बाबा मोहन माझी जी,दाड़गा हंसदा जी, सुनील मार्डी जी,बादल महतो जी, शिव शंकर लायेक जी,गणेश लायेक जी आदि मुख्य रूप से

# बरायबुरु मैं मांदर और नगाड़े की थाप पर धूमधाम से मनाया मागे पर्व

**सुनील कुमार गुप्ता, अनुमंडल संवाददाता जगन्नाथपुर दैनिक समाज जागरण**

गुवा बराईबुरू में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मागे



पर्व मनाया गया। इस दौरान किरीबुरू पूर्वी पंचायत के मुखिया सह भाजपा नेता मंगल सिंह गिलुवा एवं प्रमुख पूनम गिलुवा ने अन्य ग्रामीणों के साथ पारम्परिक रीति-रिवाज के साथ सरना स्थल पर जाकर पूजा-अर्चना की। मुर्गे की बली देते हुये सभी ने समाज के हर तबके के लोगों के लिये सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। इस दौरान गलत आत्मा एवं बीमारियों का क्षेत्र में प्रवेश नहीं होने के लिये भी पूजा की गई। पूजा-अर्चना के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आसपास शहरों एंव गांवों के सैकड़ों लोग शामिल हुए। सभी मांदर व नगाड़े की थाप पर जमकर थिरके।

# विभिन्न दलों के दर्जनों अल्पसंख्यक नेता भाजपा में हुए शामिल, विधायक ने किया स्वागत

**समाज जागरण, कौशल किशोर प्रखंड़ संवाददात्ता, विश्रामपुर**

पलामू (झारखंड) बिश्रामपुर आरसीआइटी के सभागार में शनिवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया.समारोह मे विभिन्न दलों के दर्जनों लोग भाजपा के नीति सिद्धांतो में भरोसा व पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी में आस्था व्यक्त करते हुए भाजपा मे शामिल हुए.समारोह की अध्यक्षता वरीय भाजपा नेता कृष्ण गुप्ता ने किया.श्री चंद्रवंशी ने कहा कि क्षेत्र,राज्य व राष्ट्र के विकास हेतु भाजपा के साथ खड़ा होना ही पड़ेगा.भाजपा सबका साथ,सबका विकास



और सबका विश्वास चाहती है.विभिन्न दलों से भाजपा में आए लोगों का श्री चंद्रवंशी ने माला पहनाकर स्वागत किया.कहा कि सभी को पार्टी में कोई न कोई दायित्व सौंपा जायेगा.भाजपा में शामिल होने वालों में मो.मुबारक हुसैन, नूरे आलम अंसारी,आलम अंसारी,सद्दाम हुसैन,सुल्तान अंसारी,सुल्तान अंसारी,क्यामुदीन अंसारी, इसराफिल अंसारी,परवेज आलम, हृदय चंद्रवंशी सहित दर्जनों लोगों का नाम शामिल हैं.

# कैश कांडः तीनों कांग्रेसी विधायकों की याचिका पर फैसला सुरक्षित, आगे क्या होगा!

**संजय सिंह, ब्यूरो चीफ सह प्रभारी, दक्षणी छोटा नागपुर प्रमंडल,रांची दैनिक समाज जागरण**

राँची कैश कांड के आरोपी कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी की याचिका पर सुनवाई पूरी करने के बाद शुक्रवार को हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। मामला पिछले साल का है।कैश कांड के आरोपी कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी की याचिका पर सुनवाई पूरी करने के बाद शुक्रवार को हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। तीनों विधायकों के खिलाफ सरकार गिराने की साजिश शामिल होने का आरोप लगाते हुए रांची के अरगोड़ा थाने में जीरा एफआईआर दर्ज करायी गयी थी। कांग्रेस के ही विधायक अनूप सिंह ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी, जिसे कोलकाता पुलिस को स्थानांतरित कर दिया गया।

तीनों विधायकों ने इस फैसले को दी चुनौती तीनों विधायकों ने जीरो एफआईआर दर्ज करने और उसे कोलकाता पुलिस को ट्रांसफर करने की चुनौती दी है। इस मामले पूर्व में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कोलकाता पुलिस को जांच जारी रखने की छूट तो दी है, लेकिन आरोप पत्र दाखिल करने पर रोक लगायी है। तीनों विधायकों ने अरगोड़ा थाने में दर्ज जीरो एफआईआर को कोलकाता



पुलिस को स्थानांतरित करने को गलत बताया है और इसे रद्द करने का आग्रह किया है। विधायकों की ओर से कहा गया है कि प्राथमिकी का उद्देश्य स्पष्ट नहीं है।कोलकाता पुलिस ने 30 जुलाई को पकड़ा था झारखंड के तीन कांग्रेसी विधायकों को कोलकाता पुलिस ने 30 जुलाई को हावड़ा के पांचला में 49.37 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया था। तीनों के खिलाफ कोलकाता पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की। यह मामला फिलहाल कलकत्ता कोर्ट में लंबित है ।तीनों विधायकों को कोलकाता हाईकोर्ट ने जमानत प्रदान की है। विधायकों ने साजिशन एफआईआर का आरोप लगाया विधायकों की ओर से कहा गया है कि प्राथमिकी में सरकार गिराने के लिए पैसे लेने का आरोप लगाया गया है। यह भी कहा गया है कि सूचक को ऐसी उम्मीद है कि सभी सरकार गिराने का प्रयास कर रहे थे और उनसे भी इसमें शामिल होने को कहा गया था, लेकिन इसके समर्थन में कोई केस नहीं किया गया। विधायकों की ओर से यह भी कहा गया कि एक योजना के तहत रांची में जीरो प्राथमिकी दर्ज की गई और उसे कोलकाता स्थानांतरित किया गया। तीनों विधायकों को कोलकाता में पैसे के साथ पकड़ा गया स्थानांतरित करना नियम सम्मत नहीं है।

# शिक्षा, श्रद्धा, भक्ति, धैर्य, अहिंसा और प्रतीक्षा की ताकतवर देवी है माता शबरी :पूर्व सांसद,विधायिका पुष्पा देवी

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) माता शबरी जयंती सह भुइयाँ मिलन समारोह के अवसर पर पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने 30 शिक्षा श्रद्धा, भक्ति, धैर्य,अहिंसा और प्रतीक्षा की ताकतवर देवी है माता शबरी।



छतरपुर के बारा में आयोजित शबरी जयंती सह भुइयाँ मिलन समारोह भव्य तरीके से मनाया गया।

मनोज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि माता शबरी के जीवन से बहुत कुछ सीखकर हम अपने जीवन को उन्नत बना सकते है।

शिक्षा प्राप्त करने के लिए श्रद्धा का ऐसा मजबूत हथियार का प्रयोग माता शबरी ने किया कि ऋषि मातंग को अपना सर्वस्व ज्ञान दान कर दिया।

भक्ति, धैर्य और प्रतीक्षा ऐसी की भगवान श्री राम स्वयं उनके घर आये और जूठे बेर खाकर माता शबरी का आतिथ्य स्वीकार किया।

अहिँसा और जीव कल्याण की ऐसी परकाष्ठा की जब माता शबरी को ये पता चला कि उनकी शादी में सैकड़ो पशुओं की बलि होगी तो माता शबरी अपनी शादी से इनकार कर पलायन कर गई।

पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने भुइयाँ समाज को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा बेहद जरूरी है। शिक्षा हमारे विकास और समानता के लिए बेहद जरूरी है।

शिक्षा और राजनीतिक समानता के लिए हम सभी मिलकर संघर्ष करते रहेंगे।

मनोज कुमार ने कहा इस शबरी जयंती के अवसर पर हमे शपथ लेने की जरूरत है कि हम अपने बच्चों को स्कूल भेजें उन्हें शिक्षित बनाए। विधायक श्रीमती पुष्पा देवी ने माता शबरी को याद करते हुए कहा की माता शबरी उस नारी शक्ति के प्रतीक है जिनके द्वार पर भगवान राम को स्वयं आना पड़ा था। माता शबरी इस बात की प्रतीक है कि अगर आपकी श्रद्धा सच्ची हो तो भगवान आपके द्वार पर स्वयं आएंगे। माता शबरी से हम सभी को यह सीखने की जरूरत है कि श्रद्धा, शिक्षा, धैर्य, और प्रतीक्षा में बहुत ताकत होती है।

इस मौके पर हजारों लोगों के साथ मीडिया बंधु और कार्यकताओं की भारी भीड़ मौजूद थी।

विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान पत्रकार बंधुओ को शाल और प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# मेदिनीनगर में नियो थ्री व्हीलर रिक्शा का शोरूम खुला

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) मेदिनीनगर शहर के शास्त्री नगर मोहल्ला स्थित देवी मंदिर रोड में एकसाईड नियो थ्री व्हीलर ई रिक्शा का शोरूम खुला. मुख्य अतिथि सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार शाह ने फीता काट कर शोरूम का उद्घाटन किया. पलामू एक्साइड ई रिक्शा यूनिट ऑफ सत्यम सेल्स की देखरेख में इस शोरूम का संचालन किया जायेगा. मुख्य अतिथि एसडीओ श्री शाह ने कहा कि पलामू प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है.प्रतिष्ठान का खुलना विकास का प्रतीक है.युवाओं का रुझान व्यवसाय की ओर बढ़ रहा है.यह पलामू के लिए बेहतर संकेत है. उन्होंने कहा कि समय के बदलाव होना चाहिए. बदलते परिवेश में



बैटरी चालित वाहनों का प्रचलन बढ़ा है. यह वर्तमान समय की मांग भी है.

प्रोपराइटर सत्यम आर्य ने बताया कि एकसाईद भारत की सबसे बड़ी बैटरी निमार्ता कंपनी है. इस कंपनी के द्वारा निर्मित ई-रिक्शा नए मॉडल में उच्च क्वालिटी का है. बेरोजगार युवक ई रिक्शा से अपना जीविकोपार्जन कर सकते हैं.उद्घाटन से पहले शोरूम में विधिवत पूजा अर्चना किया गया.

झारखंड जन क्रांति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पासवान एवं उषा पासवान ने विधिवत पूजा अर्चना किया.इसके बाद लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया. मौके पर सुमित्रा पासवान,मो नेयाज अहमद,इमामुदिन खान, ललन कुमार , सिद्धनाथ प्रसाद गुप्ता, कृष्णा चौधरी, विकास कुमार ,शंभू पासवान ,वीरेंद्र मांझी,साक्षी आर्या,अरुण गहलोत,रीना देवी,मीना देवी, हसरत जहां, वीणा देवी,मनीष गोस्वामी,अनिल कुमार, विनय कुमार सहित कई लोग मौजूद थे.

# वाहन चलाते समय अपना सुरक्षा स्वयं पहनकर चलेः पलामू पुलिस

**समाज जागरण , सतेंद्र चौरसिया प्रखंड,संवाददाता,नौडीहा बाजार**

पलामू (झारखंड) पलामूएसपी श्री चंदन सिन्हा के निदेर्शानुसार पलामू के सभी थाना चेक पोस्ट पर सभी छोटी-बड़ी वाहनों को बारीकी से, चालक हेलमेट, जूता, गाड़ी कागजात ड्राइवरी लाइसेंस, प्रदूषण जांच कर सुरक्षा, कार्रवाई को लेकर पुलिस रात दिन लोगों की जागरूकता कर रही है आप वाहन चलाते, अपना सुरक्षा स्वयं पाहनकर चले।

# आदित्यपुर : ऑटो क्लस्टर व श्रीनाथ विश्वविद्यालय के बीच हुआ एमओयू

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक , ब्यूरो चीफ सरायकेला (झारखंड )**

शनिवार को आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय ने ऑटो क्लस्टर आदित्यपुर के साथ एमओयू किया. इस एमओयू के तहत श्रीनाथ विश्वविद्यालय और ऑटो क्लस्टर आदित्यपुर दो पक्ष के रूप में कार्य करेंगे. इसमें पहला पक्ष श्रीनाथ विश्वविद्यालय तथा दूसरा पक्ष ऑटो क्लस्टर आदित्यपुर होगा जो विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को औद्योगिक जानकारी देने में सहायता करेगा. जैसे औद्योगिक प्रशिक्षण, कैम्पस सलेक्शन आदि. ऑटो क्लस्टर श्रीनाथ विश्वविद्यालय के संकाय और छात्रों को अपनी समूह



की कंपनियों का दौरा करने और श्रीनाथ विश्वविद्यालय के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शामिल होने की अनुमति देगा. ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से छात्रों के काम को आत्मविश्वास और सुगमता मिलेगी. इसके अन्तर्गत अतिथि व्याख्यान भी होंगे.

# जिला जनसंपर्क कार्यालय के सौजन्य से फतेहपुर प्रखंड सभागार में सेमिनार का किया गया आयोजन

## लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की दी गई जानकारी साथ ही योजनाओं के लाभ लेने हेतु किया अपील

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो गौतम ठाकुर जामताड़ा**

जिला जनसंपर्क कार्यालय, जामताड़ा के सौजन्य से प्रखंड सभागार, फतेहपुर में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रचार प्रसार हेतु सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मुखिया, पंचायत समिति सहित अन्य लोगों को योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख अरविंद मुर्मू, जिला परिषद सदस्य श्री पूरन पुजहर, प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश बाउरी, अंचल अधिकारी प्रदीप कुमार महतो, एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संतोष कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों ने उपस्थित लोगों को सरकार की योजनाओं एवं उससे मिलने वाले लाभ के बारे में बताया गया, साथ ही योजना का लाभ लेने के लिए कहां आवेदन किए जाएं, दस्तावेज में क्या क्या दिए जाएं, इन सब चीजों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान अंचल अधिकारी फतेहपुर द्वारा सुखाड़ राहत, आपदा राहत, दाखिल खारिज जैसे कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा कार्यक्रम के दौरान पूछे गए कई प्रश्नों का भी जवाब देकर उनकी समस्या का निदान किया गया।

वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश बाउरी ने बताया कि सरकार द्वारा लोगों के हित में कई जनकल्याणकारी योजनाओं को चलाया जा रहा है, जिसके लिए अपने पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव के साथ ही प्रखंड में इसके लिए आवेदन दिए जा सकते हैं। उन्होंने अपील किया कि योग्य लाभुक अपनी अहर्ता के अनुसार योजना के लाभ लेने हेतु आवेदन करें, उन्हें योजना का लाभ दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कृषि, पशुपालन, आपूर्ति, जेएसएलपीएस, कल्याण, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों में संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और कई लोगों की समस्याओं को भी सुना एवं त्वरित निष्पादन भी किया।



वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख ने जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा किए जा रहे प्रचार प्रसार कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्रसन्नता जताई तथा अनुरोध किया कि सभी जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र के लोगों को योजनाओं से अवगत कराएं साथ ही उन्हें योजना का लाभ भी दिलाएं।

वही कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संतोष कुमार ने फतेहपुर प्रखंड के स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा प्रखंड प्रशासन को धन्यवाद दिया। उन्होंने भी सेमिनार कार्यक्रम के प्रासंगिकता को बताते हुए कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके अधिकार एवं अहर्ता के अनुसार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है ताकि वे सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। उन्होंने अपील किया आप सभी योजनाओं का अधिकतम प्रचार प्रसार करें ताकि लोग इसका लाभ उठा सकें।

इस मौके पर उपरोक्त के अलावा स्थानीय जन प्रतिनिधिगण, अन्य लोग, एवं प्रखंड कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

# वास्तविक विकास शब्द जोड़ना झा. मु. मो का लक्ष्य है----अशोक महतो

**दैनिक समाज जागरण** फतेहपुर संवाद दाता विपुल गोस्वामी (जामताड़ ) नाला विधानसभा में अध्यक्ष के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा सरकार के समन्वय से सड़कों की रूपरेखा परिवर्तित के साथ सड़कों की कॉरिडोर बनने जा रहा है। चारों तरफ नजारा ही नजारा सड़कों की नेट वर्किंग की तरह सड़क बनते जा रहा है। हेमंत सरकार की उपलब्धि और माननीय विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो की पहल से नाला विधानसभा चौतरफा विकास ही विकास दिखाई पड़ रहा है उक्त बातें फोन वार्ता से प्रखंड अध्यक्ष अशोक महतो ने बताते हुए कहा कि नाला पेट्रोल पंप से कस्ता (बंगाल सीमा) तक पथ का विशेष मरम्मत कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति सड़क की लंबाई कुल 12•150 किमी तथा बामनडीहा से करजोड़ी होते हुए तेसजोरिया पीडब्ल्यूडी पथ तक का विशेष मरम्मत कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति हो चुका है कुल लम्बाई 6◦720 km विशेषकर नाला विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ता चला जा रहा है नाला के धतुला पीडब्ल्यूडी पथ मधवा मोड़ से बिंदापत्थर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य में लागत 2 करोड़ 10 लाख 55 हजार 7 सौ रुपया की लागत से लंबाई 3•100 किमी सड़क का कार्य का प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुका है।माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा कहीं हॉस्पिटल निर्माण कहीं बिजली पावर ग्रेड कार्य में प्रगति कहीं नदी में पुल पुलिया जोड़ियां में श्रृंखलाबद्ध क्रश बांध का निर्माण कराना ।ये सब झारखंड के नाला विधानसभा के जनताओं के लिए सौगात ही सौगात है ।पूर्व के सरकार ने कार्य कहां किये पता ही नही चलता है ।लेकिन विकास की रूपरेखा इस प्रकार तैयार की है जो आप देख कर कह सकते है। जनता महसूस कर रही है झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी जमीनी स्तर पर जनताओं की हितैषी के रूप में कार्य कर रहे हैं। कर्म कभी विफल नहीं होता समय पर जरूर इसका लाभ जनता देगी, जनता समझती है कौन काम कैसे करता है।

# धनबाद रेल प्रबंधन द्वारा धनबाद के स्टेशन रोड़ से डीआरएम चौक तक चला अतिक्रमण हटाने का अभियान

## फुटपाथ दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण के विरोध में अपने ऊपर तेल छिड़क कर आत्म दाह करने का प्रयास किया।

**दैनिक समाज जागरण (आर एन चौरसिया,ब्यूरो चीफ)**

धनबाद, शनिवार को धनबाद रेल प्रबंधन द्वारा धनबाद के स्टेशन रोड़ से डीआरएम चौक तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया, लेकिन फुटपाथ दुकानदारों द्वारा इस दौरान जमकर हंगामा किया गया। फुटपाथ दुकानदारों द्वारा न सिर्फ आगजनी कर स्टेशन रोड़ को जाम कर दिया गया, बल्कि कुछ दुकानदारों ने अपने ऊपर तेल छिड़कर आत्मदाह करने का भी प्रयास किया। जिसके बाद धनबाद रेल पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।जानकारी के अनुसार धनबाद रेल प्रबंधन द्वारा शुक्रवार को लाउडस्पीकर के माध्यम से स्टेशन रोड़ से डीआरएम चौक तक की जमीन पर अपनी दुकान लगा कर जीविकोपार्जन कर रहे दुकानदारों को अपनी दुकान वहाँ से हटा लेने के लिए मुनादी करवाई गई थी। उसी आलोक में शनिवार को रेल प्रशासन डोजर और सुरक्षा बलों के साथ स्टेशन रोड से अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची। जिसके विरोध में फुटपाथ दुकानदार एकजुट होकर आगजनी कर स्टेशन रोड़ को जाम कर दिया। इसके बावजूद रेल प्रशासन का अतिक्रमण हटाव अभियान नही रुकता देख कुछ दुकानदारों ने अपने ऊपर तेल छिड़ककर आत्मदाह करने का प्रयास करने लगा। जिसे रेल पुलिस ने विफल कर दिया। इसके बाद दुकानदारों ने दुकान तोड़ रहे डोजर को रोकने के लिए सड़क पर लेट गए। साथ ही कुछ दुकनदार डोजर के सामने खड़े हो गए। जिसके बाद डोजर को वहाँ से पीछे हटना पड़ा और कुछ समय के लिए इस



अभियान को रोकना पड़ा। इसके बाद रेल प्रशासन ने दुकानदारों को मौके से हटाने के लिए लाठीचार्ज किया। जिसके बाद दुकनदार मौके से हटे। फुटपाथ दुकानदार समिति के अध्यक्ष राम नारायण सिंह ने बताया की करीब तीन पीढ़ियों से लगभग ढाई सौ दुकनदार स्टेशन रोड के किनारे अपनी दुकान लगा कर अपना और अपने परिवार का जीविकोपार्जन करते आ रहे है। लेकिन आज अचानक बिना किसी नोटिस के उनके दुकानों को रेल प्रशासन द्वारा उजाड़ा जा रहा है। जबकि यह भूमि रेल प्रशासन की भी नही है, यह जमीन धनबाद जिला प्रशासन के अधीन है। उसके बावजूद बिना पुनर्वास के दुकानदारों को यहाँ से उजाड़ देना असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व में भी धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने उन्हें आश्वासन दिया था कि बिना पुनर्वास के उन्हें यहाँ से उजाड़ा नही जाएगा।दूसरी ओर धनबाद रेल प्रशासन का कहना है कि बीते शुक्रवार को यहाँ अतिक्रमण कर दुकान चला रहे दुकादरो को मुनादी के जरिए सूचना दे दी गई थी कि वो अपनी अपनी दुकानों को यहाँ से हटा लें। अतिक्रमण हटाने पहुंचे धनबाद अंचल निरीक्षक श्यामलाल मांझी ने कहा कि दुकानदार यहाँ से हटने को तैयार नही थे, साथ ही उन्होंने हंगमा भी किया। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। इस कार्य में भारी संख्या में रेलवे पुलिस के जवान सहित धनबाद के पुलिस जवान भी दिखे।

# ईसीआरकेयू कतरास शाखा की नई कमिटी का गठन

## इन्द्र मोहन सिंह सचिव और अवनीश कुमार बने अध्यक्ष

**दैनिक समाज जागरण (आर एन चौरसिया)**

धनबाद, ईसीआरकेयू कतरास शाखा की कतरास रेलवे कॉलोनी स्थित यूनियन कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें ईसीआरकेयू के केंद्रीय अध्यक्ष डीके पांडेय, अपर महामंत्री मो ज्याउद्दीन,केंद्रीय सहायक सचिव ओमप्रकाश और केंद्रीय कोषाध्यक्ष ओ पी शर्मा उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में सबसे पहले केंद्रीय अध्यक्ष डी के पांडेय को पुष्पहार पहनाकर अंगवस्त्र और सम्मान प्रतीक प्रदान कर स्वागत किया गया। मौके पर उपस्थित सभी केन्द्रीय पदाधिकारियों को भी पुष्पहार और अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। रेल से सेवानिवृत्ति प्राप्त करने वाले धनबाद शाखा-2 के पूर्व सचिव ए के दा और अध्यक्ष टी के साहू और प्रेम कार्यालय प्रभारी सोमेन दत्ता को भी सम्मानित किया गया।

बैठक में ईसीआरकेयू कतरास शाखा के नव मनोनीत सदस्यों को केन्द्रीय पदाधिकारियों द्वारा पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया। इस कमिटी के नवमनोनित सदस्यों के नाम इस प्रकार हैं , अध्यक्ष-अवनीश कुमार,कार्यकारी अध्यक्ष - एस के सिंह,दो उपाध्यक्ष- चन्द्र कांत कुमार और अरविंद कुमार मेहता,शाखा सचिव-इन्द्र मोहन सिंह,संयुक्त सचिव- अमित किशोर

दो सहायक सचिव- मनीष कुणाल और रितेश कुमार सिंह,दो संगठन सचिव - सवोर्जीत पोद्दार और राकेश कुमार,कोषाध्यक्ष - अजय कुमार साव

पांच शाखा सलाहकार- सुभाष ठाकुर, अनील कुमार, जीतेन्द्र कुमार, रविन्द्र कुमार साव और राजेन्द्र प्रसाद।

# पुरुषोत्तम यादव दिखाई दरियादिली: ब्लड की कमी से नहीं हो रहा था ऑपरेशन। खून दान देकर बचाई जिन्दगी।

## पुरुषोत्तम यादव की पुनीत कार्य कि हो रही है क्षेत्र में प्रशंसा।

**दैनिक समाज जागरण प्रखंड रिपोर्टर मोहनपुर, देवघर**

मोहनपुर (झारखंड) कहते हैं जहां चाह वहां राह अगर आपसे सेवाभाव है तो शारीरिक अक्षमता भी आड़े नहीं आती और वह एक मिसाल बन जाती है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया राष्ट्रीय जनता दल जिला सचिव पुरुषोत्तम यादव ने बताया जा रहा है कि प्रखंड के रघुनाथपुर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मोहम्मद मुस्तफा अंसारी के भेगनी मरिहम बीबी अस्पताल में भर्ती थी उसके बच्चेदानी में इन्फेक्शन था। उसका ऑपरेशन होना था। इस दौरान डॉक्टरों ने घरवालों को कहा कि इसे खून की सख्त जरूरत है। ब्लड डोनर की तलाश में घरवाले दरबदर भटकते रहे। दोस्त और रिश्तेदारों से मदद की गुहार लगाई गई लेकिन खून



नहीं मिल रहा था और परिजन परेशान थे। उधर किसी ने इसकी सूचना राष्ट्रीय जनता दल जिला सचिव पुरुषोत्तम यादव को दी और कहा कि महिला की खून की सख्त जरूरत है। उन्होंने बिना देर किए ब्लड डोनेट के लिए पहुंच गए और ब्लड देकर उस महिला की जान बचाई। परिजनों ने कहा कि जो हमारे लिए पुरुषोत्तम यादव ने किया है। मैं उसका शुक्रगुजार हूं। इस बीच पुरुषोत्तम यादव ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह संदेश दिया कि इंसान ही इंसान के काम आता है। आगे उन्होंने बताया कि ऐसे ही एक दूसरे की मदद से हमेशा सेवा होती है जहां इस पुनीत कार्य की क्षेत्र में चंहुओर प्रशंसा हो रही है।

# देसभर मलेरिया बीमारियों से बचने के लिए चलाया जागरुकता अभियान

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो गौतम ठाकुर जामताड़ा**

देसभर मलेरिया बीमारियों से बचने के लिए चलाया जागरुकता अभियानःनुक्कड़ नाटक के माध्यम डेंगू मलेरिया से बचाव का संदेशदेवास में राज्य शासन और जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से राज्य मलेरिया यूनिट द्वारा प्रदेश भर मे चलाए जा रहे अभियान के तहत मच्छरो से होने वाली बीमारियों के लिए नुक्कड नाटक व कटपुतली नृत्य के माध्यम से जगह-जगह डेंगू, मलेरिया, चिकन गुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।इसी कडी में शनिवार को नाला प्रखंड के अमबगान बजरंगबली चौक में मच्छरों से होने वाले डेंगू, मलेरिया तथा चिकन गुनिया जैसी बीमारियों से बचाव हेतु राज्य मलेरिया यूनिट की टीम द्वारा नुक्कड नाटक व कटपुतली के नृत्य के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया गया। मानसून सीजन के बाद डेंगू का पीक सीजन होता है। इसको लेकर जिला मलेरिया अधिकारी के साथ मलेरिया से बचाव के लिए जन जागरूकता के लिए नुक्कड नाटक का मंचन तथा कटपुतली नृत्य से संदेश दिया गया।जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि पुरे देशभर में नुक्कड़ नाटक व कटपुतली नृत्य के माध्यम से जगह-जगह जागरुकता लाई जा रही है इस नाटक के मंचन से प्रदेश के सभी जिलों में इस तरह के आयोजन किए जा रहे है।




विशेषकर उन जिलों में ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है जहां पर पिछले वर्ष डेंगू का प्रकोप ज्यादा था चुकी देवास भी ऐसे जिलों में शामिल था और इस वर्ष तो बहुत अच्छी स्थिति है कि डेंगू के प्रकरण नहीं है। लेकिन हम जागरुकता लाने के लिए विभिन्न स्थानों पर कटपुतली नृत्य व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को डेंगू व मलेरिया व चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव कैसे करना है इसके बारे में जानकारी दी जा रही हुं।

# शराब निर्माण की कला वैज्ञानिक पद्धति पर कलाकौशल पौराणिक।

**दैनिक समाज जागरण** फतेहपुर संवाददता विपुल गोस्वामी (जामताड़ा) झारखंड प्रदेश में आदिवासी सिर्फ फतेहपुर प्रखंड में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में छाए हुए हैं। आदिवासी की संस्कृति वैदिक रीति रिवाज की के आधार पर पूजा पारवन से लेकर किसी भी अनुष्ठान यज्ञ में मदिरा का उपभोग सेवन एवं भोग के रूप में किया जाता है। उनके संस्कृति के देव देवी को शराब पहले समर्पण किया जाता है और प्रसादी के रूप में ग्रहण भी करना पड़ता है ।आइए जानते हैं यह मदिरा जिससे देहाती भाषा में शराब भी कहते है।

**आइए देखते है इसके निर्माण की विधि व्यवस्था कैसे करके किया जाता है।**

इसका निर्माण पुरखों से कैसे करके किया जाता है सबसे पहले आग के चूल्हा में बड़ा हांडी जो मिट्टी बना हुआ है। हांडी में पानी महुआ बाखर तथा जड़ी-बूटी देकर खुब तपाया जाता है उसके ऊपर छोटा हांडी के ऊपर एक यांत्रिक विधि से कुम्हार द्वारा निर्माण की कला के आधार पर शराब निकलने का द्वार जैसा बनाया जाता है ।जिसमें ना पानी न कुछ रखा जाता है उसे खाली रखा जाता है ।खाली हांडी के ऊपर छोटा हांडी में ठंडा पानी भर कर ढक्कन बन्द कर दिया जाता है । जैसे-जैसे नीचे के जो भोला बावा का रूप है भोले शंकर का रूप है। वहां बकरा की बलि मुर्गा काटा जाता है। उसके साथ शराब की बोतल चढ़ाया जाता है



हांडी गर्म होता है और वाष्प निकलता है ।व वाष्प जा कर पानी भरा हुआ सबसे ऊपर रखा हांडी के नीचले सतह मे टकराता है ।और वाष्प पानी मे तब्दील होकर बीच वाला खाली हांडी मे गिरता और बीच के मिट्टी के हांडी के छिद्र से होते हुए नीचे गिरता है। और शराब के रूप में नीचे रखे हुए बर्तन में एकत्रित होता है ।अगर देखा जाए तो परिष्कृत निर्मल जल जो शराब बनकर बनकर आता है। उसी शराब को देव देवताओं को चढ़ाया जाता है। जामताड़ा जिला के सीमावर्ती जिला दुमका जिला के चुटो बाबा ,और भक्त वृंद के द्वारा प्रसाद ग्रहण भी किया जाता है। यह देखा जाए तो हिंदू परंपरा के शिव भोले बाबा है और आदिवासी के संस्कृति संस्कार के आधार पर शराब से ही मान सम्मान एवं पूजा पाठ के लिए उपयोग किया जाता है। जिससे विशेष महत्व को दशार्ता है। एक्सपेरिमेंट के आधार पर वैज्ञानिक पद्धति के अनुसार जो शराब निकलता है ।व शुद्धिकरण होकर निकलता है। शुद्धिकरण शराब कुटुम्ब आदि के घर भी अनुष्ठान मे कपड़ा ढक कर पहुंचाया जाता भी है। अधिक मात्रा मे कुछ भी सेवन अच्छा नही होता है।

# बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल धनबाद इकाई की वार्षिक आम सभा सम्पन्न।

**दैनिक समाज जागरण (आर एन चौरसिया)**

धनबाद, बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के धनबाद इकाई की शाखा 1,2,3, 4 ,वेतन बचत एबं गोबिंदपुर शाखा का संयुक्त वार्षिक आम सभा जोराफाटक रोड आईसीए सभागार में शनिवार को सम्पन्न हुआ। सभा में बतौर मुख्य अतिथि बगोदर विधायक कामरेड बिनोद सिंह ने सभागार में उपस्थित संघ के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि एलआईसी से गहरा नाता है । आनेवाले चुनौतियों को समझना होगा। अमृतकाल में कुछ भी ठीक नहीं है।आजादी की बुनियाद सार्वजनिक उधोगों के बल पर रखी गयी थी। लेकिन 75साल में खड़ी की गई सार्वजनिक उधोगों बीमा,बैंक,रेल,बीएसएनएल को कॉरपरेट के हवाले किया जा रहा है। मौजूदा समय में सरकार वोट से नही नोट से खड़ी की जा रही है।

देश की सत्ता चार लोगों के हाँथो में है । दो लोग सार्वजनिक उधोगों को बेंचने में, जबकि दो लोग खरीदने में लगे हुये है । एलआईसी में आम आदमी ने छोटा-छोटा निवेश किया है। बैंकों में गरीबो का पैसा है ।गरीबो का आम जनता का पैसा है। मौजूदा सरकार जनता का पैसा जनता का पैसा अडानी अंबानी के नाम करने में लगी हुई है । एलआईसी को हटाने की कोशिश हो रही है। अडानी अंबानी की दौलत को बढ़ा चढ़ाकर दिखाया जा रहा है। देश मे बदलाव के बहाने कॉरपरेट को बढ़ावा दिया जा रहा है। हमे एकजुट हो खतरे के खिलाफ मुक्कमल लड़ाई की तैयारी कर संघर्ष करना होगा । बेरोजगारी,महंगाई, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को तेज करे। उन्होंने आगे कहा की आंदोलन के सिवाय दूसरा कोई रास्ता नही है। वार्षिक आम सभा को संबोधित करते हुये संघ के महामंत्री जगदीश चंद मित्तल ने कहा कि एलआईसी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। एलआईसी में सभी बीमा धारकों का निवेश पूरी तरह सुरक्षित है। हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद अडानी के विभिन्न कंपनियों का शेयर का भाव गिर गया ।कुछ राजनीतिक पार्टियों एवं मीडिया ने कहा कि एलआईसी और स्टेट बैंक में निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ेगा । इस संबंध में अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के संयुक्त सचिव सह संयोजक नीरज कुमार ने कहा कि एलआईसी में निवेशकों का पैसा डूब जाएगा।बिल्कुल निराधार और गलत है। एलआईसी में सभी बीमा धारकों का पैसा सुरक्षित है । ज्ञात हो कि 5 करोड़ की पूंजी से प्रारंभ होकर एलआईसी 67 वर्षों में 42 लाख करोड़ से अधिक की परिसंपत्ति अर्जित की है। चालू वित्तीय वर्ष में 31 जनवरी 2023 तक एलआईसी ने प्रथम प्रीमियम आय 1 लाख 91 हजार करोड रुपया अर्जित कर पिछले वर्ष की तुलना में 37.68% वृद्धि दर्ज किया तथा एक करोड 48 लाख पॉलिसी का नव व्यवसाय कर 70,68% मार्केट शेयर हासिल किया।

चालू वित्तीय वर्ष के अक्टूबर- दिसंबर तिमाही में 8334 करोड़ रूपया का लाभ अर्जित किया ।संघ के अध्यक्ष हेमंत मिश्रा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये अपने संबोधन में कहा कि एलआईसी ने साफ किया है की हिंडेनवर्ग रिपोर्ट पर उसकी कुछ चिंताएं हैं । सबसे बड़ा निवेशक होने के नाते एलआईसी को हिंडेन वर्ग और अडानी के प्रत्युत्तर पर सवाल करने का हक है। हम एलआईसी के दृष्टिकोण से सहमत हैं । एलआईसी की निवेश नीति के अनुसार इसके निवेश का 80% निवेश सुरक्षित प्रतिभूतियों में ही किया जाता है, यथा सरकारी प्रतिभूतियों में शेष 20% एलआईसी इक्विटी में निवेश करती है और एलआईसी एक दीर्घकालिक निवेशक है। एलआईसी प्रतिवर्ष 4.50 से 5 लाख करोड़ रूपया सरप्लस अर्जित करती है। सर प्लस का 80% सरकारी प्रतिभूतियों तथा 20% शेयर बाजार में निवेश किया जाता है, अर्थात एलआईसी प्रतिवर्ष 90000 करोड़ से एक लाख करोड़ रूपया शेयर बाजार में निवेश करती है। अतः निवेश संबंधी निर्णय पालिसी धारकों के दीर्घ काल के हित को ध्यान में रखकर ही लिए जाते हैं । संघ के पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र किशोर प्रसाद ने कहा की एल आई सी का अपना इन्वेस्टमेंट बोर्ड है और पूरी जांच के उपरांत ही बोर्ड द्वारा निर्णय लिए जाते हैं । अडानी ग्रुप में निवेश, जिसके बारे में लोग चर्चा कर रहे हैं सिर्फ काल्पनिक हानि है ।क्योंकि बाजार मूल्य नीचे चला गया है।यह हानि वास्तविक नहीं है।एलआईसी ने बाजार में अदानी ग्रुप का कोई शेयर नहीं बेचा है, जो उसे वास्तविक हानि उठानी पड़े । एलआईसी ने हानि उठाई या लाभ कमाया इसका जबाब बाजार में शेयर बेचने पर ही मिल सकता है । इस वक्त लाभ या हानि सिर्फ काल्पनिक है ।इतना ही नहीं एलआईसी में बीमा धारकों के बीमा धन की गारंटी केंद्र सरकार द्वारा लिया जाता है। ऐसे में यह कहना की एलआईसी में निवेशकों का पैसा डूब जाएगा निराधार और हास्यास्पद है ।

# आदित्यपुर : ऋषभ झा होंगे सरायकेला के प्रभारी एसपी

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ सरायकेला (झारखंड)**

सरायकेला के नए प्रभारी एसपी ऋषभ झा होंगे. इससे संबंधित आदेश पारित कर दी गई है. बता दें कि एसपी आनंद प्रकाश को दो माह के लिए ट्रेनिंग पर हैदराबाद भेजा गया है. उनके जाने के बाद ही जमशेदपुर रेल एसपी ऋषभ झा को जिले का प्रभारी एसपी बनाया गया है. इस संबंध में पुलिस महानिरीक्षक (मानवाधिकार)



रांची की ओर से प्रधान सचिव गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग को पत्र जारी कर दिया गया है. बता दें कि ऋषभ झा 2015 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं. वे एक तेज तर्रार आईपीएस अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं. फिलहाल जमशेदपुर रेल एसपी के रूप में अपनी सेवा दे रहे हैं. पहले चाईबासा के एसपी को प्रभार मिलने की चर्चा थी लेकिन ऋषभ झा के प्रभारी एसपी बनाये जाने संबंधी आदेश पारित होने पर उस पर विराम लग गया है.

# आनंदपुर थाना क्षेत्र चारबंदिया गांव का रहने वाला करंट लगने से बुरी तरह से झुलसा

**दुर्योधन महतो, ब्यूरो चीफ पश्चिमी, सिंहभूम, झारखंड**

पीड़ित युवक 35 वर्षीय तुबीयस लकड़ा आनंदपुर थाना क्षेत्र के चारबंदिया गांव का रहने वाला है. गंभीर अवस्था में उसके परिजनों ने उपचार के लिए मनोहरपुर सीएचसी में भर्ती कराया है. स्थानीय चिकित्सकों ने युवक को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए राउरकेला रेफर कर दिया है.घटना के बारे परिजनों ने बताया कि शनिवार




सुबह तुबीयस अपने घर का बिजली का तार जोड़ने के लिए घर के समीप लगे बिजली के पोल पर चढ़ा हुआ था. इसी दौरान युवक करंट की चपेट में आ गया और बुरी तरह से झुलस गया. युवक के गर्दन, छाती, दाहिना हाथ व पैर जल गया है. इलाज कर रहे चिकित्सकों ने बताया कि युवक करीब 30% प्रतिशत जला है और उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए राउरकेला रेफर कर दिया गया है.

# करोड़ो की लागत से पंडवा पाटन पथ का किया शिलान्यास

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) पाटन छतरपुर की विधायिका ने किया छतरपुर विधानसभा अंतर्गत पड़वा पाटन पथ का शिलान्यास विधायक श्रीमती पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार जी के द्वारा सम्पन्न हुआ। यह पथ करीब 6:45 करोड़ की लागत से तैयार होगी।



इस कार्यक्रम में पड़वा प्रखंड अध्यक्ष जमुना सिंह, युवा नेता विक्रम कुमार, विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, भाजपा युवा अध्यक्ष अभिषेक सिंह, अनंत सिंह, ओम प्रकाश पांडे, बबल शाह, रविंद्र सिंह, कविता सिंह, राकेश पांडे, रंजय सिंह, जैनेंद्र यादव, राधेश्याम सिंह इत्यादि लोग मौजूद थे।

# राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी करायेगी केतात में नवनिर्मित हनुमत पंचमुखी मंदिर के गुंबद का निर्माण

**समाज जागरण, कौशल किशोर प्रखंड़ संवाददात्ता, विश्रामपुर**

पलामू (झारखंड) विश्रामपुर प्रखंड के केतात कला गांव में नवनिर्मित हनुमत पंचमुखी मंदिर के गुंबद का निर्माण राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी करायेगी.इसकी जानकारी आज राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य अर्जुन पांडेय उर्फ गुरु पांडेय ने पत्रकारों को दी.उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय परशुराम



सेना युवा वाहिनी धर्म के क्षेत्रों में कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहती है.युवा वाहिनी लगातार धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर रही है.और सनातन संस्कृति को आगे लेकर चल रही है.उन्होंने कहा कि केतात में बनकर तैयार हनुमंत पंचमुखी मंदिर के गुंबद का निर्माण राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के द्वारा कराया जायेगा.मौके पर राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी,अनुशासन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी उर्फ पिंकू तिवारी,प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी,प्रमंडलीय संरक्षक राकेश पांडेय,प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय,जिला उपाध्यक्ष विक्रांत त्रिपाठी सहित कई लोग मौजूद थे.

# केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक ने बाबा बैजनाथ धाम पहुंच कर भोलेनाथ का किया दर्शन , पूजा अर्चना।

**दैनिक समाज जागरण रमाकांत मालवीय नगर संवाददाता ,देवघर**

देवघरः (झारखंड) भारत सरकार की केंद्रीय राज्य सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री प्रतिमा भौमिक का आगमन बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में हुआ आगमन पर केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक ने बाबा बैजनाथ के दरबार में जा कर पूजा अर्चना की एवं विश्व शांति के लिए



बाबा से प्रार्थना की मंत्री का स्वागत भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री पंकज सिंह भदोरिया सचिन सुलतानिया विजया सिंह चंद्रशेखर खवाड़े एवं कई कार्यकताओं ने बाबा मंदिर में उनसे भेंट मुलाकात कर स्वागत किया मंत्री अपने सरकारी कार्यक्रम तहत उनका आगमन देवघर में हुआ।

# जेपी जनता दल का होली मिलन समारोह चार को

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) मेदिनीनगर में जय प्रकाश जनता दल की बैठक हुई.पार्टी के सांगठनिक स्थिति पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया.साथ ही पलामू जिले की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा किया गया. ज्वलंत समस्याओं



का समाधान करने की मांग उपायुक्त से किया गया. बैठक में होली मिलन समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया. तय किया गया कि चार मार्च को पलामू क्लब के प्रशाल में समारोह आयोजित किया जायेगा.बताया गया कि 11 बजे से होली मिलन समारोह शुरू होगा.समारोह की सफलता को लेकर तैयारी शुरू करने का निर्णय लिया गया.बैठक में जय प्रकाश जनता दल के संरक्षक वरीय अधिवक्ता वैद्यनाथ चौबे,राष्ट्रीय महासचिव श्याम बिहारी राय, नरेन्द्र दूबे,राजीव द्विवेदी,संजय कुमार,जिला अध्यक्ष कमलेश मिश्रा,पंकज लोचन,सुरेश साहू सहित कई लोग मौजूद थे.